अध्यक्ष महोदय : देखिए, राष्ट्रपति जी का स्थान बहुत ऊंचा है। हम यहां राष्ट्रपति जी को डिस्कस नहीं कर सकते, न राष्ट्रपति जी के आचरण को और न किसी और चीज को। राष्ट्रपति जी का स्थान बहुत ऊंचा है। हमें उन को इस के बाहर ही रहने देना चाहिए।

श्री मनीराम बागड़ी : तो फिर वह सीधे डायरेक्ट बात करेंगे ?

अध्यक्ष महोदय : हम यहां इस के बारे में बात नही कर सकते।

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): We have given you some notices regarding the one-and-a-half months' old strike of about two-and-a-half lakhs jute workers. We do not want to have a repetition of Bombay.

MR. SPEAKER: We shall be taking up one by one Let us have this discussion first and then we will have it sometime later....... We will have it. ... It *is under my consideration*——*what you* have given me. We will take it up one by one. No problem about that.

(*Interruptions*)

SHRI NIREN GHOSH (Dum Dum): Will you kindly allow some discussion?

MR SPEAKER: We are having the discussion on President's Address. Then we will take it up.

SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur): What about my adjournment motion?

अध्यक्ष महोदय : एक दिन में दो ऐड-जर्नमेंट मोशन नहीं हो सकते हैं क्या ?

SHRI HARIKESH BAHADUR : It is about the Police Commissioners misbehaviour with the journalists.

MR. SPEAKER ; No, please. आप सब से ज्यादा ऐडजर्नमेंट मोशन देते हैं लेकिन आप उन्हें बगैर पढ़े देते है क्या ?

श्री हरिकेश बहादुर : पढ़ कर देते है ।

अध्यक्ष महोदय : पढ़ कर देते है तो आज कैसे हो सकता है ?

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : देखिए साहब, इस वक्त कुछ नही हो सकता । प्रेसीडेन्ट्स एड्रेस पर करिए या दूसरे किसी पर करिए ।

.. (व्यवधान) ...

12.08 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

Annual Report on the working of Industrial and Commercial undertakings of Central Covernment (Public Enterprises Survey) for 1982-83 (Vols I-III)

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : I beg to lay on the Table a copy of the Annual Report (Hindi and English versions) on the working of Industrial and Commercial Undertakings of the Central Government (Public Enterprises Survey) for the year 1982-83 (Vols I-III). [Placed in Library *See* No LT—7697/84]

SHRI JAGDISH TYTLER (Delhi Sadar) : This is a very important issue. Last time also I raised it—about the closure of the Birla Mills. You directed the Minister to give me the answer. Till today he has not done anything and my workers are starving. About 5000 workers are starving and the Government is not doing anything.

MR SPEAKER : I am asking you. Have you given me any motion?

SHRI JAGDISH TYTLER : Yes, Sir. .. All right, Sir.

Reviews on the working of and Annual Reports of Lubrizol India Ltd, Bombay for 1982-83 Cochin Refinereis Ltd, Ambalamugal (Kerala) for 1982-83, Engineers India Ltd, New Delhi for 1982-83, Bongaigaon Refinery and Petro hemicals Ltd. Bhaligaon Assam for 1982-83 etc-etc.

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. SHIV SHANKAR) : I beg to lay on the Table—

(1) A copy of each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956:-

(a) (i) Review by the Government on the working of the Lubrizol India Limited, Bombay, for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Lubrizol India Limited, Bombay, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.
[Placed in Library. *See* No. LT-7698/84]

(b) (i) Review by the Government on the working of the Cochin Refineries Limited Ambalamugal (Kerala), for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Cochin Refineries Limited, Ambalamugal (Kerala), for the year 1982-83 along with Audited

Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library. *See* No. LT-7699/84]

(c) (i) Review by the Government on the working of the Engineers India Limited, New Delhi, for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Engineers India Limited, New Delhi, for the year 1982-83 along with Audited. Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library. *See* No. LT—7700/84]

(d) (i) Review by the Government on the working of the Bongaigaon Refinery and Petrochemicals Limited. Bhaligaon (Assam), for the year 1981-82.

(ii) Annual Report of the Bongaigaon Refinery and Petrochemicals Limited, Bhaligaon (Assam), for the year 1981-82 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library *See* No. LT-7701]

(e) (i) Review by the Government on the working of the National Thermal Power Corporation, New Delhi, for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the National Thermal Power Corporation, New Delhi, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the comptroller and Avditor General thereon

[Placed in Library *S e* No. LT-7702/84]

(f) (i) Review by the Government on the working of the Oil India Limited, Duliajan (Assam), for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Oil India Limited, Duliajan (Assam), for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library. *See* No. LT-7703/84]

(2) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Petrofils Co-operative Limited, New Delhi, for the year 1982-83 along with Auidited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government on the working of the Petrofils Co opertive Limited, New Delhi, for the year 1982 83.

[Placed in Library. *See* No. LT-7704/84]

(3) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) together with Audited Accounts of the Oil and Natural Gas Commission for the year 1982-83 and of its subsidiary company Hydrocarbons India Limited New Delhi; for the year 1982 under sub-section (3) of section 23 read sub-section (4) of section 22 of the Oil and Natural Gas Commision Act, 1959.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government on the working of the Oil and Natural Gas Commision for the year 1982-83 and of its subsidiary Company Hydrocarbon India Limited, New Delhi, for the year 1982.

[Placed in Library, *See* No. LT-7705/54]

Reviews on the working of and Annual Reports of Indian Drugs and Pharmaceuticals Ltd. Gurgoan for 1982-83. Hindustan Antibiotics Ltd., Pimpri for 1982-83 and Smith Stanistreet Pharmaceuticals Ltd., Calcutta for 1982-83

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILISERS (SHRI VASANT SATHE) : I beg to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :

(1) (i) Review by the Government on the working of the Indian Drugs and Pharmaceuticals Limited, Gurgoan, for the year 1982-83

(ii) Annual Report of the Indian Drugs and Pharmaceuticals Limited, Gurgaon, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library. *See* No. LT-7706/84]

( ) (i) Review by the Government on the working of the Hindustan Antibiotics Limited, Pimpri, for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Hindstan Antibiotics Limited, Pimpri, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library. *See* No. LT-7707/84].

(3) (i) Review by the Government on the working of the Smith Stanistreet Pharmaceuticals Limited, Calcutta, for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Smith Stanistreet Pharmaceuticals Limited, Calcutta, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library. *See* No. LT-7708/84]

24 Notifications reserving certain article or class of articles for exclusive production in the small scale sector

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI NARAYAN DATT TIWARI) : I beg to lay on the Table a copy each of 24 Notifications (Hindi and English versions) issued by the Government of India on or after the 19th February 1970, reserving certain article or class of articles for exclusive production in the small scale sector [Placed in Library. *See* No LT-7709/84].

Cine-workers Welfare Cess Rules, 1984

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI H.K.L BHAGAT) : I beg to lay on the Table a copy of the cine-workers Welfare Cess Rules, 1984 (Hindi and English versions) published in Notification No. G S.R 887(E) in Gazette of India dated the 14th December, 1984 under sub-section (3) of section 10 of the Cine-workers Welfare Cess Act, 1981. [Placed in Library. *See* No. LT-7710/84].

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : मेरी बात सुनिए। मुझे एक बात का तो पता है, उन्होंने किया या नहीं किया वह तो मैं उन को लिखूंगा तो पता करूंगा but he is violating the rules.

12.09

(At this stage Shri Kalpanath Sonkar came and sat on the floor near the Table)

MR. SPEAKER : आप के ऐसे बैठने से काम नही चलेगा।

I will have to name this Member.

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे लिख कर दीजिए।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे लिख कर देंगे या ऐसे ही यहां बात करते रहेंगे ?

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : पहली बार ही ऐसी बात नही हुई है। (व्यवधान)

شری رشید مسعود (سہارنپور) : پہلی بار ہی ایسی بات نہیں ہوئی ہے۔

MR. SPEAKER : I take note of that.

*(Interruptions)***

MR. SPEAKER: Nothing goes on record.

12.11 hrs.

(At this stage, Shri Kalpanath Sonkar went back to his seat).

श्री सतीश अग्रवाल (जयपुर) : आप अध्यक्ष महोदय, एक मिनट इनकी बात सुन लीजिए। फिर ये शांत हो जायेंगे।

श्री कल्पनाथ सोनकर (बस्ती) : जब से मैंने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है और संजय मंच मे गया हूं, मेरे ऊपर पांच बार हमले हो चुके है।

अध्यक्ष महोदय : आप लिख कर दे दीजिए।

श्री कल्पनाथ सोनकर : पहले तीन बार लिखकर दे चुका हूं। (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यहां पर शोर करने से तो कोई फायदा नहीं हो सकेगा।

(व्यवधान)

12 12 hrs.

(At this stage, Shri Kalpanath Sonkar came and lay and then sat on the floor near the Table)

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे लिखकर दे दें, मेरे चैम्बर में आ जायें। आप तो यहां पर तमाशा बना रहे है।

(व्यवधान)

MR. SPEAKER : This is not a proper thing. I will name him. This is not the way to do it.

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे लिखकर दे सकते है। 377 के अन्तर्गत भी मैं एलाऊ कर सकता हूं। दोनों बातें हो सकती हैं।

(Interruption **

MR. SPEAKER : Nothing goes no record.

...(व्यवधान)...

MR. SPEAKER : Nothing goes on record.

(**) Not recorded.

12.14 hrs.

(At this stage, Shri Kalpanath Sonkar went back to his seat)

...(व्यवधान)**...

अध्यक्ष महोदय : कांग्रेस को छोड़िए। रोज कत्ल होते हैं, बहुतेरे होते हैं। रोज होते हैं।

...(व्यवधान)**...

अध्यक्ष महोदय : मुझे मरवाने की कोशिश हो रही है।

...(व्यवधान)**...

अध्यक्ष महोदय : ऐसा करने से कोई अर्थ नहीं निकलता है।

श्री जगपाल सिंह : वैसे भी करने से कोई अर्थ नहीं निकलता है।

अध्यक्ष महोदय : अर्थ जैसे निकलता है, वैसे बताइए।

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : कोई अर्थ निकलने वाला नहीं है। हरिजन सांसद पिटेंगे और आप कोई प्रोटैक्शन नहीं देंगे। आप एक मामला भी बताइए, हरिजन सांसद चाहे इधर का हो या उधर का हो, आज तक आपने कोई प्रोटैक्शन नहीं दी है।

...(व्यवधान)...**

अध्यक्ष महोदय : जो विधान है और मेरे पास जो कुछ रूल्स हैं, उनके अनुसार उसी वक्त कार्यवाही कर सकता हूं।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : ऐसे विधान की जरूरत क्या है। ऐसे विधान को खत्म होना चाहिए। ...(व्यवधान)**...

अध्यक्ष महोदय : आप जो करना चाहते हैं, करिए, मैं क्या कर सकता हूं।

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : आप आ कर बताइए, क्या कार्यवाही करनी चाहिए।

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : आप हाउस का टाइम बिगाड़ रहे हैं।

...(व्यवधान)...

SHRI RATANSINH KAJDA : Mr. Speaker, Sir will you kindly ask the Home Minister to protect the life of Members of Parliament. तीन दफा हमला हुआ है। मर्डर की धमकी है। आप होम मिनिस्टर को डायरेक्ट कर सकते हैं।

You can call unon the Home Minister to protect...

...(व्यवधान)...

श्री रशीद मसूद : एक सोल्यूशन हो सकता है। आप प्रिवलेज मोशन एडमिट करिए और दूसरे होम मिनिस्टर को बुलाकर इनको प्रोटेक्शन प्रोवाइड करें।

...(व्यवधान)...

شری رشید مسعود: ایک سالیوشن ہوسکتا ہے آپ پریویلج موشن ایڈمٹ کریئے اور دوسرے ہوم منسٹر کو بتا کر ان کو پروٹیکشن پروائڈ کریں۔ (انٹرپشن)

**Not recorded.

अध्यक्ष महोदय : आप लिख कर दीजिए, आपके सामने बुला दूंगा।

...(व्यवधान)...

12.20 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE—*Contd.*

India Telegraph (Tenth Amendment) Rules, 1983

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI V.N GADGIL) : I beg to lay on the Table a copy of the Indian Telegraph (Tenth Amendment) Rules, 1983 (Hindi and English versions) published in Notification No. G S.R. 916 (E) in Gazette of India dated the 24th December, 1983 under sub-section (5) of section 7 of the Indian Telegraph Act, 1885. [Placed in Library. *See* No. LT-7711/84].

(Interruptions)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, SPORTS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BUTA SINGH) : Sir, for the last 15 minutes whatever has been said, has been said without your permission. Nothing should go on record, Sir.

(Interruptions)

Review on the working of and Annual Report of North Eastern Electric Power Corporation Ltd., Shillong for 1982-83 and Statement for delay in laying these papers.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN) : I beg to lay on the Table :

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :-

(i) Review by the Government on the working of the North Eastern Electric Power Corporation Limited, Shillong for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the North Eastern Electric Power Corporation Limited, Shillong, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the comptroller and Auditor General thereon.

(2) A statement Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above. [Placed in Library. *See* No LT-7712/84].

Reviews on the working of and Annual Reports of Rehabilitation Industries Corporation Ltd., Calcutta for 1982-83. Employees' Provident-Fund Organisation for 1982-83 and Statements for delay in laying these papers.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI DHARMAVIR) : I beg to lay on the Table :

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :

(i) Review by the Government on the working of the Rehabilitation Industries Corporation Limited, Calcutta, for the year 1982-83.

(ii) Annual Report of the Rehabilitation Industries Corporation Limited, Calcutta, for the year 1982-83 along with Audited Accounts and the comments of the

Comptroller and Auditor General thereon.

(2) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above. [Placed in Library. *See* No. LT-7713/84].

(3) A copy of the Consolidated Annual Accounts (Hindi and English versions) of the Employees' Provident Fund Organisation for the year 19 2-83 together with Audit Report thereon.

(4) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (3) above. [Placed in Library. *See* No. LT-7714/84].

Notifications under Coal Mines Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1948

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF COAL IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI DALBIR SINGH) : I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under section 7A of the Coal Mines Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1948 :-

(1) The Coal Mines Provident Fund (Second Amendment Scheme. 1983 published in Notification No. G.S.R. 993 in Gazette of India dated the 25th December, 1983.

(2) The Andhra Pradesh Coal Mines Provident Fund (Second Amendment) Scheme, 1983 publiished in Notification No. G. S. R. 994 in Gazette of India dated the 24th December, 1983.

(3) The Rajasthan Coal Mines Provident Fund (Second Amendment) Scheme, 1983 published in Notification No. G.S.R. 995 in Gazette of India dated the 24th December, 1983. [Placed in Library. *See* No. LT-7715/84].

Post Office Recurring Deposit (Amendment) Rules, 1984 aud Notification under Estate Duty Act, 1953.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHANA POOJARY) : I beg to lay on the Table

(1) A copy of the Post Office Recurring Deposit (Amendment) Rules, 1984 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 62(E) in Gazette of India dated the 14th February 1984 under Section 15 of the Government Savings Banks Act, 1873. [Placed in Library. *See* No. LT-7716/84].

(2) A copy of Notification No. G.S.R. 165 (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 18th February, 1984 regarding exemption of the property bequested by the deceased to 'Jawahar Lal Nehru Memorial Fund' being a fund notified under sub-clause (iv) of clause (2BC) of section 10 of the Income tax Act, 1961 from levy of estate duty under sub-section (2) of section 33 of the Estate Dute Act, 1953. [Placed in Library. *See* No. LT-7717/84]

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (सैदपुर) : अध्यक्ष महोदय, प्रिवलेज कमेटी में इस मामले को भेजने का क्या मूल्य है ।

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे लिख कर भेज दीजिए, मै आप को बुला लूंगा, सारी बात कर लेंगे ।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) :

आप यह गारन्टी दीजिए कि मेम्बर की लाइफ सेफ रहेगी ।

अध्यक्ष महोदय : आप ने जो अख्तियारात मुझे दिए है, उस में जो हो सकता है, वह करेंगे ।

(Interruptions)

---

12 22 hrs.

ARREST AND REMAND OF MEMBER

MR. SPEAKER : I have to inform the House that I have received the following communication dated 27 February, 1984, from the Deputy Commissioner of Police, New Delhi District, New Delhi, today :-

> "Kindly refer to this office letter dated 27.2.1984, informing you that Shri L.S. Tur, Member of Parliament, was arrested in case FIR No 108 dated 27.2.1984 under section 2 of Prevention of Insults to National Honour Act, 1971 and Section 188 IPC, Police Station, Parliament Street, New Delhi.
>
> He, along with others was produced in the Court of the Metropolitan Magistrate, Patiala House, New Delhi, who remanded them to judicial custody till 10.3 1984 and sent them to Central Jail, Tihar."

---

12 23 hrs.

PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

Hundred and Seventy-fifth Report

SHRI SUNIL MAITRA (Calcutta North East) : Sir, I beg to present the Hundred and Seventy-fifth Report (Hindi and English versions) of the Public Accounts Committee on para 11 of the Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year 1980-81, Union Government (Civil) relating to Drought Prone Area Programme.

(Interruptions)

श्री मनीराम बागड़ी (हिसार) : अध्यक्ष महोदय, गिरफ्तारी कल हुई थी, इत्तिला आप आज दे रहे है ।

अध्यक्ष महोदय : कल के बुलेटिन में आ गया था

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

Fifty-fifth Report

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, SPORTS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BUTA SINGH) :I beg to move :

> "That this House do agree with the Fifty-fifth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 27th February, 1984."

MR. SPEAKER : Motion moved

> "That this House do agree with the Fifty-fifth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 27th February, 1984."

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हू कि इस प्रस्ताव के अंत मे निम्नलिखित जोड़ा जाय -

> "इस संशोधन के अध्यधीन कि प्रतिवेदन के पैरा 3 के उप पैरा (एक) का लोप किया जाय ।" (1)

[श्री रामविलास पासवान]
मैं इसे लोप क्यों करना चाहता हूं—इस लिये कि इस में जो अन्तिम पैरा है उस में लिखा है कि

"आधे घंटे की चर्चा, नियम 193 के अधीन मामलों अथवा अनियत दिन वाले प्रस्तावों पर चर्चा को अपराह्न 6 बजे लिया जाय।"

ऐसा उस वक्त तक चलेगा जब तक कि वित्तीय कार्यों का निपटारा नहीं हो जाता मैंने इस सम्बन्ध में उन माननीय सदस्यों से बात की है जो बिजनेस एडवाइजरी समिति की मीटिंग में गये थे। उन का कहना है कि इस तरह का कोई निर्णय वहां नहीं हुआ था। जहां तक यह कहा गया है कि आधे घंटे की चर्चा, नियम 193 के अन्तर्गत चर्चा या अनियत दिन वाले प्रस्ताव पर चर्चा सप्ताह में एक से अधिक बार न की जाय—यह समझ मे आता है, लेकिन लोक महत्व के विषय को 6 बजे के बाद लिया जाय, यह बात समझ मे नहीं आती है क्योंकि उस का कोई उपयोग नहीं रह जायगा। प्रायः ऐसा होता है कि 6 बजे के बाद जिन सदस्यों को उस विषय पर बोलना होता है, वे ही सदन में रह जाते है। दूसरे सदस्य चले जाते है। इस लिए मैं आग्रह करना चाहूंगा कि कोई भी चर्चा हो उस के लिए समय का निर्धारण नही होना चाहिए। सदन स्वयं इस चीज को देखेगा कि उस लोक महत्व के विषय को 4 बजे लिया जाय या 6 बजे लिया जाय। इस को यहां पर लिखने की कोई आवश्यकता नहीं है। वित्तीय कार्य अप्रैल के अन्त तक चलेंगे, इस का मतलब है कि कोई भी लोक महत्व का विषय 6 बजे से पहले नहीं लिया जा सकेगा। इस लिए ऐसा निर्णय हाउस की जो भावना है उस के विपरीत है। मैं आग्रह करता हूं कि मंत्री महोदय इस को वापस लें। और जैसा हो रहा है वैसे चलने दिया जाए जब मोशन का समय आएगा या प्रस्ताव का समय आएगा, तो उस के महत्व को देखते हुए सदन विचार कर लिया करे कि कितना समय उस को दिया जाए।

श्री बूटा सिंह : माननीय सदस्य ने जो यह कहा है कि जैसा चलता है, वैसा ही चलने दिया जाए, तो मेरा कहना यह है कि जैसा चलता आया है, वैसा ही चलेगा।

श्री राम विलास पासवान : आप ने लिखा है कि हाफ-एन-आवर 6 बजे के बाद लिया जाए।

श्री बूटा सिंह : कब से ऐसा चला है, वह मैं बताता हूं। 1977 में चला, 1978 में चला, 1979 में चला और सन् 1980 में चला।

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : आप ने उस समय विरोध नहीं किया, तो हम क्या करें। हम अब इस का विरोध कर रहे है।

श्री बूटा सिंह : आप ने जो किया था, वही हम कर रहे हैं।

श्री जगपाल सिंह : आप उस समय चुप बैठे रहे, तो क्या हम भी चुप बैठे रहे।

श्री मनीराम बागड़ी (हिसार) : 1981 में क्या हुआ और 1982, 1983 में क्या हुआ?

श्री बूटा सिंह : सन् 1980 में ऐसा चला, 1981 में चला, 1982 में चला, सन् 1983 में चला और 1984 में चलाने की चेष्टा हो रही है।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South) : Sir, this has been going on Now, actually we did not agree to it that this will be taken up at 6.00 P.M I think as and when the occasion arises, the B.A.C. will take the decision.

MR. SPEAKER : I shall now put the amendment moved by Shri Ram Vilas Paswan to the vote of the House.

Amendment No. 1 was put and negatived.

MR. SPEAKER : Let the *status quo* remain. जैसा चल रहा है वैसा कर लेंगे।

श्री बूटा सिंह : सन् 1977 से चल रहा है। **(व्यवधान)** ..

अध्यक्ष महोदय : जब इच्छा होगी, तो सलाह कर के कर लेगे।

श्री बूटा सिंह : अध्यक्ष महोदय, आज क्योंकि बहुत सा समय ऐसे ही निकल गया है और आज की कार्यवाही में इस के लिए कोई समय नही था, इसलिए मेरा आप से निवेदन है कि लंच आवर में भी बैठकर हम कार्यवाही जारी रखें।

MR. SPEAKER : All right. I hope the House agrees.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes.

MR. SPEAKER : The question is :

> "That this House do agree with the Fifty-fifth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 27th February, 1984."

The Motion was adopted.

12.28 hrs

GANESH FLOUR MILLS COMPANY LIMITED (ACQUISITION AND TRANSFER OF UNDERTAKINGS) BILL*

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the application and transfer of the right, title and interest of certain undertakings of the Ganesh Flour Mills Company Limited with a view to sustaining and strengthening the nucleus of public owned or controlled units required for ensuring supply of wholesome vanaspati and refind edible oils, nutritious food and other consumer commodities to the public at reasonable prices and thereby to give effect to the policy of the State towards securing the principles specified in clauses (b) and (c) of article 39 of the constitution.

MR. SPEAKER : The question is :

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the acquisition and transfer of the right, title and interest of certain undertakings of the Ganesh Flour Mills Company Limited with a view to sustaining and strengthening the nucleus of

*Published in Gazatte of India Extra-ordinary Part II, Section 2 dated 28.1.1984.

[Mr. Speaker]

public owned or controlled units required for ensuring supply of wholesome vanaspati and refined edible oils, nutritions foods and other consumer commodities to the public at reasonable prices and thereby to give effect to the policy of the State towards security the principles specified in clauses (b) and (c) of article 30 of the Constitutions."

The motion was adopted.

SHRI BHAGWAT JHA AZAD : I introduce** the Bill.

12.29 hrs.

STATEMENT FOR IMMEDIATE LEGILATIONS BY THE GANESH FLOUR MILLS COMPANY LTD. (ACQUISITION AND TRASFER OF UNDERTAKINGS) ORDINANCE, 1984.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : I beg to lay on the Table an explanatory statement (Hindi and English versions) giving reasons for immediate legislation by the Ganesh Flour Mills Company Limited (Acquisition and Transfer of Undertakings) Ordinance, 1984.

12.30 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

(i) Need to fix Support Price of wheat at Rs. 204/- per quintal.

श्री मनीराम बागड़ी (हिसार) : अध्यक्ष महोदय सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, शीत लहर के कारण फसलों की खराबी तो है ही परन्तु बिजली व पानी का अभाव, फर्टीलाइजर और कीटनाशक दवाइयों का महंगा तथा मिलावटी होना, अकाल का कारण बन गया है। ओलावृष्टि, शीत लहर और दूसरे कारणों से जो नरमें और दूसरी फसलें खराब हुई हैं उन का मुआवजा हरियाणा को अभी तक नहीं मिला है और माल व आबियाना भी वसूल हुआ है। यह बहुत ज्यादती है। नरमें में मुआवजा दिया जाए।

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

किसानों को कम दर पर बिजली दी जाए। बाढ़ से जो नुकसान हुआ है उन फसलों का मुआवजा तुरन्त दिया जाए। गेहूं की फसल की सपोर्ट प्राईस सरकार ने रखी है वह किसानों के साथ घोर अन्याय है। कम से कम 204 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं की कीमत होनी चाहिए। जो कि सरकार विदेश से गेहूं मंगवाने पर देती है तो फिर भारत के किसानों को इतनी कीमत क्यों नहीं दी जाए। सरकार तुरन्त गेहूं की आधार कीमत 204 रुपये मुकर्रर करे। 17 करोड़ 7 लाख रु जो हरियाणा सरकार को बाढ़ नियंत्रण के लिए दिये है उसका अभी तक हरियाणा सरकार ने उपयोग शुरू नहीं किया है। परंतु आदेश दिये जाएं कि बाढ़ मेंध को स्थायी तौर पर रोकने के लिए बांध व खुदाई और ट्यूबवेल का काम चालू करें।

(ii) Demand to Increase Shipment Capacity of Paradip Port.

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK (Cuttack) : A serious situation has arisen in the Chaibasa region in Bihar following the closure of as many as 75 iron ore mines owned and managed by private companies. There are 91 iron ore mines in that area, 16 of which are

**Introduced with the recommendation of the President.

captive units of the five steel companies. They produce 80 lakh tonnes a year. Most of their ore was exported to Japan. With world-wide recession in the steel industry, Japan has cut down its import of iron ore from India. Besides, other interested countries insist on a higher shipping capacity from Paradip port, the only outlet for the Chaibasa iron ore. Paradip is capable of handling only sixty thousand D.W.T. for shipping whereas the importing countries would like to have about one lakh D.W.T. capacity. Unless Paradip capacity is improved, the importers are not interested to lift iron from Paradeep.

With their captive mines fully mechanised, steel plants in the country are no more interested in ore from private mines. As a result, about 10,000 workers of private mines are thrown out of employment. I request the Government to take immediate steps to improve the shipment capacity of Paradip port from the present sixty thousand D W.T. to a minimum of one lakh D.W.T Necessary arrangements should also be made to export iron ore from Paradip port procured from Chaibas region. Suitable employment should be provided to the 10 000 workers who are out of job at present. The steel plants should be advised to increase lifting of iron ore from those mines.

(iii) Need to provide relief measures to farmers whose crops were affected by recent hailstorms.

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न भागो में ओले पड़ने से फसलों को भारी क्षति हुई है जिससे किसानों के समक्ष घोर संकट उत्पन्न हो गया है। ओले पड़ने से करोड़ों रुपये की फसल बरबाद हुई है। ऐसी परिस्थिति में किसानों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार को शीघ्र आवश्यक कदम उठाने चाहिए। किसानो की लगान माफ कर दी जानी चाहिए और बरबाद हुई फसलों का मुआवजा देने हेतु कार्यवाही की जानी चाहिए। किसानों के समक्ष जो आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, उसके निवारण हेतु सरकार को सक्रियतापूर्वक राहत कार्यों को आरम्भ करना चाहिए।

(iv) Doordarshan facilities for Chitorgarh district of Rajasthan.

प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत (चित्तोड़गढ) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) जिले में दूरदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं। अभी हाल ही में सरकार की यह घोषणा भी थी कि 1984-85 में देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या को दूरदर्शन की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी, मैं सरकार से मांग करूंगी कि चित्तौड़गढ़ एक ऐतिहासिक नगर है। जहां के कण-कण में शक्ति तथा भक्ति का इतिहास छिपा पडा है। जहां हजारों पर्यटक देश तथा विदेश से आते है। यह क्षेत्र शिक्षा तथा विकास की दृष्टि से भी पिछड़ा हुआ है। यहां के नागरिक चारों तरफ दूरदर्शन सुविधा उपलब्ध होने वाली है, जब यह सुनते है और यह सुनते है कि कोटा, भीलवाडा उदयपुर, अजमेर में सुविधा होगी किंतु चित्तौडगढ़ वंचित रह जाएगा तो बड़ी निराशा होती है। अत: मेरा पुरजोर शब्दों में निवेदन है कि चित्तोड़गढ़ को भी इस वर्ष 1983-84 में दूरदर्शन से जोड़ा जाए।

(v) Protection of Wokers from exploitation in Surat Textile Industry (Gujarat)

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneswar) : It is a matter of great concern that the majority of 15,000 migrant workers from Orissa, employed in Surat textile industry, Gujarat are working under

[Shri Chintamani Panigrahi]

sub-human conditions Forming over 10% of the total strength of 1,60,000 labourers of that textile industry, they are listed as casuals, and are given 12-hours shift, against 8-hour shift under rules. Preference is given to child workers, whose average daily wage is Rs. 5/- to Rs. 7/-. The adult workers get only Rs. 12/- to Rs. 16/- per day.

The workers have no Pave facilities, except a "forced" unpaid weekly holiday, which at times is doubled, depending upon power supply. It is a tragedy that each unit in the city preferred to recruit migrant labour in such a manner that no single ethnic group could have a majority in the establishment.

Unless Central Government intervenes, the poor migrant labourers will continue to suffer. As such, I request the Minister of Labour to intervene in the matter, and protect the poor workers from exploitation, as early as possible.

(vi) Demand for a Separate Postal Division for Yavatmal District, Maharashtra.

SHRI UTTAMRAO PATIL (Yavatmal) : There was a very strong demand from the people of Yavatmal district of Maharashtra for opening a separate postal division. Taking into consideration the absolute necessity and feasibility, I think the DGP&T had approved the proposal some time back. Now the proposal is pending with PMG Bombay. As a matter of fact, the proposal should have materialised, and a separate postal division opened well before the 29th February 1984. But so far, this has not happened.

Therefore, I request hon. Minister for Communications to intervene in the matter, and direct the concerned authorities to open the aforesaid Postal division for Yavatmal district of Maharashtra immediately.

(vii) Financial Assistance to Andhra Pardesh for relief measures in flood affected areas of Nellore and Chittoor Districts.

SHRI PASALA PENCHALAIAH (Tirupathi) : Due to unseasonal heavy rainfall on 13th, 14th, 15th and 16th of February 1984 in Nellore and Chittoor districts of Andhra Pradesh, paddy crop, houses and cattle were affected very badly. Seventyfive per cent of the affected area in Chittoor and Nellore districts is in my Tirupati parliamentary constituency. I toured for five days, and met several farmers, local leaders and officials, and assessed the loss as under :

Nearly 50,000 hectares of paddy ready for harvesting, was severely damaged, and 10,000 hectares of groundnut, chilly and several other commercial crops were damged. The total loss is estimated to be nearly Rs. 50 crores; in addition to loss of cattle, sheep and human lives. Nearly 6,000 thatched houses were also damaged. Further, 300 irrigation tanks were breached, and standing crops were washed away. Nearly 400 village roads were washed away, due to which Rs. 4.56 crores of loss has occurred. Some of the farmers who were affected by the recent unprecedented heavy rains committed suicide, bring unable to bear the heavy loss. The State Government did not take adequate precustionary and timely relief measures.

I, therefor, request the Government to take appropriate action and release financial assistance to Andhra Pradesh, with guidelines for effective implementation of relief measures in flood-effected areas in Nellore and Chittoor districts of Andhra Pradesh.

(viii) Dissatisfaction among employees of Defence Accounts Office at Patna.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : पटना स्थित रक्षा लेखा कार्यालय पूर्वी कमान के मुख्यालय के रूप में स्वतंत्रता

प्राप्ति के पहले से काम करता आ रहा है। इसकी 160 शाखाएं है पहले यह विभाग वित्त मंत्रालय के अन्तर्गत था। अब अगस्त 1983 से यह रक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत है।

सन् 1971 में इस कार्यालय को विभाजित कर शिलांग ले जाने का प्रयत्न किया गया। 19 5 से पटना कार्यालय में हो रहे कार्यों को धीरे धीरे कलकत्ता सिलीगुडी और शिलांग में ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। कर्मचारियों द्वारा इन कदमो का विरोध करने पर उन्हे आश्वासन दिया गया कि पटना कार्यालय में हो रहे कार्य एव कर्मचारी यथावत रहेगे।

आश्वासनों के बावजूद मई 1982 मे अचानक पटना कमान के ही अंदर एक दूसरा कार्यालय गोहाटी में खोल दिया गया। कर्मचारियों ने पटना कार्यालय के कामो एवं कर्मचारियों की संख्या में कटौती के ममले को लेकर 50 दिनो तक विरोध आंदोलन चलाया। बिहार विधान मडलों के कुछ सदस्यों, सासदों एवं बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने वित्त मत्री को ज्ञापन देकर पटना कार्यालय को कमजोर करने का विरोध किया। वित्त मंत्री ने 27 जुलाई 1982 को आश्वासन भी दिया कि पटना रक्षा लेखा कार्यालय को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी। परतु इस आश्वासन के बावजूद सितबर 1983 से पटना कार्यालय के काम और कर्मचारी बाहर भेजे जा रहे है। सरकार से कर्मचारियों की मांग है कि वह जहां चाहे रक्षा लेखा कार्यालय खोले पर पटना मुख्यालय को यथावत रहने दिया जाए।

मेरा रक्षा मत्री से अनुरोध है कि वह वित्त मंत्री के आश्वासन के अनुसार काम कर रहे कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष को दूर करें अन्यथा स्थिति विस्फोटक हो जा सकती है।

(ix) Steps to improove the working of Madhva Pradesh Electric Instrument Ltd.

श्री बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : मध्य प्रदेश विद्युत यंत्र लिमिटेड नामक उद्योग जबलपुर के गोसलपुर नामक स्थान पर 20 अप्रैल, 1974 को स्थापित हुआ तथा 20 अप्रैल, 1976 को उत्पादन प्रारंभ हुआ। इस उद्योग में मध्य प्रदेश तथा कर्नाटक राज्य की पूंजी लगी है तथा इस उद्योग का संचालन कर्नाटक राज्य द्वारा भेजे गए शासकीय अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इस कारखाने में बिजली उत्पादन हेतु आवश्यक ट्रांसफारमरों का निर्माण किया जाता है।

यह उद्योग लगातार घाटे में चल रहा है। उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चा माल तथा अतिरिक्त पूंजी जुटा पाने में संचालक असफल रहे है। उत्पादन की गति अत्यंत दयनीय है। इस कारण बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। आज इस उद्योग की स्थिति यह है कि इसमें शेयर 80 लाख के है परंतु घाटा अनुमानत: 2 करोड़ तक पहुंच गया है।

गोसलपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र में एकमात्र उद्योग है जिसके कारण बड़ी मात्रा में श्रमिक रोजी रोटी पा रहे हैं। यदि यह उद्योग बंद हो गया तो विषम परिस्थिति का निर्माण हो सकता है। वित्तीय संस्थाएं नया कर्ज देने को तैयार नहीं हैं तथा उत्पादन हेतु

[श्री बाबू राव परांजपे]

कच्चे माल का ग्राभाव होने के कारण ग्राज उत्पादन की गति अत्यंत दयनीय है ।

अत: केन्द्रीय मंत्री जी से अनुरोध है कि कर्नाटक शासन के प्रभुत्व से उद्योग मुक्त कराकर स्वयं केन्द्र शासन इसको ठीक ढंग से संचालित करे ताकि यह उद्योग बन्द होने से बच जाए ।

(x) Financial Assistance to Tamilnadu to rehabilitate flood-affected people.

SHRI S.T.K. JAKKAYAN (Periyakulam) : The unseasonal torrential rain throughout Tamil Nadu from February 5th to 15th has left a trail of destruction. 110 people have lost their lives; 16,300 heads of cattle are dead. 43 lakhs of people in 5893 villages are affected. The crops on 2.2 lakh acres have been uprooted. 3 27 lakh huts have been destroyed. 3183 irrigation works, 611 bridges, 1,110 school and hospital buildings have been damaged. 7000 kms. of roads are under repair. 319 kms. of roads have been completely destroyed. The districts of Tiruchirpalli, South Arcot, Pudukottai, Ramanathapuram, Tirunelveli North Arcot and Chengleput are reeling under the flood havoc. This has been preceded by heavy rains for three days in December and the vast areas of the State are submerged in water. The Central Government has so far given Rs. 15 crores as flood relief assistance. But the State Government has spent Rs. 37 54 crores. After sending detailed reports about the floods, the State Government has asked for a sum of Rs. 128 crores. It is requested that the Centre may sanction immediately flood relief assistance to the tune of Rs. 128 crores and rehabilitate the flood-affected people of Tamilnadu.

———

12.43 hrs.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS – Contd.

MR. DEPUTY SPEAKER : The House shall now take up further consideration of the following motion moved by Shri B.R. Bhagat and seconded by Shri Xavier Arakal on the 27th February, 1984, namely :—

"That an Address be presented to the President in the following terms :—

'That the Members of Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which be has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the 23rd February, 1984."

Shri Kamal Nath Jha to continue. He has already taken 15 minutes. Today, there is no lunch hour.

श्री कमल नाथ झा (महरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कल यह निवेदन कर रहा था कि हमारी सरकार या हमारे राष्ट्र का मूल्यांकन सिर्फ उसकी शक्ति या सम्पत्ति से करना बड़ी भारी भूल होगी हमारे देश भारतवर्ष की एक बड़ी ही प्राचीन संस्कृति है । वह संस्कृति अभी भी जीवित है और मानव जाति को आज भी उसकी आवश्यकता है ।

आज विश्व की जो परिस्थिति है, हिन्दुस्तान की जो स्थिति है और हिन्दुस्तान के इर्द-गिर्द जो स्थिति है, उसे हमारे राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में इंगित किया है कि क्या खतरनाक स्थिति संसार की और खासकर भारत की है । हमारे पड़ोस में पाकिस्तान, श्री लंका, ईरान, ईराक लेबनान

की परिस्थिति से हम सब अवगत हैं। आज भारतवर्ष में जो प्रवृत्तियां उभर कर आ रही हैं, उनके मूल में जो हिंसा की भावनाएं हैं, वह सम्पूर्ण विश्व को लील और निगल जाना चाहती है। इसी अहिंसा की भावना ने भारत की संस्कृति से लड़ने के लिए मानव जाति को असंतोष प्रदान किया है।

भगवान बुद्ध, महावीर, तीर्थंकर, हमारे सैकड़ों सन्तो, सम्राट अशोक, सम्राट अकबर, मोहन दास कर्मचन्द गांधी, इंडियन नेशनल कांग्रेस और हमारे संविधान ने उसी संस्कृति को सम्पोषित किया है, समवर्द्धित और संशोधित किया है।

अहिंसा परमोधर्मः यतो धर्मस्ततो जय।

इस चीज को आज हम गौरव के साथ कहते हैं। आज मानव जाति अपनी रक्षा हिंसा से नहीं कर सकती है, अहिंसा से कर सकती है। हिन्दुस्तान में जिस अहिंसा का दामन पकड़कर महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमने आजादी हासिल की और संविधान द्वारा गणतंत्र की स्थापना की, वह गणतंत्र सशक्त है। जनता ने इसे समझा है। जनता ने कांग्रेस पार्टी को दिल्ली के सिंहासन से उठ कर सडक पर फेंक दिया और जब दूसरी पार्टी की सरकार जनता के मानस पर सही नहीं उतरी तो उसको भी सिंहासन से उठाकर दिल्ली की सड़कों पर फेंक दिया ऐसे देश में जहां परिवर्तन के लिए संविधान का मार्ग प्रशस्त है, वहां किसी भी अल्पमत, बहुमत, किसी भी पोलिटिकल पार्टी या दल को या गिरोह को हिंसा की बात करना सरासर अनुचित, संविधान-विरोधी और जन-विरोधी है। आज मुझे दुःख के साथ इस सदन में कहना पड़ता है कि इस देश में कुछ लोग अपनी धार्मिक या तथाकथित राजनीतिक मांग के लिए आज से ही नहीं, बल्कि दो-चार साल से हिंसक कार्यवाहियों और खूनखराबे का एक वातावरण तैयार कर रहे हैं और देश के एक हिस्से में अराजकता की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उनकी इस स्थिति को दूसरे लोग, जो अपने को समझते है कि हम भी डैमोक्रेसी अहिंसा और कांस्टीटुशनलिज्म के अलम्बरदार है, वह इसे चुपचाप देखते है। वह कहते हैं मैं उसका साथ नहीं देता हूं लेकिन गुनाहवश चुपचाप—

बुझा रहे ज्वाला सहमो से
कर से आच लगाकर

आज अगर हिन्दुस्तान की तमाम राजनीतिक पार्टियां, दल, जो कुछ पंजाब में हो रहा है और दूसरे इलाकों में हुआ है, उनको अन-क्वालीफाईड वर्डो मे, ताकत और मजबूती के साथ कडम करे तो मै समझता हूं कि तुरन्त ये बातें काबू मे आ सकती है। यह कांग्रेस पार्टी का सवाल नही है। यह श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार का सवाल नही है। सवाल भारतवर्ष की जनता का है हिन्दुस्तान की सार्वभौमिकता का है। राष्ट्रपति जी ने सही कहा है कि हमारे राजनैतिक मतभेद जो भी हों, हम लोगों को एक साथ मिल कर, कदम से कदम मिलाकर इन खतरों से जूझना चाहिए। कल मेरे साथी कह रहे थे कि हमारी यह परम्परा रही है कि देश पर जब भी कोई खतरा आया है, तो हमने एक-साथ मिल कर उसका मुकाबला किया है।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : सिर्फ खतरे के समय ही नहीं, हमेशा एक-साथ मिलकर रहना चाहिए।

श्री कमल नाथ झा : राष्ट्र के निर्माण के संबंध में आपस में मतभेद हो सकते हैं।

दूसरा खतरा है साम्प्रदायिकता का। हिन्दुस्तान में हमने सेकुलरिज्म को स्वीकार किया है। सारी दुनिया में हमारा ही देश है, जहां रंग, जाति या जन्म का कोई भेद नहीं है। हमने इस सिद्धांत को संविधान में स्वीकार किया है। यह ठीक है कि हमारे यहां हजारों बरसों से जाति-प्रथा है और इसके कुपरिणाम हमारा समाज भोग रहा है। जो दबे, कुचले, नीचे के लोग है, आज भी उनके साथ अन्याय होता है। इस सप्ताह मे दोनों पक्ष के वे लोग, जिन्हें ऐसे लोगों के प्रति हमदर्दी तथा सहानुभूति है, इस बारे में कुछ करने के लिए कटिबद्ध है। लेकिन सोशल चेंज, सामाजिक परिवर्तन में समय लगता है। पिछले 35 सालों में हिन्दुस्तान ने इस दिशा मे काफी प्रगति की है, मगर आगे भी बहुत कुछ करना बाकी है।

आज हिन्दुस्तान में सब से अहम सवाल है गरीबी मिटाने का सवाल। बगैर गरीबी मिटाए हुए, बगैर नीचे के तबके के लोगों को ऊचा उठाए हुए, हम सामाजिक बराबरी पैदा नही कर सकते। ये प्रश्न इंटर-वोवन है, एक दूसरे से गुथे हुए हे। इस लिए हमारा काम कठिन है। मैं अपने कम्युनिस्ट दोस्तों को बताना चाहता हूं कि हमारा डेमाक्रेटिक और पार्लियामेंटरी प्रासेस है, उसमें हमरी स्पीड, गति धीमी होगी। हमारे यहां एक डिक्टेटोरियल फार्म आफ गवर्नमेंट नही है। हम बैंकों का नेशनलाइ-जेशन करते है, देशी रजवाड़ो के प्रिवी पर्स खत्म करते है या जमींदारी एबालिशन करते हैं, तो उसे सुप्रीम कोर्ट मे चेलेंज किया जाता है। यानी गरीबी को मिटाने के लिए हम जो भी पहल करते हैं, उसमें हमारे सामने कानूनी व्यवधान होता है। इस लिए हमारी गति स्लो होगी। लेकिन हमने देखना है कि क्या स्लोली एंड स्टेडिली हम हम एक इगैलिटरियन समाज की तरफ बढ़ है या नहीं, हम देश को आगे ले जा रहे हैं या नहीं।

जो लोग इस प्रगति से घबराते है, जो इसमें बाधा डालना चाहते है, वे आज देश में अशांति पैदा करना चाहते है साम्प्रदा-यिकता पैदा करना चाहते है, देश को कम-जोर करना चाहते है, देश में हिंसा फैलाना चाहते है, जिससे हमारा शातिपूर्ण प्रगति का मार्ग अवरुद्ध हो जाए। इससे देश का नुक-सान होगा, गरीब तबके का नुकसान होगा, देश कमजोर होगा। इस लिए हम अपील करते है कि सभी राजनैतिक दल राष्ट्रीय मुद्दों पर एकमत हो कर देश को कमजोर करने वाली शक्तियों का डट कर मुकाबला करें।

इन शब्दों के साथ मैं धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : मोहत-रिम डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आज न सिर्फ शुक्रिया के प्रस्ताव में खड़ा हुआ हूं बल्कि मैं समझता हूं कि आज जो मुल्क की हालत है उस हालत में सदर साहब से मेरी यह दर-ख्वास्त होनी चाहिए कि वह इस सरकार को फौरन बरख्वास्त कर दें। कांग्रेस के 1980 के एलेक्शन मैनिफेस्टो से देखिए, फिर 1980 के खुतबे-सदारत को देखिए, 1981 के सदा-रत के खुतबे को देखिए, 1982 और 83 के देखिए और फिर 1984 के सदर साहब के खुतबे को देखिए। उस में बहुत ज्यादा फर्क महसूस नहीं होता। सन् 1980 के सदर साहब के खुतबे में इस सरकार ने वादा

किया था कि वह इस मुल्क से बेरोजगारी को दूर कर देगी, इस मुल्क से गुरबत को दूर कर देगी, कम्यूनल रायट्स को दूर कर देगी, बढ़ती हुई कीमतों को न सिर्फ आगे बढ़ने नहीं देगी बल्कि उस लेवेल पर लाएगी जो 1971-72 में थी। उस ने वादा किया था कि कानून की हालत और कानून की व्यवस्था को इस मुल्क में दुरुस्त कर देगी। लेकिन मैं समझता हूं कि इन में कोई भी बात पूरी नही हुई और आज जब 1984 का खुतबे-मदारत पढ़ा जाता है तो यह महसूस होता है कि आज उन सारी चीजो पर से जिन पर जोर दिया गया था, वह जोर हटा कर के मैं नहीं जानता क्यों और किस वजह से अन्दरूनी और ताहरूनी खतरात की तरफ पूरी शिद्दत के साथ जोर लगाया जा रहा है। लोगों को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि मुल्क अदरूनी और बाहरूनी खतरात से घिरा हुआ है। मुल्क टूट रहा है, मुल्क बरबाद हो रहा है, मुल्क खत्म हो रहा है, लिहाजा इस मुल्क को बचा सकती है तो सिर्फ कांग्रेस सरकार और हमारी प्राइम मिनिस्टर साहबा। मैं पूछना चाहता हूं कि इन तमाम खतरात के लिए जिम्मेदार कौन है ? मुझे एक शेर याद आता है :

महसूस यह होता है
यह दौरे तबाही है
शीशे की अदालत में
पत्थर की गवाही है
दुनिया में कहीं इस की
तनशीर नहीं मिलती
कातिल ही मुहाफिज है
कातिल ही सिपाही है॥

मैं पूछना चाहता हूं आप के जरिए कि आज पंजाब में हो रहा है उस की जिम्मेदारी किस पर है ? जो आसाम में हुआ उस की जिम्मेदारी किस पर है ? पंजाब पर मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा क्योंकि उस पर आज डिस्कशन होने वाला है। आज कश्मीर के अंदर आप ने जो सिचुएशन पैदा कर दी है उस की जिम्मेदार कौन है ? कौन नहीं जानता कि भिंडरावाले का ताल्लुक किस से रहा है ? सन् 80 के एलेक्शन में ये किस के एजेंट थे ? कौन नहीं जानता कि प्रोफेसर शेर सिंह जो हिन्दु समिति के अध्यक्ष है हरयाना में वह किस पार्टी से ताल्लुक रखते है ? अगर भिण्डरावाले ने सन् 80 में हम लोगो की मदद की होती और वह इस तोड़ फोड़ के जिम्मेदार होते तो हम अपनी जिम्मेदारी मान लेते। अगर प्रोफेसर शेर सिंह हमारी पार्टी के मेम्बर होते और वह तोड़ फोड के जिम्मेदार होते तो हम अपनी जिम्मेदारी मान लेते। लेकिन बदकिस्मती से या खुशकिस्मती से, मुल्क की बदकिस्मती से और हमारी खुशकिस्मती से न भिण्डरावाले का हमारी जमात से कोई ताल्लुक रहा है न वह हमारे किसी एलेक्शन के कैंडीडेट के एजेंट रहे है और न प्रोफेसर शेर सिंह हमारी पार्टी से कोई ताल्लुक रखते है। फिर यह किस की जिम्मेदारी है ...(**व्यवधान**)...

हमारे साथ कभी नही थे, आपके साथ थे

आज कश्मीर में क्या हो रहा है ? कश्मीर के अन्दर कौन गड़बड़ करना चाहता है ? एक तरफ फारूख अब्दुल्ला है जिसकी एक तारीख है, जिस के बाप की एक तारीख है कि जिस ने हिन्दुस्तान के साथ इलहाक के लिए मुसलसल कुर्बानियां दी है, जिस ने हिन्दुस्तान के साथ इलहाक के लिए मुश्किल जेलें काटी है। एक तरफ वह फारूख अब्दुल्ला है जो दिन में और रात में, अंधेरे

[श्री रशीद मसूद]

में और उजाले में सामने और पोशीदा तौर पर यह कहता है कि हिन्दुस्तान के साथ काश्मीर का इलहाक फाइनल है, इस के ऊपर कोई बात नहीं हो सकती। हिन्दुस्तान का अटूट हिस्सा है काश्मीर और दूसरी तरफ मौलवी इफ्तखारुद्दीन साहब है जो इत्तफाक मे असेम्बली मे आप के सदर है, क्या आप को याद नही है सन 68 मे लाल चौक पर तकरीर करते हुए इफ्तखारुद्दीन साहब ने यह बात कही थी कि प० जवाहर लाल नेहरू के वायदे के मुताबिक हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर का इल्हाक फाइनल नही है। मैं नही समझता कि वह आदमी जो दिन-रात यह बात कह रहा हो कि हिन्दुस्तान के साथ काश्मीर का इल्हाक फाईनल है, वह आदमी जो दिन रात यह बात कह रहा हो कि काश्मीर हिन्दुस्तान का एक अटूट हिस्सा है वह गद्दार है ? वह बागी है, वह सेशेशनिस्ट है और वह आदमी जो हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर का इल्हाक मानता न हो, वह आदमी जो मुल्क के पहले बजीरे आजम के वायदो की याद दिलाकर यह दिलाने की कोशिश करता हो कि हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर का इल्हाक फाइनल नही है, कश्मीर हिन्दुस्तान का हिस्सा नही है, वह आज देशभक्त है ? क्या आपके यहा देशभक्ती का पैमाना यह है कि जो कांग्रेस पार्टी मे रहकर इस मुल्क के टुकड़े-टुकड़े करने की कोशिश करेगा वह देशभक्त होगा ? और जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रहकर इस मुल्क को जोड़ने की बात करेगा, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रहकर इस मुल्क के इत्तहाद की बात करेगा, वह गद्दार होगा ? आपकी यहा वह पालिसी है जिसने आज तक हिन्दुस्तान मे हिन्दुस्तानी को पैदा नही होने दिया। आज आपको इस देश में हिन्दु मिल जाएगा, मुसलमान मिल जाएगा, सिख मिल जाएगा, ईसाई मिल जाएगा, बौध मिल जाएगा दूसरे लोग मिल जायेंगे लेकिन क्या कहीं पर हिन्दुस्तान भी मिलता है ? नहीं मिलता है। इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं ? इसके जिम्मेदार आप है। आपने यह कोशिश की होती कि हमें हिन्दुस्तान मे एक नेशन बनानी है, इस मुल्क में हिन्दुस्तानियों को पैदा करना है और यहां पर अगर दर्द शुमाल में होता हो तो वह जुनूब में महसूस किया जाय, अगर मशरिक में दर्द हो तो मगरिब में महसूस किया जाए, अगर हिन्दु के दर्द होता हो तो मुसलमान को भी वह दर्द महसूस हो, एक हरिजन का दर्द ब्राह्मण को महसूस हो और किसी राजपूत का दर्द जाट को महसूस हो। किसानों का दर्द इंडस्ट्रिलिस्ट को महसूस हो। अगर इस बात की कोशिश आपने की होती तो आज हिन्दुस्तान का नक्शा ही मुख्तलिफ होता। लेकिन आपने ऐसा नही किया। 1952 में जब इस पार्लमेंट का पहला एलेक्शन हुआ उस वक्त एक सुनहरी मौका था, हिन्दुस्तान की आजादी ताजी-ताजी थी, उस वक्त हर हिन्दुस्तानी के दिल में हिन्दुस्तान के लिए मोहब्बत थी, उस वक्त हर देशवासी अपने को हिन्दुस्तानी समझता था और उस वक्त हर हिन्दुस्तानी इस बात की कोशिश करता कि वह कुर्बानी दे करके इस मुल्क की तामीर करे, इस मुल्क को एक बनाए और इस मुल्क से मोहब्बत करे। काश, उस वक्त आपने अकल से काम लिया होता। काश, उस वक्त आपको अपनी कुर्सी की नही देश की फिक्र होती। उस वक्त आपने एक मुसलमान को एक ऐसी जगह से खड़ा किया होता जहां कोई मुसलमान नहीं होता। वह मुसलमान मुकम्मिल तौर पर हिन्दुओं के वोटो पर जीतकर यहां आता और हिन्दुओं

अकाली दल यह चाहता है कि चाहे पाकिस्तान को पानी मुफ्त में जाता रहे, लेकिन हरियाणा की सूखी खेती को पानी नही मिलना चाहिए। आज मैं यह कहने पर मजबूर हूं कि झगड़ा महज चंडीगढ़ और पानी का नहीं है, बात कहीं और पहुंच गई है। मैं आदरणीया प्रधान मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप इन हालत का जायजा लें तो आपको मालूम होगा कि जो कम उम्र के नोजवान हैं, वे

[श्री सूरजभान]

चाहे सिख हों या हिन्दू हों, उन के दिमाग कहां तक जहर से भर दिये गये है। जो ज्यादा उम्र के है वे ठीक लाइन पर सोच सकते हैं, लेकिन यही हालात चलते रहे तो मुलक नही बचेगा। एक दिन आप को कंट्रोल करना ही पड़ेगा, लेकिन वह दिन कब आयेगा, आप कब कंट्रोल करेंगी ? आज सारा देश आपकी तरफ देख रहा है, कभी तो आप को आंखें खोलनी पड़ेगी। इस के बगैर बात नहीं बनेगी।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में एक जगह पर जिक्र किया है कि 32 लाख हरिजनों और आदिवासियों को कुछ फायदा मिला है—

14.52 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

आई० आर० डी० पी० और एन० आर० ई० पी० कार्यक्रमों के तहत। ये आकड़े सरकार के ठीक हो सकते है, लेकिन किस तरह का लाभ हुआ है यह देखने की बात है। मैं एक उदाहरण आप के सामने रखना चाहता हूं—पिछले साल जनवरी मे आदरणीय राष्ट्रपति जी मध्य प्रदेश में भोपाल से 20 किलोमीटर के फासले पर "वालमपुर गांव में गये थे। उस गांव को एक आदर्श गांव डिक्लेअर किया गया था और हरिजनो तथा आदिवासियों के लिए ऐलान हुआ था कि उन के घर पक्के किये जायेंगे, उन के लिये पानी के हैण्ड-पम्प्स लगाये जायेंगे, सडकें बनाई जायेंगी, गोबर-गैस प्लांट लगाये जायेगे, बिजली पहुंचाई जायगी और कुछ काम हुआ भी। जिस दिन राष्ट्रपति जी वहां गये, बिजली के खम्बे आ गये, कुछ घरों में बिजली के बल्ब लग गये। लेकिन उसके बाद क्या हुआ—यह आपको सुन कर हैरानी होगी। एक साल के बाद आज वहा यह पोजीशन है—अगर बिजली के बल्ब टूट जाते तो बात समझ में आ सकती थी, लेकिन वहां आज बिजली के खम्भे भी नही हैं। यह उस गाव की बात है जिस का राष्ट्रपति जी ने एक आदर्श गांव के रूप में उद्घाटन किया था। 12 खड्डे गोबर गैस प्लाट के लिये खोदे गये थे लेकिन एक भी गोबर गैस प्लांट नही लगा, एक भी हैण्ड-पम्प नही लगाया गया। एक गरीब हरिजन, जिस का नाम किशोरी लाल है, उस का फोटो छपवाया गया, टोकरी बुनते हुए उसको दिखाया गया था...

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : यह पचजन्य मे छपा होगा।

श्री सूरजभान : दूसरे अखबारों मे छपा है, पंचजन्य तो आप को बुरा लगता है।

श्री राम प्यारे पनिका : आप की इन बातो से यह वहा सिद्ध हो रहा है कि 32 लाख हरिजनो और आदिवासियों को गरीबी रेखा से ऊपर नही उठाया गया ? इस तरह के तर्क दे कर आप जबरदस्ती अपनी बात को सिद्ध करने की कोशिश कर रहे है।

श्री सूरजभान : जब आप की टर्न आये तब आप बोलिएगा।

मैं निवेदन कर रहा था कि उस गरीब का फोटो छपवाया गया और कहा गया कि उस को 500 रुपया दिया गया है। उस से यह कहलाया गया कि अब मेरे हालात ठीक हो जायेंगे। इस किस्म के कर्जे हजारों आदमियों को दिये गये है और कहा गया कि हरिजनों और आदिवासियो को आज

यह महसूस हुआ कि देश में उन की सरकार है। लेकिन जब उस से पूछा गया.... .

सभापति महोदय : आप का क्या कहना है — क्या उन को लोन नहीं दिया जाता है ?

श्री सूरजभान : मैं यही बतलाना चाहता हूं — उस किशोरी लाल ने कहा कि मैं पहली बार सुन रहा हूं कि मुझे कर्जा दिया गया, कम से कम जिस का फोटो छपा था उस को तो देना चाहिए था।

सभापति महोदय : वह गलत फोटो होगा।

श्री सूरजभान : मैगजीन में उस का फोटो छपा हुआ है, राष्ट्रपति जी वहां गये थे, मैं किसी छोटे मोटे की बात नही कर रहा हूं।

सभापति महोदय, आर्टीकल 338 में स्वर्गीय बाबा अम्बेदकर साहब ने प्रावीजन रखा था कि हरिजनों और आदिवासियों की भलाई के लिए एक अफसर होगा। जिस का नाम रखा गया कमिश्नर फोर शेड्युल्ड कास्ट्स एण्ड शेडयूल्ड ट्राइब्स। आप को सून कर हैरानी होगी कि ढाई साल से वह पोस्ट खाली पड़ी है और कोई कमिश्नर फोर शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स हिन्दुस्तान में आज नहीं है। वह पोस्ट खाली पड़ी हुई है।

हमने एक मांग और की थी। 1947 में जब भारतवर्ष आजाद हुआ तो कुछ लाख रिफ्यूजी पाकिस्तान से आए थे और कुछ सालों के लिए उन रिफ्यूजियों के लिए एक अल्हेदा मंत्रालय सरकार ने बनाया था, जिसका नाम रिहैबीलीटेशन डिपार्टमेंट था। हजारों साल से जो करोड़ों रिफ्यूजी हरिजन और आदिवासी हैं, उन के लिए एक अल्हेदा मंत्रालय बनाने की जरूरत महसूस नहीं हुई। हम ने बार बार मांग की और मांग करने के बाद यह एलान हुआ कि मंत्रालय नहीं बनाएंगे बल्कि एक डिपार्टमेंट बनाएंगे और अभी थोड़े दिन पहले एलान हुआ कि डिपार्टमेंट भी नहीं बनाएगे। क्या इसी हिसाब से कहते हैं कि हम हरिजनों और आदिवासियों के लिए भलाई का काम कर रहे है।

एक तीसरी बात यह कहना चाहता हूं कि हमारा देश एक धर्म निरपेक्ष देश है। ऐसा कहा जाता है लेकिन यहां पर ईसाई भाइयों के गुरू के जन्म दिन पर छुट्टी होती है मुसलमान भाइयों के गुरु के जन्म दिवस पर छुट्टी होती है और सिखों के गुरू के जन्म दिन पर छुट्टी होती है लेकिन हरिजन और आदिवासी भाइयों के गुरू रविदास के जन्म दिन पर छुट्टी नहीं होती, महर्षि बाल्मीकी के जन्म दिन की छुट्टी नहीं होती और बाबा साहिब डाक्टर अम्बेडकर के जन्म दिन के अवसर पर छुट्टी नहीं होती।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : नेहरू जी के जन्म दिन की भी छुट्टी नहीं होती है।

श्री सूरजभान : मैं धार्मिक नेता की बात कर रहा हूं। क्या वे धार्मिक नेता थे। आप की जानकारी के लिए मैं बता दूं कि जनता पार्टी की रिजीम में गुरू रविदास के जन्म दिन की छुट्टी 1979 में हुई थी मगर इस सरकार ने 1980 में आते ही वह छुट्टी काट दी। मैं कहना चाहता हूं अगर आप छुट्टी नहीं करना चाहते है इन तीनों जन्म दिनों की तो मत कीजिए लेकिन फिर सिर्फ

[श्री सूरजभान]

साल में दो ही छुट्टी रखिये। एक 26 जनवरी की और दूसरी 15 अगस्त की। बाकी सारी छुट्टियां आप काट दीजिए। अगर औरों की छुट्टियां करते हैं, तो हमारी भी कीजिए और हमारी नही करते हैं, तो औरों की भी मत कीजिए। हमारे साथ सौतेली मां का सुलूक नही होना चाहिए।

मैं अभी जल्दी जल्दी अपनी बात खत्म कर रहा हूं। हरिजनों की बात मैं कहना चाहता हूं। इसी महीने की 14 तारीख को अम्बाला जिले की नारायणगढ़ तहसील में रायपुर रानी कस्बे में एक गरीब हरिजन नौजवान पर चोरी का इल्जाम लगाया गया था। वह इल्जाम झूठा है मगर थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाए कि वह सच्चा था, तो थाने में उस के बाप और मां को बुलाया गया और पीटा गया। पीटना ही काफी नहीं समझा गया। अखबारों में उस के बारे में काफी कुछ लिखा है। मां और बेटे को नंगा कर थाने मे एक दूसरे पर लिटाया गया। इस तरह से हरियाणा में दोबारा रिवासा कांड दोहराया गया। चंडीगढ़ से निकलने वाला प्रसिद्ध ट्रिब्यून अखबार है। इस के एडीटोरियल में जो लिखा है, उस में से मैं एक अंश पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :

> "यदि यह सही है तो पीड़ित मां-बेटे और पुलिस हिरासत के बाद की उन शारीरिक तकलीफों का रहस्य क्या है ? कोई भी मां-बेटे ऐसे आरोप लगाना तो दूर, सोच भी नहीं सकते कि उन्हें नंगा करके लिटाया गया और कुमर्म करने पर मजबूर किया गया। इसके पहले कभी इन व्यक्तियों पर आज तक चोरी या किसी अपराध का इल्जाम नहीं लगा। फिर पूछताछ में ऐसी ज्यादती क्यों हुई ?

मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हरिजनों के साथ यही सलूक होगा और मां बेटे के पवित्र रिश्ते पर इतना लाछन आएगा। क्या कार्यवाही की गई अपराधियों के खिलाफ। आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।

फिर उसी तहसील में, उसी जिले में, उसी नाम से मिलते-जुलते गांव रायपुर वीरा में 80 साल से जमीन के एक टुकड़े पर हरिजनों का कब्जा था और गुरु रवि दास के जन्म दिन को मनाने के लिए उन्होंने एक झंडा लगा रखा था। उन से कहा गया कि इस झंडे को उखाड़ो और वह वहां से हटाने का प्रयास किया। इस पर वहां हरिजन इकट्ठा हुए और वहा का डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट उन को कहता है कि इन चमार, चूढ़ों का दिमाग खराब हो गया है। उन्होंने इश्तहार छापे और उन को सब में बंटवाया और सब को लिखा लेकिन आज तक उस डिप्टी सुपरिन्टेन्डेंट के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। यह केवल स्टेट का ही मामला नहीं है, केन्द्र भी इसमें जिम्मेदार है।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : जब यह वाकया हुआ, उसी वक्त क्या आप ने स्टेट गवर्नमेंट या सेन्ट्रल गवर्नमेंट को लिखा था।

श्री सूरजभान : मैं ने लिखा है। मैं ने पब्लिक मीटिंग की है और मैं कहता हूं कि

आप का सिविल राइट्स प्रोटेक्शन एक्ट है उसके अन्तर्गत कार्यवाही की जाए।

एक माननीय सदस्य : यह कब हुआ ?

श्री सूरजभान : इसी महीनेकी 16, 17 तारीख को यह हुआ है और राय-पुर रानी का किस्सा, जिस के ऊपर एडो-टोरियल लिखा जा चुका है, यह 14 तारीख को हुआ है।

15.00 hrs.

सभापति महोदय, उन्होंने कहा कि इको-नोमिक सिचएशन इम्प्रूव हो गई। यह शायद ये इसलिए कह रहे हों कि इन्होंने इंटरनेशनल मोनिटरी फंड से कर्जा लेना छोड़ दिया है। अगर पैसा है तो सरकार अब एशियन बैंक से क्यों कर्जा मांग रही है।

आज मंहगाई की हालत क्या है ? सर-कारी कर्मचारियों की चार पांच किस्ते बकाया है उनकी पेमेंट आप क्यो नही करते है ? गरीब आदमी की हालत आज बदतर होती जा रही है।

आप किसान की बात करते हैं। आपने गेहूं का दाम एक रुपया बढ़ाया है इसको बढ़ा कर आप यह समझते है कि आपने किसान के लिए बहुत काम कर दिया। एक तरफ आप कहते है कि एग्रीकल्चरल प्रोड-क्शन बहुत बढ़ गया है और दूसरी तरफ आप अनाज बाहर से मंगाते है। आप बाहर से अनाज क्यों मंगाते है ?

मैं आखिरी बात कहकर समाप्त कर रहा हूं। मंहगाई भी भ्रष्टाचार का एक कारण है। व्यापारी, सरकारी अफसर और मंत्री सब मिल कर भ्रष्टाचार बढ़ाते है। इससे मंहगाई और भी बढ़ती है। आजकल यहां पर कुछ नाम तो मशहूर हो गये है। जैसे . साहब। यह नाम तो गाली बन गया है। किसी को गाली देना हो तो कहदो **। इसी तरह से ** .... नाम भी कुछ ऐसे नाम है। (**व्यवधान**)

सभापति महोदय : इसे आप छोड़िये, यह कार्यवाही में नहीं जाएगा।

SHRI EDUARDO FALEIRO (Mormugao) : That should be expunged. These persons are not present in the House to defend themselves. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : I have already said it.

सभापति महोदय, इतना प्रधान मंत्री ने खुद कहा है कि भ्रष्टाचार तो ग्लोबल फीचर बन गया है। इन चीजों को कहने के बाद मैं मजबूर हूं कि आपने जो मोशन आफ थेंक्स मूव किया है, मैं इसका समर्थन नहीं कर सकता

SHRI M. SATYANARAYAN RAO (Karimnagar) : Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Motion of Thanks to President for his kind Address.

I was carefully listening to the speeches of the Opposition leaders, particularly that of the latest speaker, Shri Suraj Bhan. He was narrating all kinds of stories regarding Punjab I would like to know from him as to who is responsible for this kind of situation. It was the Janata Party which encouraged them The Lok Dal and the BJP were also a part and parcel of that Janata Party The Akali Dal against whom you are

** Not recorded.

[Shri M. Satyanarayan Rao]

speaking now was your partner and it is because of your encouragement, these people have got so much of courage and they are indulging in all sorts of things which are endangering our country. You are forgetting that and you are blaming us. You have no right to blame this Government. In fact, in 1980 when we took over from you, we inherited all kinds of problems, the Punjab problem, the Assam problem and every other problem. It is the Janata Party which is responsible for this kind of situation. whether it is disintegration or any other situation, it is the Janata Party, which was ruling this country, which is responsible for it. We are trying our best to see that these problems are tackled satisfactorily. When we wanted to take some steps in Punjab where the situation was going out of control, it was the same Opposition which came in our way. You were warning us, you were warning our Home Minister, 'Do not enter the Golden Temple ; otherwise, you will have to face the consequences'. I am surprised, now the Janata Party leader Shri Morarji Desai is saying, 'If necessary, send your army to the Golden Temple ; we cannot tolerate all these things'. The Lok Dal Leader, Shri Charan Singh, has said recently in Gwalior that this incompetent Government is not taking any steps. But these were the very Parties which were coming in our way to tackle this problem. When we wanted to take effective steps, unfortunately they were coming in our way. Now, of late, I do not know what happened to you, you realise that this country is going to disintegrate if we do not control the situation. Now you are blaming this Government for not taking effective steps against Akali Dal. I am not blaming the CPI and the CPM. To some extent, they are also responsible indirectly. But the other people, the Lok Dal and the BJP, are definitely responsible for this. Not only this Punjab situation—I tell you. I will give another instance also, Now in Punjab after all this encouragement this kind of situation is there. In other states also the same kind of situation is going to arise. I want to give the instance of my own State. The so-called Telugu Desam Party believes in regionalism and it does not believe in all these things. In the name of self-respect of the Telugu people, they came to power. Now you are hobnobbing with them. Not only that I am surprised to read in the newspapers that in Gwalior a conference was held and in that conference the great BJP leader, Mr. Atal Bihari Vajpayee and the great Lok Dal leader Mr. Charan Singh are saying, 'Here is a man from the south. He is playing a great role in Andhra Pradesh and we hope that he will play a great role in the nation'. He has destroyed our State. If you want to destroy the country; you are welcome—my friends. But this is the attitude of our friends over there....

SHRI NARAYAN CHOUBEY : That about Mr. Channa Reddy ?

SHRI M. SATYANARAYAN RAO : If you talk of individuals, I do not consider them at all. Leave alone individuals. I do not consider them at all Mr. Channa Reddy or Mr Narayan Choubey do not matter at all, this man or that man. After all in the mainstream whoever is not there will be forgotten. Don't bother about any individual. I am not bothered about anybody. What I want to say is that I warn these people. These people are again encouraging a man who believes in regionalism. Now you say that because of election he may be useful to 'us'. You are therefore hobnobbing with him. This is because of your selfishness, utter selfishness. But is there any alternative programme ? The only programme you have is how to remove Shrimati Indira Gandhi from power and how to remove the Congress Government from power. That is all and you have no alternative programme. The same thing happened in 1977. Again you want to repeat it ? For what ? After 1977 we have seen the destruction of the country—economic destruction, political destruction and the problems which you have left for us we are now facing and we are trying our level best to solve them. I want to

warn the CPI and CPM people—beware of all these people.

Mr Suraj Bhan says, 'I am sorry for what is happening in Punjab Innocent people are being killed'. Who is killing.' The so-called communalists whether they are Sikhs or Hindus are responsible for these things. Instead of condemning them, you come here and blame our Prime Minister and our Party saying, 'You are not taking any action and you are responsible for the killing of the innocent people, etc.' But I hold you responsible for all these things. You are encouraging them. Not only that, you were hobnobbing with these Akali Dal people at that time. Now in Haryana who are responsible? You are encouraging these people—the Hindu Suraksha Samiti people. They belong to your Party. You are encouraging all these things. Instead of solving this problem and instead of helping the government to solve them, you are encouraging again the so-called communalists only for the sake of your Party and in the interests of your Party you are doing all these things. Now you have become a great champion of the so-called people who have killed innocent people. You have created the situation and you have created the problem and when we are trying to solve it you put so many obstructions on our way. You come here and blame our Party. I am very sorry for this irresponsible opposition. I do not know when they will release these things. At least now you should please realise. After all the country in more important than the Party. Party and power are not permanent. Our lives are not permanent. So where is the question of our position? She may be Prime Minister to-day; tomorrow you may be the Prime Minister. But if the country is safe, we are safe and you are safe. If the country disintegrates, where is the question of Prime Minister and who is going to rule this country? That you have to bear in mird. Since Independence this kind of a situation never arose. This is the first time this situation is there – whether it is Assam, Jammu & Kashmir or Punjab. I can cite examples of other States also. Now we are not having agitations there but the divisive forces are there and everywhere and particularly. on the borders of our country, whether it is South or West or East or anywhere else. Northeastern region was also burning although it has calmed down now. So, it is very necessary that we should think over the matter and some collective wisdom should prevail. Then only any Government will be able to solve this problem. If you say why don't we send the army there, it will be very easy that in one minute's time the Government can order the army to enter the Golden Temple. But, the next day, you will blame us that we have unnecessarily precitated the situation. Instead of solving the problem we have only created more problems. Please be careful about all these things. Our elders including Mahatma Gandhi have sacrified their lives for the sake of freedom I take the example of Mr. Sen who mentioned the names of the great Bhagat Singh and Lala Lajpat Rai who had sacrified their lives for the sake of our freedom—not for dis-integration of the country by killing innocent lives and they wanted freedom for the country in order to achieve economic progress in this country. In those days, we were not having sufficient food or houses etc. But, after attaining independence, we tried our best to see that the poorer sections of the people get the minimum facilities. Since the last thirtysix years, we are doing all these things.

Yesterday, Shri Samar Mukherjee was telling that there was no progress at all; we were unnecessarily boasting ourselves. We should give credit to the monsoon. When it fails, you never give credit to us. We are only blamed. It is the God Almighty which is responsible. We have not created irrigation facilities. Now you say that the credit must go to the monsoon. It is because of that; we have not done anything. Ultimately, it is the soundness of the policy which is responsible for these things. I am happy to know that. We are really proud of it. In the whole world, particularly, in the African

[Shri M. Satyanarayan Rao]

continent, the agricultural production has gone down like anything. They are facing aggrave problem. They are now thinking as to how to feed those people in that country. At this juncture, in our country, we have not only progreses but we have achieved a massive food production of 142 million tonnes. This is not a small achievement for us. When we have achieved something, you should have the courage to appreciate that. If we fail, you are at liberty to say that, As Opposition leaders, you are at liberty to say that. When we do some good things you should appreciate us. If something wrong happens, you go on blaming us. It is not fair. You are also ruling in one State. There may be failure and successes. I do not see successes but only failures there.

Recently, I was in Calcutta, When I was meeting the people, we found that they were suffering like anything. There is no power available there. Because of shortage of power, the industrialists are now thinking of going out from there. Your state will suffer. You are not able to provide water as also the minimum housing and other facilities to the people. It is really a unfortunate thing. You blame the Central Government that it is not coming to the rescue of our State. You say, our planning is very hopeless. You blame us for not giving sufficient help to your State.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : What does the hon. Member say when there is some achievement in West Bengal ? How do you behave with the opposition parteis here ? Why have double standards in so far as West Bengal is concerned ?

SHRI NARAYAN CHOUBEY : The poor people are suffering in the rest of India too.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO : Yesterday, Mr. Mukherjee was saying that this Government is encouraging the industrialists and the rich people. When I was in Calcutta, I had an occasion to meet so many people, particularly, the industrialists. The Estimates Committee went there. We were examining these people. They said that they were very happy with the C. P. M. Government. When I asked them 'Why' they said that they had not interefered with them and that they were having a very good relation with them. You are happy with them there. Here you blame the Central Government that it is encouraging these industrialists and the rich people are happy with us. They maybe happy with you in West Bengal—not with us Of course Prof. Pal was one of the members of the Estimates Committee And in his presence, we were discussing these things.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : From your side you will reply later.

SHRIMATI INDIRA GANDHI : You only shout at us but you do not like to listen.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO : Mr. Chairman, Sir, it is not me alone. Mr. Pal was also there. He is also a member of the Estimates Committee. In his presence I asked those people and they said that they are very happy. They are very happy there and you don't like them to be happy here. This kind of double standard is not good for you. We are doing the same thing. Why should you blame then ?

(*Interruptions*)

As Mr. A.K. Sen has also mentioned a litlle while ago, we are proud of our agricultural production. There was a time when we were completely dependent on imports particularly from America under PL 480 programme. Not only America but also the whole world was blaming us and they were telling us that this country will never be self-sufficient in the matter of foodgrains. This country will remain a begger for food. But what happened

later on. During these 10-15 years whatever policies we adopted they are responsible for this green revolution. We are proud of it. Don't you consider it a great achievement for us ?

Now, we are not only in a position to feed our people but can even export food-grains to other countries. If remunerative prices are given to farmers we cannot only feed our people but also the neighbouring countries.

We have also created irrigation potentially. Lakhs of acres are being brought under irrigation. Then there is increase in electricity generation. We are proud of all these things. It is not a small achievement at all.

Now, you speak about poverty. Where is there no poverty ? Poverty—whether you are here or we are here—is going to be there so long as population increases. (*Interruptions*) We don't have any magic wand to remove poverty within no time. We are doing our best but, unfortunately, the increase in population is coming in our way. Production has increased but at the same time population has also increased and that is why we are facing this problem. We also welcome your suggestion as to what methods should be adopted to remove poverty. But instead of giving suggestions you only try to tell us we have not done this or done that.

In 1977 when Janata Party was there in power, Shri Morarji Desai claimed that within five years he is going to remove poverty and solve the unemployment problem. After one year I put him the question that he had said he would solve the unemployment problem in five years and since one year had already passed how much he has been able to solve this unemployment problem. It was actually found that unemployment problem had further aggravated instead of decreasing. Now, NTR has made so many promise, He is not able to fulfil any of those promise. So, now he is requesting you to come to his rescue because he had made all false promises. He has made all kinds of false promises. He has no experience at all. There are some people who are comparing Mr. N.T. Rana Rao with Mr. M.G. Ramachandran. There is a lot of difference between the two. Mr. M.G.R. was in a political party for about 80 years. He was a treasurer of that party. whether he was earning he was spending on his party. But this particular gentleman has never read a paper in the life. He never contributed a single pie for the poorer section of the people. I am saying it because I know about it and now this man is being encouraged by you and you say all sorts of things about him.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : He is saying so many political things about the Chief Minister. I think he should not go on like this. He should avoid it.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO : I have got every right. Why I cannot criticise ? You go on criticising every body as you like. I am only sorry that you are encouraging this kind of** man. You are giving all encouragement to him and you are saying that he is a great national hero and all these things.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : You are both ring about us.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO : Why should I bother about you ? I am not bothered. You are bothered about your State. I am bothered about my State. I only want to bring to the notice of the honourable House that when I was touring my constituency I saw with my own eyes how the people are suffering, how the harijans are suffering there. There is no electricity. Once upon a time our State was a surplus State and it was supplying electricity to all the neighbouring States. Now this State is in difficulties.

**Expunged as ordered by Chair.

[Shri M. Satyanarayan Rao]

Thousands of electric motors have been burnt because of low voltage, because of shortage of power. Such a beautiful State is now in difficulties. Sir, anything can be done in a good way if there is good management. If there is good management everything will be all right The hon. President, in his Address, we pleased to say that in Electricity-generation, in Foodgrains, in Irrigation potential and all these things, we have made good progress It is because of the mismanagement in our State that we face all these difficulties now.

MR CHAIRMAN : Please come to the President's Address

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Are we talking about the President's Address or the Address of the Rajyapal of Andhra Pradesh ?

MR. CHAIRMAN . Please come to the President's Address. I have told him.

SHRI M SATYANARAYAN RAO When the President speaks, he speaks of the whole nation He does not speak only about Delhi or West Bengal He speaks about the whole nation Andhra Pradesh is also part of the whole nation. What I was saying was, if there is good management, everything will be all right It is because of mismanagement that we see all these difficulties now.

Regarding international situation I wish to say a few words It is not only internal situation that is worring us, but the international situation also is worrying us, particularly regarding our neighbours The induction of most modern and sophisticated weapons among our neighbours is a very alarming thing This is the situation which we face Apart from our own internal problems in Punjab, Assam and Kashmir, Pakistan is being equipment with all kinds of sophisticated weapons which is very dangerous for our country. The Indian Ocean is being militarised and particularly nuclear weapons are pouring in This is a very dangerous development. Our country is being encircled by all these imperialist forces. And these Imperialist forces never want us to be self-sufficient in our foodgrains, in our economic condition. When they see that we are achieving progress, we are making progress, they want to obstruct us in every way and they are determined to do everything which ultimately is forcing us to spend money on defence So, the international situation which is facing our country is very alarming We find that the great powers and the super powers are at loggerheads; they are not even on talking terms. They have refused to enter into negotiations So, we should keep all these developments in mind when we take up this Motion

I am very happy that the hon President has drawn our attention to this situation

It is our duty to see that there is international peace and international co-operation and international brotherhood. Let us fight against Imperialism, neo-colonialism as well as neo-Imperialism and Racialism which has been mentioned in the President's Address I think the President for his Address

SHRI N SOUNDARARAJAN (Sivakasi) Mr Chairman Sir, on behalf of my party, the AIADMK, I wish to congratulate our hon Prime Minister for having taken the initiative to host and to organise two international conferences, i e , the Non-Aligned Countries' Summit and the CHOGM in New Delhi in 1983. In the Non-Aligned Summit, the Hon. Prime Minister was elected as its Chairperson

This shows that our hon Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi is the only most and the best suitable and capable leader who can fight for disarmament, who can fight for peace and who can fight for economic cooperation among the countries of the world I also have to congratulate our hon'ble Prime Minis-

ter for her good gesture in allocating Rs. 600 crore to provide employment to the unemployed educated people. The unemployment problem is not new or known only to India, but it is prevalent in most of the other countries of the world. So, in a big democratic country like India, the unemployment problem would, to some extent, continue to prevail. In order to put an end to the unemployment problem, our Prime Minister has introduced so many schemes like I.R.D.P., N.R.E.P. new rural landless employment guarantee scheme, etc. Through these schemes, our Prime Minister is trying to eradicate unemployment problem in our country, as much as possible.

Sir, Para 14 of the President's Address deals with universalising elementary education in the age group of 6 to 14 with emphasis on girls' education and on eradicating adult illiteracy by 1990. In order to give effect to this programme the hon'ble Chief Minister of Tamil nadu introduced provision of Nutritious Food Programme to the school going children. Through this scheme, nearly 63 lakh children are getting benefit. Now only that. The condition of the school-going children has also improved to a greater level. The number of school-going children has also gone up to a great extent. Mr. Chairman, this scheme has also been appreciated by the educationists and educationalists all over the world. Our hon'ble Prime Minister has also appreciated this Nutritious Food Scheme of Tamil Nadu Sir, in this context, I may submit that our hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu had requested several times the Central Government for inclusion of this scheme in the Plan Outlay. But so far the Government of India has not considered inclusion of this scheme in the Plan Outlay. I would therefore reiterate that the Government of India may kindly consider inclusion of this scheme in the Plan Outlay.

Sir, the Government of India has introduced a new Industrial Policy according to which a district is taken for consideration for starting a new industrial unit if the same district has no industrial unit at all. In this connection, our hon. Chief Minister as also many Chief Ministers of other States had demanded that the Government of India should take into account only upto the taluka level as no industrial unit. I would therefore request the Government of India to consider opening of a new industrial unit if a Taluka has no industrial unit at all.

Sir, in the President's address, it is stated that the production of foodgrains is likely to exceed the target of 142 million ronnes this year. Sir, in India, about 75% of the population are engaged in agriculture, both directly and indirectly. The economic condition of the Indian farmers is deterioration year after year. It is due to unremunerative prices fixed by the Government for their agricultural produce. Sir, year after year, the prices of inputs of the agriculturists are going up at a fast pace, but equally the selling prices of the foodgrains do not match with the production cost. The cost of production of foodgrains is increasing year by year. While fixing the procurement price for foodgrains, the Government of India should take into consideration the recommendations of the State Chief Ministers also. At present, the Government of India takes into consideration only the recommendations of the Agricultural Prices Commission. Our Chief Minister has requested the Central Government to fix Rs. 175/- per quintal for paddy, but the Government of India has fixed only Rs. 132/- per quintal. I request the Central Government to increase the procurement price per quintal to the tune of Rs. 175/- as requested our hon. Chief Minister.

Further, Tamil Nadu is the only state where no village is left without electrification. Not only that, in Tamil Nadu nearly 10 lakh pump-sets have been given power supply. Due to this enlarged rural electrification and the larger amount of power supply to agricultural pump sets, Tamil Nadu State, is facing acute power shortage. I would request the Government to allocate the entire power generated at the Atomic Power plant in

[Shri M. Satyanrayan Rao]

Kalpakkam to the Tamil Nadu State. Then only, the State would be in a position to face the power situation there.

15.32 hrs.

(MR. SPEAKER *in the chair*)

Then, our Chief Minister has given Rs. 200 crores of cooperative loan to small farmers. I request the Government of India to share a portion of that amount and give it back to the State Government.

With these words, I conclude my speech.

श्री उमा कान्त मिश्र (मिर्जापुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं जोकि उन्होंने दोनों सदनो के संयुक्त अधिवेशन के समक्ष दिया था। यह हम लोगों के लिए सौभाग्य और गौरव की बात है कि स्वाधीनता के बाद हमने इस देश को बहुत आगे बढ़ाया है। स्वाधीनता के पश्चात पं० जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व मे इस देश में लोकतंत्र की स्थापना हुई और योजनाबद्ध विकास का प्रारम्भ हुआ। विपक्ष के ऐसे ऐसे लोग भी जोकि बीस-बीस वर्ष तक इस सरकार में रहे हैं और अब उधर चले गए है, वे भी उधर जाकर कहने लगते है कि कुछ नहीं हुआ है तो उनपर हमें आश्चर्य होता है। आज देश में जो गल्ले का उत्पादन हो रहा है उनका चौथाई भी सन् 1952 में नही हो रहा था। जहां इस देश में पहले एक सुई भी नही बनती थी, वह विदेशों से मंगाई जाती थी वहां अब लाखों टन कच्चा और पक्का लोहा पैदा किया जा रहा है। जहां पहले बड़े बड़े शहरो में ही कुछ बिजली दिखाई पडती थी, अब गांव गांव में बिजलो पहुंच गई है। आज देश में जो सिंचाई की क्षमता है वह चौथाई भी पहले नहीं थी। कपड़ा उत्पादन और इसी प्रकार अन्य औद्योगिक उत्पादनों की बात है। देश ने बहुत तरक्की की है। इसलिए कृषि उत्पादन में सरकार की नीतियां शामिल है, किसानों का परिश्रम शामिल है और सभी बातें शामिल है। इसमें कोई सन्देह नही कि इस वर्ष तो कृषि का उत्पादन हुआ है, वह बहुत ही गर्व की बात है। एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमें आशा है कि हमें कृषि के उत्पादन के साथ-साथ अन्य औद्योगिक उत्पादनों में भी आत्मनिर्भर होते जायेंगे। राष्ट्रपति जी ने यह भी कहा है कि इस वर्ष जो कृषि का उत्पादन हुआ है, वह अपने आप में एक अभूतपूर्व बात है और इतना उत्पादन आज तक कभी नहीं हुआ। हम आशा करते है कि यह उत्पादन आगे आने वाले समय में भी मेनटेन रहेगा और उत्पादन बढ़ाते जायेंगे। प्रसन्नता की बात यह है कि जिन वस्तुओं के आयात के कारण हमको बहुत अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती थी. जैसे तेल के मामले में उसको अब हम बचाने में सक्षम हो पा रहे हैं तेल का उत्पादन बढ़ने के कारण हमने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से जो लिया था, उसमें बहुत सा हिस्सा हम छोड़ रहे हैं। इस प्रकार औद्योगिक क्षेत्र मे 4 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण मे देश की आर्थिक तस्वीर को भी पेश किया है। आर्थिक उपलब्धियों का भी जिक्र किया है। इन सब चीजों को देखते हुए आर्थिक संकट होने के बावजूद भी विकासशील देश होते हुए भी हमने अपनी आर्थिक प्रगति को, आर्थिक विकास को बनाए रखा है। आर्थिक विकास की दर को बनाए रखा है और इसको मजबूत बनाया है।

प्रधान मंत्री जी के कार्यक्रमों के द्वारा देश के गरीबों को बहुत बड़ी आशा बंधी हैं। प्रधान मंत्री जी का 20 सूत्रीय कार्यक्रम संसार में एक अद्वितीय कार्यक्रम है। जिसमें हर वर्ग के लिए, किसानों के लिए, मजदूरों के लिए, महिलाओं के लिए, आदिवासियों के लिए, हरिजनों के लिए, सभी के सर्वांगीण विकास की रूप रेखा इस कार्यक्रम में हैं। आइ० आर० डी० पी० के अन्दर कई लाख लोगों को लाभ हो रहा है। यदि विरोधी दल के लोगों को कुछ नजर नहीं आ रहा है, लेकिन हम गांवों में देख रहे हैं कि गांव में हर वर्ग के लिए अपना-अपना विकास कर रहे हैं। नई आशा का संचार हुआ है। हाल ही में प्रधान मंत्री जी ने शिक्षित बेरोजगारों के लिए एक कार्यक्रम घोषित किया है। जिस तरह से शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही थी और हम सोच रहे थे कि वे क्या करेंगे, चोरी करेंगे या डाका डालेंगे, नौकरी तो उनको नहीं मिलेगी, इस शिक्षित बेरोजगारों के कार्यक्रम से शिक्षित बेरोजगारों मे एक नई आशा का संचार हुआ है। लाखों की संख्या में लोग प्रार्थना पत्र देकर ऋण ले रहे हैं और उद्योग खोल रहे हैं। इसी प्रकार गरीबों के लिए, भूमिहीनों के लिए एन० आर० इ० पी० रोजगार गारंटी योजना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके अन्तर्गत उनको 8-10-15 रु० रोज मिल रहा है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। कहा जाता है कि गरीबी की रेखा से नीचे रहने वालों की संख्या बहुत बढ गई है। मैं कहता हूं संख्या नहीं बढ़ी है, गरीबी की परिभाषा बदल गई। 15 रु० में जो खुशहाली से जिन्दगी बिताता था, अब वह 15 रु० में गुजारा नहीं कर पाता है। इस के अलावा आकांक्षायें बढ़ गई हैं, जीवनस्तर बढ़ गया है। जो पहले दो धोती पहनता था, आज 5 धोती पहनता है, पांच यदि नहीं मिलती है तो कहता है मैं गरीब हूं। पहले जो झोंपड़ियां थी, आज वे खपरेल हो गए हैं, लेकिन वे कहते हैं कि हम गरीब हैं क्योंकि हमारे पास पक्के मकान नहीं हैं। इस लिए गरीबी का दृष्टिकोण बदल गया है, परिभाषा बदल गई है। बहुब से मध्यम वर्ग के लोग जो पहले अपने को गरीब नहीं समझते थे, वे आज अपने को गरीब समझने लगे हैं। इस लिए यह भ्रम है भ्रान्ति है कि आज देश में 50 करोड़ से ज्यादा गरीब हो गये हैं। देश का बहुत विकास हुआ है, गरीबों की संख्या में कमी हुई है, लोगों का जीवनस्तर ऊंचा हुआ है। लोगों का दृष्टिकोण बदला है, अकांक्षायें बढ़ी हैं इस लिये लगता है कि गरीबी ज्यादा हो गई है और गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या ज्यादा हो गई है।

लेकिन मैं इतना सुझाव जरूर देना चाहूंगा—पिछले वर्ष जो विकास के काम थे, जैसे सिंचाई, पीने का पानी, सड़कों का निर्माण, औषधालय बनाने का कार्यक्रम, पिछड़े क्षेत्रो में उद्योग धन्धे लगाने के कार्यक्रम, इन में धन कम खर्च किया गया है। मैं निवेदन करना चाहूंगा—माननीय वित्त मंत्री जी, माननीया प्रधान मंत्री जी से, यह 6ठी योजना का अंतिम वर्ष है, जो काम सिंचाई के अधूरे पड़े है, बिजली की योजनायें अधूरी पड़ी हैं, सड़कों का बनना आवश्यक है, औषधालयों का बनना आवश्यक है, उन कार्यक्रमों में तेजी लाई जाय।

इस समय देश के अन्दर और देश के वाहर दोनों तरफ संकट छाया हुआ है। कुछ देश के अन्दर की ताकतें और कुछ देश के

[श्री उमा कान्त मिश्र]

बाहर के लोगों के संकेत पर, इशारे पर, साम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषा-वाद और पांचवां वाद है—कुर्सीवाद, लोक सभा और विधान सभा में सरकार की कुर्सी पाने के लिये इस देश के राजनीतिक नेता, प्रतिपक्ष के लोग, इन बातों को बढ़ावा दे कर देश में एक भयंकर स्थिति पैदा करना चाहते है, देश को तोडना चाहते हैं, देश को खंड खंड करना चाहते है, देश मे एक त्रि-शाक्त वातावतण पैदा करना चाहते है। उन के दिमाग में यह बात है—अगर हम कुर्सी पर नही पहुच सकते है तो चलो, देश को खंड खंड करो, नाठ करा, देश को विकास को रोको, प्रगति को रोको, देश में अशांति पैदा करो, झगड़े पैदा करो, जाति-वाद पैदा करो, साम्प्रदायवाद पैदा करो। विदेशी ताकतें इस लिये ऐसा चाहती है कि हमारा देश इतना विशाल देश है, इतनी बड़ी जनसंख्या वाला देश है, इस की शक्ति बढ रही है, दुनिया में यह देश एक शक्ति-शाली देश के रूप में उभर रहा है, दुनिया के नक्शे पर भारत की प्रधान मंत्री ने निर्भीक आवाज में कहना शुरू किया है, जिस से बडी-बडी ताकते भयभीत हुई है, इस लिये वे चाहती है कि इस की प्रगति रुके, इसका विकास रुके और इसको रोकने के लिए यहा साम्प्रदायवाद को भडका रहे है, जातियों को भड़का रहे है, वे इन अन्दरूनी ताकतों को प्रोत्साहित कर रहे है, जब तुम कुर्सी पाओगे तो हम तुम्हारी मदद करेंगे। इस तरह से देश के अन्दर और देश के बाहर की ताकतें देश के अन्दर खतरा पैदा कर रही है। वे यह नही समझ पा रहे है—यदि देश में इस प्रकार क्षेत्रीय-वाद फैला, साम्प्रदायवाद फैला, जातीयवाद फैला, कुर्सी को पाने के लिए कुछ भी करने की भावना फैली तो देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा, राष्ट्रीय अखण्डता खतरे में पड़ जायगी, देश की एकता खतरे में पड़ जायगी, फिर किसे कुर्सी मिलेगी। जब लोकतत्र खतरे में पड़ेगा, अखण्डता और एकता खतरे में पड़ेगी तो कहां बैठोगे। आप को इस सरकार के दोष अधिक दिखाई दे रहे है, न कही पानी मिल रहा है और न कहीं दाना मिल रहा है—यह भाषण हमारे मित्र रशीद मसूद साहब दे रहे थे। उन का भाषण बिल्कुल निराशावादी रहा है ...

अध्यक्ष महोदय सारे वाद यहीं इकट्ठे हो गये थे।

श्री उमा कान्त मिश्र : रशीद मसूद साहब और उनकी तरफ के लोगो को सोचना चाहिए कि कितनी भयकर स्थिति फैल रही है। जो अराजकता फैल रही है और जो विघटनवादी ताकत ताकतवर हो रही है, इन से देश खतरे में पड़ेगा और डेमोक्रेसी खतरे मे पडेगी। फिर कुछ नही होने वाला है। जैसे पजाब का मामला है। वह एक अलग मसला है, जिस पर अलग से बात होने वाली है और उसमें बडे-बड़े राजनेता बोलेंगे। हम लोग तो आश्चर्य में पडते है कि आखिर पंजाब के अकाली चाहते क्या है? विपक्ष कहता है कि सरकार समझौता नहीं करना चाहती और सरकार इस मामले में अभी कुछ तय नहीं कर सकी है। सरकार ने तो उनकी धार्मिक मांगें मान ली। अब रह गया चंडी-गढ़ और पानी का सवाल। क्या श्रीमती इन्दिरा गांधी या उनकी सरकार चंडीगढ़ पंजाब को दे दें और हरियाणा से पूछे भी न और क्या सारा पानी बिना हरियाणा के पूछे पंजाब को दे दे। उनकी सारी बातें मान ले हरियाणा की उपेक्षा कर के और राजस्थान की उपेक्षा कर के।

वे कहते हैं कि हम सिख पंथ की रक्षा कर रहे है। हमारी समझ में यह नही आ रहा है कि सिख पंथ का दावेदार कौन है ? संत हरचन्द सिंह लोंगोवाल तो अकाली नेता है। वह सिख पंथ की रक्षा करने का दावा करता है। अभी अखबारों में हमने पढ़ा है कि भिंडरावाला साहब ने यह कहा है कि सारे सिखों का प्रतिनिधि मैं हूं और मैं जो बात कहूंगा, वह सिख पंथ वाले मानेंगे और श्रीमती इन्दिरा गांधी अमृतसर आएं और मुझसे बात करें। भिंडरावाला घुस कर अकाल तख्त में छिप कर बैठा है। वह सिख पंथ का नेता अपने को कहता है। अगर सिख मासेज उसके प्रति इज्जत की भावना रखती हैं, तो वह अकाल तख्त से बाहर निकले और मैदान में आए। वह पंजाब के गांवों में जाए, गुजरात जाए, बनारस जाए और दिल्ली आए और सारी जनता से बात करे कि वह क्या चाहती है। वह मुट्ठी भर आतंकवादियों को उकसा कर हिंसा की कार्यवाही करवाना चाहता है। इससे पंजाब और पंजाब के बाहर बड़े भयंकर नतीजे हो सकते है और स्थिति खराब हो सकती है। महामहीम राष्ट्रपति श्री जैल सिंह को क्या सिखों की चिन्ता नहीं है ? क्या सिख पंथ में वे विश्वास नहीं रखते है ? क्या वे सिख पथ की रक्षा नहीं करना चाहते हैं ? क्या वे सिखों की भलाई नहीं करना चाहते है। आज 40 परसेन्ट सिख पंजाब में है और 60 परसेन्ट सिख पंजाब के बाहर फैले हुए है। क्या सिखों की भलाई ज्ञानी जैल सिंह नहीं करना चाहते, सरदार बूटा सिंह नहीं करना चाहते और सरदार दरबारा सिंह नही करना चाहते। 40 परसेन्ट सिख पंजाब में और 60 परसेन्ट पंजाब के बाहर है। वे क्या नहीं सोचते कि पंजाब मे अकाली क्या कर रहे है। आज जो रास्ता अकालियों ने पकड़ा हुआ है, आज जो रास्ता भिंडरावाला ने पकड़ा हुआ है, क्या वह सही रास्ता है ? संविधान को जलाना एक भयंकर अपराध है और मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि चाहे कोई भी लोग हों, कोई भी दल हो. कोई भी सम्प्रदाय को, कोई भी व्यक्ति हो और कोई भी गिरोह या समूह हो, जो संविधान की अवमानना करता है, वह देश के लोकतंत्र और इस देश की जनता की अवमानना करता है और उसके खिलाफ सरकार को सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। यह कोई तमाशा है। उनके साथ सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए। जिस संविधान के तहत प्रदर्शन करने का, आंदोलन करने, अपनी मांगे रखने का अधिकार मिलता है, उस संविधान का जला कर वे उसकी अवमानना करना चाहते हें। इस तरह से वे उसकी अवहेलना कर रहे है और ऐसे लोग देशद्रोही है और राजद्रोही है। यह राष्ट्र को चुनौती देने का रास्ता है, यह राष्ट्र के संविधान को चुनौती देने का रास्ता है और यह राजसत्ता को चुनौती देने का रास्ता है और यह राजद्रोह है और यह देशद्रोह है। इस चीज को कभी भी बर्दाश्त नही किया जाना चाहिए और हम तो इस मत के है कि ऐसे लोगों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए और ऐसी ताकतों को कुचल देना चाहिए। यह भी दुनिया की कुछ ताकतों की प्रेरणा से किया जा रहा है और उनका उकसाने का काम वे कर रही हैं।

इसके साथ-साथ मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि देश आज खतरे में है। अभी एक सज्जन भाषण कर रहे थे और कह रहे थे कि यह जो कहा जा रहा है कि देश खतरे में है यह एक पालीटीकल स्टन्ट है। 'मेरी समझ में उनकी बात नहीं आई। पाकिस्तान

[श्री उमा कान्त मिश्र]

को हारपून मिसाइल और दूसरी मिसाइल मिल रहे हैं और अभी-अभी दूसरी मिसाइलों और हथियार देने का समझौता पाकिस्तान से हुआ है। अन्दर-अन्दर वह अलग से हथियार इकट्ठा कर रहा है और हथियारों का जखीरा उसके पास है। अभी पाकिस्तान और चीन का एक समझौता हुआ है। पाकिस्तान और चीन का समझौता हर प्रकार का हुआ है। औद्योगिक भी हुआ है और घातक हथियारों का भी हुआ है। पाकिस्तान ने जब-जब हथियार इकट्ठे किये, तब-तब उसने हमारे देश पर हमला किया। हमारे विरोधी पक्ष के नेता, विशेष रूप से हमारे माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी कहते हैं कि पाकिस्तान हमारे ऊपर हमला नहीं करेगा। हम कह रहे हैं कि आजकल पाकिस्तान अपने होश मे नहीं है क्योंकि पाकिस्तान दूसरो के दबाव मे काम कर रहा है। पाकिस्तान दूसरो की कठपुतली बना हुआ है। वह दूसरों के हथियार अपने यहां इकट्ठा कर रहा है। इससे हो सकता है कि जैसे पाकिस्तान ने पहले हमले किये, फिर वह हमला कर दे। इसलिए आज हमें पाकिस्तान से खतरा है, हिन्द महासागर मे खतरा है। चाइना से जो पाकिस्तान का गठबन्धन हो गया है, उससे भी हमको खतरा है। इस तरह से हर प्रकार से हिन्दुस्तान की आजादी और सुरक्षा को खतरा है। यही बात प्रधान मंत्री कह रही है।

श्रीमन् राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में नाभिकीय अस्त्रों का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है कि इस समय विश्व में 6 मिलियन डालर नाभिकीय हथियारों पर खर्च हो रहा है। श्रीमन् हमने पढ़ा है कि 50 अरब डालर एक घंटे मे इन हथियारों पर खर्च हो रहा है। इस समय विश्व में 50 हजार नाभिकीय अस्त्र बने पड़े हैं और 15 हजार निर्माणाधीन है। इनसे सारी दुनिया का 6 बार नाश हो सकता है।

श्रीमन् जब नाभिकीय युद्ध शुरु होगा तब सारी दुनिया समाप्त हो जाएगी। उसके बाद न कोई यहां जीव होगा, न कोई वनस्पति होगी, न कोई चेतन होगा, न कोई जड होगा, न कोई स्थावर होगा, न कोई जंगम होगा। यह सब हमने पढ़ा है। अगर नाभिकीय युद्ध छिडता है तो इन्सान और पशु दोनो के लिए यह भयकर स्थिति होगी। आज संसार में नाभिकीय युद्ध की सभावना बढ़ रही है। इससे सारी दुनिया के, फ्रास के, जर्मनी के, इटली के और अमेरिका के नौजवान भयभीत हो गये है। अमेरिका के नौजवान इस आशका तक पहुंच गये हैं कि इस शताब्दी के अन्त तक नाभिकीय युद्ध होगा और मानवजाति का विनाश होगा। यह बड़ी ही भयावह स्थिति है। आज संसार मे मानवजाति के अस्तित्व को, सारी सृष्टि के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न है। इसी खतरे को समझते हुए हमारी प्रधान मंत्री ने इस देश में निर्गुट सम्मेलन किया, राष्ट्र संघ मे जाकर राष्ट्राध्यक्षो से बातचीत की। अभी हाल मे राष्ट्रमंडल देशों का सम्मेलन किया और उन्होंने इस खतरे के बारे में आवाज उठाई और कहा कि हथियारो की होड़ बन्द की जाए, नाभिकीय शस्त्रों का निर्माण बन्द किया जाए और मानवजाति को सर्वनाश से बचाया जाए।

मैं इन शब्दों के साथ इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री अब्दुल रशीद काबुली (श्रीनगर) : स्पीकर साहब, राष्ट्रपति जी का यह एड्रेस

हमारे सामने है। इस एड्रेस में मुल्क की तरक्की के बारे में जो यह कहा गया है कि पिछले 37 वर्षों से मुल्क में तरक्की हो रही है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। हमारे मुल्क ने टेक्नोलोजी और एटामिक एनर्जी से लेकर दूसरे बहुत से क्षेत्रों में अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश की है। इसमें हमें बहुत हद तक सफलता भी मिली है।

लेकिन जहां तक इंडस्ट्रियल ग्रोथ का ताल्लुक है, सदर साहब ने अपने एड्रेस में खुद कहा है कि हमारी इंडस्ट्रियल ग्रोथ 4, 5 परसेन्ट रहेगा, सन् 1983-84 में। जहां एग्रीकल्चर में और इंडस्ट्रीज में और बाकी के दूसरे क्षेत्रों में तरक्की के बारे में इस एड्रेस में कहा गया है वहां मैं यह भी बताना चाहूंगा कि खुद इस एड्रेस में यह बताया गया है On January 7, 1984 the annual rate of inflation reached 10.4 per cent. ये पोजीशन हमारे मुल्क की है। जहा एक तरफ हम तरक्की की तरफ जा रहे हैं, मेहनतकश किसान अपना खून बहाकर उत्पादन बढ़ा रहा है, मजदूर कारखानों में काम करके वहां उत्पादन बढ़ा रहे है, लेकिन जहां इन्फलेशन की यह हालत हो, 10 परसेंट से ज्यादा इन्फलेशन एक साल के अन्दर हो और जहां पर सरकार यह कहे कि हमने तरक्की के लिए बीस सूत्री कार्यक्रम में रूरल लैण्ड लैस एम्प्लायमेंट गारंटी प्रोग्राम के तहत करोड़ों रुपया रखा है और सेल्फ एम्प्लायमेंट से तालीमयाफ्ता 2.5 लाख लोगों को मुलाजमत देंगे। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि इस 83-84 के दौरान और कितने बेरोजगारों में इजाफा हो जाएगा। मुझे यकीन है कि वह ढाई लाख से ज्यादा होगा। उन लोगों की बेरोजगारी के बारे में आपने क्या सोचा है जिनकी तादाद बराबर बढ़ रही है और जिनको रोजगार दिलाने के सिलसिले में हम नाकाम हुए हैं। मैं बताना चाहता हूं कि इतनी तरक्की होने के बावजूद, इतना आगे बढ़ने के बावजूद, हर क्षेत्र में हम आगे बढ़े हैं, इससे कोई इन्कार नहीं है, लेकिन जिस ढंग से हम सारे साधनों और सारी दौलत को तकसीम कर रहे हैं उससे आम जनता का फायदा नहीं हो रहा है। मैं इस बात से इत्तफाक करता हूं कि तरक्की हुई है, इंडस्ट्रीज के मामले में, साइंस एण्ड टेक्नालाजी के मामले में और हर क्षेत्र में लेकिन इतनी तरक्की होने के बाद इसका ज्यादा फायदा किन को गया है। मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता कि हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों के मुकाबले में अवामी और सोशलिस्ट राज में 20 खानदानों की जागीरदारी कायम है और उनकी दौलत बढ़ रही है। टाटा-बिड़ला का उद्योग बढ़ रहा है। पैसे की ताकत इनके हाथ में आ रही है। अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने के लिए हम कुछ नहीं कर रहे हैं। यही वजह है कि आज बिहार, उड़ीसा, राजस्थान से हजारों लोग पंजाब, महाराष्ट्र और गुजरात के इलाकों में

मजदूरी करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उनको अपने प्रदेशों में मुलाजमत नहीं मिलती, खाने-पीने के साधन नहीं मिलते। मैं दूर नहीं जाऊंगा। हमारे यहां जम्मू-कश्मीर में ही सर्दियों में हजारों किसान कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब और दूसरे इलाकों में मजदूरों के लिए जाते हैं। जिन्दा रहने के लिए यह जरूरी है।

> "A delegation of the Punjab unit of the Congress, led by the PCC Chief, Mr. R.L. Bhatia, today presented its viewpoint on the various

Punjab problems to members of the political affairs committee of the Union cabinet urging that they be kept in view during the tripartite talks.

The 'demands' of the State Congress have a striking resemblance with those of the Akalis, and these were being put forward by the former Chief Minister, Mr. Darbara Singh while he was in office.

The Congress demands are that Chandigarh should be transferred to Punjab immediately and the tehsils of Abohar and Fazilka should be retained by the State."

So far as the question of river waters is concerned, the stand taken by the Punjab Congress-I, now as it stands today, is similar to the stand taken by the Akalis.

17.00 hrs.

What is the stand of the Haryana Congress (I) ? Here is a headline in the newspaper—Haryana Congress MP refutes claim on Chandigarh. Your party in Haryana does not see eye to eye with your party in Punjab. I may assume that most probably the two units are fighting between themselves, but what is not the intention of the Central Government. How can it be ? Shrimati Indira Gandhi is the supreme leader of the party and it is very difficult to have such things if one has to remain in the some party. What action are you going to take ? This is an all-India party, not a regional party. The stand of your party must be one... *(Interruptions)*

PROF N. G. RANGA (Guntur) : One can have it at State level. We are a democratic party, not a dictatorship .. *(Interruptions)*

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : I want to know what is the official position of the Congress (I) regarding the demands of the Akalis. Within these three years you have not been able to make up your mind for the solution of the problem. Irrespective of what the opposition says, irrespective of what the Akalis say, you must have your own say—that this is the solution, which you think, should be acceptable and then you can go ahead instead of waiting for us. It is not necessary that you should have our advice. You are a separate political party, and if you have a problem, you should try to solve it. What right have you to exist when you cannot protect the lives of ordinary citizens ? It is the primary condition for existence of any Government that is must protect the lives and properties of people. But what is happening in these two States ? What action have you taken ? Why cann't you protect them ? Everyday people are being killed in Punjab as also in Haryana by the extremists *(Interruptions)*. I am not talking of Bengal, we can have a discussion on that also.

Why is it that you are not able to find a solution ? You say that you do not want to give this problem a political colour; I also do not want to do that, but what have you done ?

When any evil takes place, you attack the opposition and hold it responsible. If there is a drought the opposition is responsible ..*(Interruptions)*.

AN HON. MEMBER : Who said that? We never said that.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : You said that. For everything, the opposition is held responsible. Shri Rajiv Gandhi, who is the General Secretary of your party, *primus inter pares*, first among the equals recently accused us for everything in Patna .. ...*(Interruptions)*. Here, I quote from the *Hindustan Times*. The headline is—Congress leader flays Akali tactics. You have not said anything about the communalists in Haryana. You say that the Akali extremists are responsible for many things but what about the Haryana extremists. And you

[Shri Satyasadhan Chakraborty]

have also named a party, but I am not going into that, What is your attitude to the problem and how are you going to solve it ?

What happened recently ? There were tripartite talks between the Akali leaders, opposition parties and the Central Government. All of a sudden, shooting and other incidents started at Amritsar and then it all started in Haryana. Can we not presume that there is a force which is trying to sabotage the talks ? If you are not encouraging that force, you have to identify that force. Why did this happen when the talks were going to begin ? We were very optimistic when we knew that the Akali leaders were coming. Not only we; Mr. Shiv Shankar—he should not go; I am quoting him—was equally optimistic. He again, I quote from *Times of India's* heading :

> "Shiv Shankar gets good response".
>
> Mr. Shiv Shankar has to say certain good things about the response he got from the Akalis. *Times of India* says :
>
> "Mr. Shiv Shankar talking to Pressman after several hours of meeting with representatives of Akali Dal, Congress. CPI, CPM, BJP, Janata and Rashtriya Suraksha Samiti, pominent citizens and traders, said he had requested the Akali Dal representatives that religious places be protected from anti-social elements and that these places should not be used for dumping arms to be used by such elements.
>
> "The response to the request was encouraging and positive, he added".

That was the condition Then, what is the force which was responsible for torpedoeing the whole thing ? Why is it, after his visit, when the talks began, that the shooting took place, and communal frenzy started ? What is the force responsible ? It is not the duty of the Government to identify that force, expose it and indicate it to Parliament ? Good speeches will not do.

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. SHIV SHANKAR) : I went later, for your information.

MR. SPEAKER : Not to Haryana.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY ; In Haryana, it happened even on 19th. Now, it is the duty of the Government to isolate those elements which are trying to shortage the talks and a settlement of the problem. You are not doing that. There is beating about the bush on the part of your Government. You have allowed things to take such a shape. It is— policy of drift, a policy of procrastination, of tiring out and not of coming to a settlement. I don't thing the problem are so intractable, because there is almost an agreement. The Prime Minister has already declared that Chandigarh should go to Punjab—yes; in 1971 and also that Fazilka should go to Haryana. That is what the Prime Minister said. Why can't we refer the whole things to a Commission, taking the village as a unit on the basis of language ?

SHRI P. SHIV SHANKAR : We are ready. What does your representative say in the tripartite talks ?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : You are not ready. You are not giving a solution. In Haryana this has happened. In Punjab, the extremists are responsible You handle them. You take firm action No Opposition leader is opposing your firm action It is your responsibility. You are running the Government. What happened in Haryana ? The whole police was an on-looker when burning and killing was going on.

It is the Punjab Congress (I) leader who has said that the Haryana Government is responsible for this. It is not my speech. It is that of the Congress leader. I am quoting again from *Times of India* It says :

> "Mr. Nasib Singh Gill, former Deputy Speaker and a Congressman said in a statement that the mob violence against the majority community at Karnal, Panipat, Kurukshetra, Samalkha and other places in Haryana as well as harassment of travellers on national highway had pained him deeply.
>
> Mr. Gill alleged that what had been done in Haryana could not have occurred without a helping hand from Government leadership."

It is not the Opposition leaders' saying it. It is the Congress leader who is a using the Haryana Government of planning and helping the whole thing; and it is Mrs. Gandhi who gives—put to the Chief Minister : 'Boy' what you have done is all right, without condemning him. For five hours, burning and destruction took place 'What was the police doing ?' Let me ask you.

What was the police doing ? What was the administration doing ? Instead of publishing the administration Mrs. Gandhi praised the Chief Minister. (*Interruptions*) By shouting you cannot drawn the truth. (*Interruptions*) I hold the ruling party responsible as the extremists are responsible that you are not .... (*Interruptions*).

PROF. K. K. TEWARY (BUXER) : This should be expunged (*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : I am stating the fact; it has appeared in the Press. (*Interruptions*) Should I give here a tailor made speech ? Is it your concept of democracy ? I have a freedom to say whether I like until and unless it is unparliamentary. I said nothing unparliamentary. But I have accussed the Prime Minister for this burning and looting. I have seen it with my own eyes. When the administration totally failed you did not take the Chief Minister to task; you praised him; and this way, you cannot run the administration. If the communalist are responsible, the government is also equally responsible.

Finally, I would appeal to the ruling party and particularly to the Prime Minister to give up this habit of accusing the opposition for everything and invite them again to resume the talks to settle the problems peacefully so that the situation does not take any further ugly turn for which this government as well as the extremists and communalists will be equally responsible. Thank you.

श्री चिरंजीलाल शर्मा (करनाल) : स्पीकर साहब, मैंने अपोजीशन के दो आनरेबल मेम्बरान और दोनों की प्रोफेसर्स की तकरीरे बड़े गौर से सुनीं। उनमें बड़ा जोश था। प्रो० दंडवते जी ने बड़ी अच्छी तकरी की, उनको मैं अकीदत पेश करता हूं। काश सभी अपोजीशन के मेम्बरान वैसी तकरीरेकरें। पंजाब ने हिन्दुस्तान की आजादी की कीमत अदा की। दरअस्ल पंजाब और बंगाल ने आजादी की कीमत अदा की। पंजाबी वतन मे बेवतन होकर आए, घर से बेघर हो कर आए, बे-सरो-समानी की हालत में आए और उन्होंने आकर एक शानदार पंजाब, एक नया पंजाब बसाया जिसमे हरियाणा भी शामिल था। बदकिस्मती की बात है कि उस पंजाब में आज आग लगी हुई है और उसका रिएक्शन बदकिस्मती से हरयाणा में भी हुआ। दुर्भाग्य से इस सिलसिले में प्रेसीडेंशियल एड्रेस में इतिहास में पहली बार हरयाणा का जिक्र आया। जहां प्यार और मोहब्बत की मुरलियां बजती थी, वहां बुमज व अनाद के नाकुश फुके जा रहे हैं और नफरत की आग भड़कने लगी। पानीपत के

[श्री चिरंजीलाल शर्मा]

बारे में अपनी बात मैं बाद में करूंगा। प्रोफेसर साहब ने दरिया को कूजे में समाने की कोशिश की। अकाली दल की डिमांड की गहराई में नहीं गए। मैं भी उन्हीं दो मुद्दों को लूंगा—एक टैरिटोरियल डिस्पयूट और दूसरा वाटर डिसपयूट। सतरह साल पहले पंजाब और हरियाणा एक शरीर था। कभी बर्मा भी हिन्दुस्तान का हिस्सा था और कभी पाकिस्तान भी हिन्दुस्तान का एक हिस्सा था। सूबे तकसीम हुआ करते है, लेकिन हमारा जो पानी का हक था, वह हमे नहीं मिला। 17 साल की जद्दोजहद के बाद 31 अक्टूबर, 1981 को राजस्थान के मुख्य मंत्री, हरियाणा के मुख्य मंत्री, और पंजाब के मुख्य मंत्री द्वारा एक एग्रीमेंट हुआ प्राइम मिनिस्टर साहब ने पहले जो एवार्ड दिया था, उसको मोडिफाई किया, जिस पर उस वक्त के इरिगेशन के दस्तखत हैं, प्राइम मिनिस्टर साहब के दस्तखत है। इस प्रकार 18 फरवरी, 1982 को श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने दस्ते मुबारक से उसकी आधार-शिला रखी और खुदाई का काम शुरू हुआ उसी वक्त पंजाब में आग लगनी शुरू हुई, उससे पहले इतनी बेचैनी नहीं थी। अब सवाल यह पैदा होता है कि हरियाणा को पानी मिलना चाहिए था या नहीं, जो कि उसका हक है। इसके बारे में एक अकाली भाई कहते हैं कि यह पानी उनको न दिया जाए।

दूसरे टैरिटोरियल डिसपयूट है। यदि मैं शाह कमीशन की रिपोर्ट का जिक्र न करूं तो मैं अपने फर्ज की अदायगी में कोताही करूंगा। शाह कमीशन ने सारा अम्बाला जिला, चंडीगढ़ हरियाणा को दिया था। उसके बाद संत फतेह सिंह ने कहा कि यदि चंडीगढ़ पंजाब को नहीं दिया गया तो मैं गुरुद्वारा साहब पर जल कर मर जाऊंगा। प्राइम मिनिस्टर साहब ने अपनी फिराख-दिली का सबूत दिया, संत के जजबातों का एहतराम किया और चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया, मगर उसके बदले में आबोहर और फाजिलका हरियाणा को दिए जाने का फैसला हुआ। स्पीकर साहब आपको बखूबी इल्म है, उस वक्त पंजाब में दिवाली मनाई गई और हरियाणा में दस जवान पुलिस की गोलियो से भून दिए गए, जिन्होंने यह कहा कि यह फैसला हमें मंजूर नहीं है। शांति हुई और सन् 1977 से 1979 का वक्त आया, जबकि जनता पार्टी का राज था। पंजाब में अकाली दल का राज था। यहां पर बरनाला साहब और धन्नासिंह गुलशन अकाली दल को रिप्रेजेंट करते थे। यहां पर वे पोने तीन साल खामोश रहे। उस वक्त उन्होंने क्यों नहीं टैरिटोरियल डिस-पयूट को उठाया। चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया गया। यह सोची-समझी चाल है। यह डिमांड यहां तक ही महदूद नहीं है, पोलि-टिकल मोटिव है। उन्होंने कहा था दरबारा सिंह को हटाओ। दरबारा सिंह को भी हटा दिया गया। यदि पंजाब की बागडोर बादल और टोहरा के हाथ में दे दी जाए तो सब शांत हो जाएगा। यह लड़ाई पोलिटिकल डिमांड्स की नहीं है। लेकिन हम उस पार्टी से ताल्लुक रखते हैं जिसके सामने बरतानवी साम्राज्य की सन-सनाती गोलियां फूल बन गईं। इस प्रकार एक्सट्रीमिस्ट इस किस्म के वाक्यात करके पंजाब में धमकी से अपनी मांगों को मनवाना चाहते हैं। फिर दंडवते जी तजवीज करते हैं कि लोंगोवाल और प्राइम मिनिस्टर साहिबा आपस में बातचीत करें। बहुत अच्छी तजवीज है। लेकिन मैं

क्या आपके द्वारा अपोजीशन से यह पूछने की हिम्मत कर सकता हूं कि क्या वे इस चीज की जिम्मेदारी लेंगे कि यदि कोई दोनों के बीच में फैसला होगा तो अकालियों को वह मंजूर होगा । भिंडरांवाला का बयान मोलाहिजा फरमायें प्राइम मिनिस्टर मुझ से यहां आकर बात करें । आज सिखों को कौन रिप्रेजेन्ट करता है - पंजाब के 13 एम० पीज में से 12 कांग्रेसी हैं, सिर्फ एक अकाली है । पंजाब की असेम्बली कांग्रेस बरसरेइक्तदार थी । मैं यह चीज समझ नहीं पाया, मेरी साफगोई के लिए मुझे माफ करेंगे, मैं अपनी नेता प्राइम मिनिस्टर से अर्ज करना चाहता हूं—जहां आप अकालीज को ट्रिपार्टाइट टाक्स में, त्रिपक्षीय वार्ता में शामिल करते हैं, वहां जो इंटरेस्टेड पार्टीज हैं, जिन के हुकूक इफेक्ट होते हैं उन को शामिल नहीं किया जाता है। हम प्राइम मिनिस्टर साहिबा के मशकूर हैं और होम मिनिस्टर साहब ने भी बात कई बार कही हम उस वक्त तक कोई फैसला थोप नहीं सकते जब तक दूसरों के हुकूक एडवर्सली इफेक्ट होते हैं। हरियाणा का उन्होने खासतौर पर जिक्र किया है हमें उन पर पूरा भरोसा है, लेकिन इस चीज की क्या गारन्टी है कि जो भी लेटेस्ट फेसला किया जायगा वह आखरी होगा । संत फतह सिंह ने एक मांग की थी, वह पूरी हो गई, आज लोंगोवाल हैं, कल कोई दूसरे संत आ जायेंगे, संत भिंडरांवाला कल को कोई और चीज कह बैठें—आखिर इस का अंत क्या होगा ? इस का अंत इस तरह नहीं होगा, यह इतना गंभीर मामला है, जिस को रौब से हल नहीं किया जा सकता । मैं तो यह कहूंगा—इस मामले को शक्ति से निपटाना होगा, इस के बिना काम नहीं चलेगा, हाथ जोड़ने से राज नहीं चलता है .....

श्री मनीराम बागड़ी : तुम्हारे अन्दर हिम्मत कहां है ? बुजदिल हो, कांस्टीचूशन जल रहा है और तुम बुजदिलों की तरह से बैठे हो ।

श्री चिरंजीलाल शर्मा : हमारे अन्दर दम है और हम राज कर रहे हैं । आप को भी मौका मिला था—पांच साल राज करने का, लेकिन पौने तीन साल के अन्दर ही ऐसे पैदा कर दिये कि देश में फिर नारा लगा—इन्दिरा लाओ, देश बचाओ । उन पौने तीन सालों के अन्दर देश को दस साल पीछे धकेल दिया । हम ने, देश की कुलाहें इफतखार अरशेबरी पर पहुंचा दीं ।

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : हम लोगों की लाशों पर राज नही करना चाहते।

श्री चिरंजीलाल शर्मा : स्पीकर साहब, मैं करनाल कास्टीचूएन्सी को रिप्रेजेन्ट करता हूं । ता० 15 को मैं पानीपत गया था, मुझे पता लगा कि वहां पथराव हो रहा था—गाड़ियों पर और वहां कुछ इस किस्म का एलीमेंट था । लेकिन सवाल यह है कि इस का कारण क्या था ? वह पंजाब के वाक्यात का रिएक्शन था । यह कहना सरासर गलत है कि वहां की पुलिस तमाशबीन बनी रही । मैं प्रोफेसर साहब से बड़े अदब से कहना चाहता हूं—उस रोज सी० आर० पी० नहीं थी । हरियाणा सरकार ने ज्यों ही हालत इस किस्म के हुए फौरन एक्शन लिया—शूट-एट-साइट के आर्डर दिये । आप पानीपत गये, लेकिन दो सालों से पंजाब में जो आग लग रही थी, आप ने पंजाब के वाक्यात को जा कर क्यों मुलाहिजा नहीं किया ?

प्रो० मधु दंडवते : वहां भी गया था ।

श्री चिरंजीलाल शर्मा : उस को देख कर क्या तस्वीर यहां पेश की ?

एक माननीय सदस्य : आप की पार्टी की सरकार वहां पर थी, उस ने क्या किया ?

श्री चिरंजीलाल शर्मा : हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया।......

...(व्यवधान)...

स्पीकर साहब, प्रोफेसर चक्रवर्ती ने जो सी० पी० एम० से ताल्लुक रखते हैं—कांग्रेस पार्टी पर एक एटेक किया है। पंजाब की कांग्रेस यह कहती है, हरियाणा की कांग्रेस यह कहती है, इंदिरा गांधी महान नेता है। प्रोफेसर साहब, हमें इस चीज का गर्व है कि हमारे देश की नेता एक है, हमारी पार्टी की नेता एक है। जिस पार्टी का एक नेतृत्व नहीं होगी, उस का वही हाल होगा जो आप का हुआ। देश वह जिसका नेता एक, पार्टी वह जिसका नेता एक। हाथ कंगन को आर्सी क्या— आप का पांच पार्टियो का भानमति का कुनबा बना, नतीजा क्या निकला, जूतियों मे दाल बटी, एक दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरा, कोई वहां गिरा। स्पीकर साहब मैं अपोजीशन की एकता का सुबूत देना चाहता हूं। 14 ता० को अपोजीशन के कुछ मेम्बरान पानीपत गये और उन्होने एक रेजोलूशन पास कर के यह इल्जाम लगाया कि हरियाणा में एडमिनिस्ट्रेशन की मिली-भगत से दिन-दहाड़े धर्म स्थानों को जलाया गया और मासूम लोग कत्ल किये गये। इस रेजोलूशन में मजीद कहा गया कि अकाली दल के मतालबात का मजीद जायजा लेने की अब कोई जरूरत नहीं है। अब सरकार को अपने फैसले का एलान करना चाहिये। इसी रेजोलूशन में मजीद कहा गया कि मुतहेदा मुहाज पंजाब के इन मतालबात की लगातार हिमायत कर रहा है, जिसकी वजाहत संत लोंगोवाल और उन के साथियों ने की है।

इस के बाद आप यह देखिये कि 23 ता० को हरियाणा के मुख्य मंत्री ने अपोजीशन लीडरान की चंडीगढ़ में मीटिंग बुलाई और वहां अलग से एक रेजोलूशन पास हुआ। वह मैं आप के सामने बताना चाहता हूं। उस मीटिंग में बी० जे० पी० के आदमी भी थे और एन० डी० ए० के भी थे और कांग्रेस (ओ) और दूसरे आदमी भी थे। उस में यह कहा गया कि मजबूत सरकारी एक्शन से हरियाणा में हालात नार्मल हो गये हैं। वहां मुतफिका तौर पर पास किये गये रेजोलेशन में कहा गया कि हरियाणा में जो तशददुद हुआ, वह हरियाणा की किसी भी पार्टी की अंगेख्त पर नहीं, वह पंजाब में इनाहपसंदो और एक्सट्रीमिस्ट्स की सरगर्मियों का रद्द अमल था।

अब आप यह देखिए कि अपोजीशन 14 तारीख को क्या रेजोलूशन पास करता है और बाद में यहां पर क्या रेजोलूशन पास करता है। स्पीकर साहब मैं यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुओं के दिलों में सिखों के महान् गुरुओं के तेंई गहरी अकीदत है। हम सभी जानते है कि उन अजीम बुजुर्गों ने हमेशा शरब का भला चाहा। हमारे शास्त्रों ने भी सर्वे भवन्तु सखिन: की तालीम दी लेकिन आज कुछ संत कहलाने वाले गलतकार लोगों की बदोलत सदियों की रिफाकत और बाहमी भाईचारा और रिफाकत मिट्टी में मिलता दिखाई देता है। जिस अजीम गुरुद्वारे से रूह परपर और दिल पजीर शब्द सुनमे को मिलता था, आज वहां से मासूम लोगों को हलाक करने के लिए गोलियां

दागी जाती हैं। जहां महापुरुष मधुर गुरुवाणी का सच्चा उपदेश देने के लिए विराजमान रहते थे वहां आज कातिलों, लुटेरों और स्मगलरों को पनाह मिलती है।

आज हमारे डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी जी यहां जलवा-अफरोज नहीं हैं। वे वहां पर गये और भिंडरावाला से उन्होंने मुलाकात की और वहां से आने के बाद भिंडरावाला की तारीफ की। हमारी जनता पार्टी के मेम्बरान भी वहां पर गये। मैं यह पूछना चाहता हूं कि इन हालात में जहां कत्लो गारत और कुश्त व खून की होली खेली जा रही हो और मासूम और बेकसूर आदमियों को गोली से भून दिया जाता हो, क्या अपोजीशन का यह फर्ज नहीं है कि इस सारे एक्शन को एकदम आऊटराइट कंडेम करे और मैं तो यह तजवीज करूंगा इस सदन के जरिये आप की इजाजत से कि जब तक कि वहां बिल्कुल अमन कायम न हो या एजीटेशन विदड्रा न हो, उस वक्त तक किसी किस्म की बातचीत इन लागों से न हो।

स्पीकर साहब, चाहे पंजाब हो या हरियाणा हो, मैं एक शेर कहना चाहता हूं :

आसमां से बयां हो
कि जमीन से उठे
फितना हर हाल में
फितना है कहीं से उठे।
मानिंद खिजां रंगे
चमन का दुश्मन
जीनतकुदा सुरु व
सुमन का दुश्मन
मैं कहता हूं पंजाब
का यह फिरकापरस्त
लारेब है कौम और
वतन का दुश्मन।।

इतना कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री चरण सिंह (बागपत) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप की इजाजत से इस मसले पर अपने विचार सदन के सामने प्रकट करना चाहता हूं। मेरी तबियत ठीक नहीं हैं, इसलिए मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा। अध्यक्ष महोदय, पंजाब का मामला हो, हरियाणा का मामला हो या और कही का भी हो, सभी मामलों मे डिविसिव फोर्सिज बढ़ रही है। इनमें उन डिविसिव फोर्सिज की इतनी गल्ती नहीं है जितनी कि हमारी गवर्नमेंट की है, हमारी पोलिटिकल लीडरशिप की है। (व्यवधान) अगर मैं गल्ती पर हूं तो आप मेरी बात का जवाब दे दीजिए।

महात्मा गांधी की हत्या के करीब दो महीने के बाद, तीसरी मई, 1948 को तमिलनाडु के श्री अनन्त शयनम ने कांस्टीच्युएंट असेम्बली में एक रिजोल्युशन पेश किया था जिसमें यह कहा गया था कि साम्प्रदायिकता से देश को काफी हानि पहुंच चुकी है, इसलिए देश में साम्प्रदायिक संस्था को पोलिटिक्स में काम नहीं करने देना चाहिए। साम्प्रदायिक संस्था की परिभाषा यह की गई थी कि जिस संस्था की मेम्बरी किसी एक धर्म या बिरादरी तक महदूद हो। ऐसी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में या सामाजिक सुधार के क्षेत्र में तो काम कर सकती है, अपने धर्म के प्रसार के लिए काम कर सकती है लेकिन वह संस्था राजनीतिक क्षेत्र में काम नहीं कर सकती। रिजोल्युशन में यह भी कहा गया था कि इसके लिए कानून बनाया जाए और जितने भी गवर्नमेंट के शासकीय या दूसरे आदेश हों वे जारी किए जाएं। यह मई 1948 की बात है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इस

[श्री चरण सिंह]

प्रस्ताव का समर्थन किया था। लेकिन आज तक कांग्रेस गवर्नमेंट ने इस पर अमल नहीं किया हालांकि कांग्रेस के हाथों में ही बराबर शक्ति रही है। उसी जमाने से मोहम्मद कोया की अध्यक्षता में इंडियन मुस्लिम लीग दक्षिण में काम करती आ रही है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने स्वयं इस रिजोल्युशन का समर्थन किया था।

मैं यह कहना चाहता हूं कि वैसे तो हमारे सामने यह रिजोल्युशन है लेकिन अगर यह रिजोल्युशन न भी होता तब भी हमें साम्प्रदायिक संस्थाओं को राजनीति में भाग लेने की इजाजत नहीं देनी चाहिए थी। दूसरे क्षेत्रों में वे काम कर सकती थीं। लेकिन पंडित जी ने इस सम्बन्ध मे कोई एक्शन नही लिया। माननीय प्रधान मंत्री जी भी बैठी है मै उनको जबानी भी कह चुका हूं और आज फिर दोहराना चाहता हू कि जब वे कांग्रेस की प्रेजीडेंट हुई थी तो उन्होंने मुस्लिम लीग के साथ कोयलीशन गवर्नमेंट बनाई थीं। यह 1960-61 की बात है। इस तरीके से आपने कम्युनलिज्म को क्यों रेस्पेक्टेब्लिटी दी ?

श्री इब्राहीम सुलेमान सेट (मंजेरी) : आप पंजाब के मसले पर बात कीजिए, दूसरे मसलों को क्यो घसीट रहे है ?

श्री चरण सिंह : मैं यह अर्ज कर रहा था कि साम्प्रदायिक संस्था चाहे मुस्लिम लीग हो, चाहे अकाली दल हो, चाहे हिन्दु महासभा हो, चाहे जमैयते इस्लामी हो, कोई भी संस्था हो, जिस संस्था की मेम्बरी एक बिरादरी या एक महजब तक महदूद हो, उस संस्था को पोलिटिक्स में काम नहीं करने देना चाहिए। कांस्टीच्युएंट॰ असेम्बली में रिजोल्युशन पास हुआ, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उसका अमर्थन किया लेकिन किसी सरकार ने उस पर अमल नही किया। इसी की वजह से सारी खराबियां पैदा हो गई है। इसी की वजह से डिविसिव फोर्सिज ने सिर उठाना शुरु किया है।

हमारे कांग्रेस के बड़े-बड़े लीडर जिनका कि मैं नाम नहीं लेना चाहता, यू॰ पी॰ में भी हैं अपनी-अपनी कास्ट की इंस्टीच्युशंस में हिस्सा लेते है। मैंने यू॰ पी॰ में एक रिजोल्युशन पेश किया था कि कांग्रेस का कोई कार्यकर्त्ता किसी भी अपनी कास्ट की इंस्टीच्युशन में हिस्सा नहीं लेगा। मैं एक बुजुर्ग का नाम नहीं लेना चाहता, उन्होने भी उस वक्त अनुमोदन किया। मैंने उनसे कहा कि बाबूजी आप अपनी बिरादरी की सभा में कानपुर और कलकत्ता गए थे। उन्होने कहा भाई मेरी गलती हो गई, मुझको यह नहीं करना चाहिए था। वह नाम मैं ले सकता हूं, लेकिन छोड़ता हूं। श्री शर्मा जी पलवल ब्राह्मण कान्फ्रेंस, हरियाणा की नहीं, आल इंडिया की नहीं बल्कि पलवल तहसील ब्राह्मण कान्फ्रेंस में प्रेसाइड करने गए है। **(व्यवधान)**

श्री चिरंजीलाल शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं पलवल में किसी ब्राह्मण सभा को प्रेसाइड करने नहीं गया। इस चीज को मैं कसम खाकर कहता हूं, चौधरी साहब को किसी ने गलत खबर दी है।

श्री चरण सिंह : यह गलत है तो मैं आपको वह प्रोसीडिंग प्रेस से भेज दूंगा और आपने उसका खंडन आज तक नहीं किया है। उसमें एक पम्फलेट भी है। **(व्यवधान)**

PROF. N. G. RANGA : Mr. Speaker, Sir, I don't want to disturb Choudhary Sahib, but when an Hon. Member says that was not correct and he says it on oath, it must be accepted. There can be no more contradiction. (*Interruptions*)

PROF. MADHU DANDAVATE : Sir, he has withdrawn from the Conference with retrospective effect.

(*Interruptions*)

PROF. N. G. RANGA : Whatever it is his words must be accepted on the floor of the House.

(*Interruptions*)

श्री चरण सिंह : पंडित जवाहर लाल जी नेहरू अक्सर फरमाया करते थे कि तीन डिवीजन फोर्सेस हैं - रिलीजन, कास्ट और लेंग्वेज। तो मैंने रिलीजन का जिक्र कर दिया और कास्ट का भी। उन्होंने इस बात का कोई असर नहीं लिया और जहां तक लैंग्वेज की बात है तो पंडित जी हिन्दी लैंग्वेज को जिसको कांस्टीट्यूशन ने मंजूर किया था, उसको अमल में लाने के लिए कोई कोशिश नहीं की और जनवरी 1963 को उन्होंने एक रेजोल्यूशन पेश किया कि इंगलिश एसोसिएट लेंग्वेज रहेगी जब तक हमारे साउथ के दोस्त इसको पसंद नही करेंगे। आपने समय उनको दिया लेकिन कब तक। अगर हिन्दी मजूर नहीं है तो संस्कृत ले लीजिए, और कोई भाषा ले लीजिए। नेशन तो एक तब बनेगा जब कोई लैंग्वेज बाउंड की जाएगी। तभी एक देश बनेगा वरना बिखरता जा रहा है। ये है डिवीजन फोर्सेस। अब माननीय प्रधानमंत्री जी इन्कार कर रही हैं।

किसी दोस्त ने कहा था कि दोष दे रही हैं हम लोगों को, अपोजीशन को कि हम डिवीजन फोर्सेस को बढ़ा रहे हैं। मैं उनको पिछले दो महीने की एक दर्जन स्पीचेज भेज सकता हूं जिसमें उन्होंने फरमाया है कि अपोजीशन पार्टी डिवीजन को बढ़ा रही है। कैसे बढ़ा रही है। बढ़ा रही हैं आप या आपकी गवर्नमैंट और दोष हमको देते हैं।

मैंने आपको रिलीजन की बात बतला दी, कास्ट की बात बतला दी और लैंग्वेज के मुत्तलिक बतला दी। जब तक आप इस पर एक्शन नहीं लेंगे और दोष हमको देते रहेंगे तो ये कहां तक मुनासिब होगा। किस तरीके से हम लोग जिम्मेदार हैं कम्युनल आर्गनाइजेशंस को बढ़ाने में। लैंग्युइज्म का जिक्र आ गया...। (**व्यवधान**) आप मुझे बोलने दीजिए नहीं तो हम भी ऐसा कर सकते है।

अभी मद्रास में गवर्नमेंट ने एतराज किया कि आल इण्डिया रेडियो को आकाशवाणी नहीं कहा जाएगा हमारे यहां। हमारे मिनिस्टर आफ स्टेट फार इनफरमेशन एक नोजवान है, उन्होंने एक आर्डर जारी कर दिया, शायद मिनिस्टर मौजूद नहीं थे और प्राइम मिनिस्टर भी मौजूद नहीं थीं, उन्होंने आर्डर यह दिया कि नहीं "आकाशवाणी" ही कहा जाएगा।

माननीय प्रधान मंत्री जी बाहर गई हुई थीं। बाहर से आकर उस आर्डर को कैन्सिल करती है और एम० जी० आर० की ख्वाहिश को मंजूर करती हैं कि बेशक तमिलनाडु में आकाशवाणी नहीं कहा जायेगा बल्कि आल इण्डिया रेडियो ही कहा जायेगा। लेकिन क्यों ? आकाशवाणी एक अच्छा शब्द है, जो बहुत दिनों से चल रहा था। वे हिन्दी की बजाय अंग्रेजी का शब्द चाहते थे। आपने उसको मंजूर किया और

[श्री चरण सिंह]

दोष अपोजीशन को दिया जाता है कि हम डिवीजिव फोर्सेस को बढ़ा रहे हैं। जहां तक पंजाब की बात है, मैं बहुत तफसील मे बोल चुका हूं इसलिए बहुत थोड़ी सी बात कहना चाहता हूं। संत भिंडरावाला किस की क्रिएशन है। उसको किसने बढ़ावा दिया? एक दफा वह बम्बई में गये। बम्बई में जो सिख फ्रैंड्स थे, उन्होंने बहुत ज्यादा रुपया इकट्ठा किया। उसको आप नहीं रोक सकते थे। इसके बाद वे दिल्ली में अन-लाईसेंस्ड आर्म्स लेकर लारी में बैठकर आए, जिसके ऊपर उनके फालोअर्स बैठे हुये थे। दो दिन तक उन्होंने दिल्ली का दौरा किया। सरदार दरबारा सिंह उस वक्त चीफ मिनिस्टर थे। उन्होने ज्ञानी जैल सिंह को इत्तिला दी कि वे अन-लाईसेंस्ड आर्म्स लेकर दिल्ली आ रहे है, कोई कार्यवाही की जायेगी? वह खुफिया आर्डर नही था इसलिए पब्लिश हो गया। यह नहीं हो सकता कि माननीय प्रधान मंत्री जी को उस आर्डर का और उनके घूमने का मालूम न हो। माननीया प्रधान मंत्री जी इस तरह से उनको एन्करेज कर रही है। लाला जगत नारायण सिंह जी और बाबा गुरबचन सिंह जी के मर्डर का चार्ज उन पर था। चौक मेहता चौकी के पास कोई गुरद्वारा है। वहां आर्डर होता है कि पुलिस उसके अंदर नही जायेगी। पुलिस वाले जाकर पूछते है कि सत जी महाराज आप कब बाहर तशरीफ लायेंगे। उन्होने तारीख मुकर्रर कर दी कि उस रोज बाहर आऊंगा। वे उस रोज बाहर आते है और लाख दो-लाख आदमी इकट्ठे हो जाते है। एस० जी० पी० सी० के चेयरमैन श्री सन्तोख सिंह यहां से जाते है और जो कांग्रेसमैन थे वे वहां जाकर ऐसी तकरीरें करते है कि पुलिस को गोली चलानी पड़ती है। जिस वक्त उनको यह अधिकार दिया गया कि वह जब चाहे बाहर आएं और पुलिस अंदर नहीं घुसेगी, उसी वक्त संत भिंडरावाले का कद पंजाब के चीफ मिनिस्टर के मुकाबले दो फीट ऊंचा हो गया।

गुरूद्वारे में पुलिस क्यों नहीं जायेगी। जिस प्रकार गुरूद्वारा पवित्र स्थान है उसी प्रकार गिरजाघर और मस्जिद भी है। जिन लोगों के खिलाफ वारंट है और जिन्होंने जुर्म किया है, उनको आप आश्रय लेने की इजाजत क्यों देते हैं? क्या कही दुनिया मे ऐसा हुआ? हमारे मुसलमान भाईयों के सबसे सेक्रेड प्लेस काबा मे कुछ मुसलमान एक्सट्रीमिस्ट्स ने जबर्दस्ती कब्जा कर लिया। वहां की गवर्नमेंट ने उसको बम बार्ड कर दिया। काबा कुछ बरबाद हुआ और वह लोग गिरफ्तार किये गये। उससे काबा की शान नहीं घटी। यह अजीब आर्ग्युमेंट है कि कोई कत्ल या जुर्म करके गुरूद्वारे में जाता है तो वायोलेशन नही है। पुलिस अन्दर जाती है तो वह वायोलेशन हो जाता है। मैं माननीय प्रधान मंत्री से एक बार जबानी भी कह चुका हूं, मैंने उस समय भी उनसे जिक्र किया था, अब फिर दोहरा देना चाहता हूं कि अखबार मे एक रिपोर्ट है। अगर आप चाहेगी तो उसकी कापी मे आपके पास भेज दूंगा। आपने किसी गुरुद्वारे में जाकर या कही और सिख ओडियेन्स के सामने एक तकरीर यह की, मुझ पर अपोजिशन के लोग जोर डाल रहे है गुरुद्वारे के अन्दर जाने के लिये, मैं आपकी धार्मिक भावनाओं का आदर करती हूं, लेकिन मुझ पर अपोजिशन का जोर पड़ रहा है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : छपा है, प्रकाशित हुआ है।

(व्यवधान)

श्री चरण सिंह : यह प्रकाशित हुआ है। माननीया प्रधान मंत्री जी ने मुझे यह कहा कि उन्होंने यह बात नहीं कही। मैं उनसे यकीन करता हूं, बेशक नहीं कही होगी। जब वह कहती हैं कि उन्होंने नहीं कहा, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि जब पेपर के फर्स्ट पेज पर न्यूज छपती है, तो आपकी तरफ से उसकी तरदीद क्यों नहीं की गई। अगर जनता इस बात पर यकीन करती है कि आपने कहा तो यह हक बजानिब होगी क्योंकि आपकी तरफ से उसकी तरदीद नहीं हुई।

आप अपोजिशन को दोष दें और अपनी जिम्मेदारी की तरफ ध्यान न दें तो यह मुनासिब बात नहीं, यह अन्याय की बात है। यह हम लोगों के साथ अन्याय करना है।

अब मैं हरियाणा और अभोर की बात कहूंगा। मेरा ख्याल है कि वह गलती थी पंजाब की और हरियाणा को एक-दूसरे से अलग करने की। उन्हे याद हो या न हो, सन् 1966 मे जब मैं यू० पी० में था, उन्होंने मुझे एक खत लिखा कुछ शिकायत करते हुए। तभी मैंने एक खत रोहतक के एक एडवोकेट को लिख दिया था और उसकी कापी मैंने उनको भेज दी। मैंने कहा था कि जिस ग्राउन्ड पर यह तकसीम की जा रही है हरयाणा और पंजाब की, आगे इसके नतायज खराब निकलेंगे। सन्त फतह सिंह बहुत सही मायने में सन्त होंगे, मैं उनको नहीं जानता, लेकिन उन्होंने फाका किया और आपने घुटने टेक दिये। गवर्नमेंट कही फाका करने से या फास्ट करने से अगर एक्शन ले गई तो गवर्नमेंट नहीं रह गई, फिर तो कानून का राज्य नहीं रह गया। फिर जो जितना लम्बा फास्ट कर दे, जितना आदमी ज्यादा फास्ट कर दे तो कानून का स्थान फास्ट और अगर धमकी लेती रही है तो उसकी वजह यह है कि हमारी गवर्नमेंट बराबर उसके सामने झुकती रही है।

इन शब्दों के साथ मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता, हरयाणा में जो हुआ है वह प्रतिक्रिया है उसकी। मैं अपने उन दोस्तों से सहमत हूं कि यह कांग्रेस लीडरशिप के एक्वीसेंस के बिना हो नहीं सकता था, भजन लाल कर नहीं सकते थे। उसका एवीडेंस हमारे पास हो, यहां दे नहीं सकते। अगर अदालत में आप जुडिशियल इन्क्वायरी करवायें तो

(व्यवधान)

आचार्य भगवान देव : मुख्यमंत्री की बात आप कर रहे है।

श्री चरण सिंह : शायद आपकी समझ में एक्वीसेंस का लफ्ज न आया हो ?

आचार्य भगवान देव : चौधरी साहब, पंजाब के सम्बन्ध में मैं आपसे अधिक जानता हूं। मैंने पंजाब को देखा है, आपको तो पंजाब का पता ही नहीं।

(व्यवधान)

SHRI VIKRAM MAHAJAN (Kangra) : Mr. Speaker, Sir, the situation in Punjab is a matter of concern for all of us and we expected that the situation in Punjab would be discussed in the House. But instead of giving concentration on the situation in Punjab. Some of the Opposition Parties have tried to make charges and counter-charges and tried to take political mileage out of the situation.

Sir, so far as our Party is concerned, it has always been extending the hands of

[Shri Vikram Mahajan]

friendship towards the Akali Dal party and its leadership. Efforts have been made to settle the issue. One of the Opposition Parties have come out with the theory of drift. Probably, they do not understand. It requires patience and for patience, one needs courage and time. It is the statesmanship attitude of the Prime Minister and the Government that whereas the orignal demands were numbering 34, they have been scaled down to a few. It is because of constant negotiation and constant discussion that so much has been achieved. We are quite confidence that this problem will be solved because of the leadership of our Prime Minister.

Chaudhuri Charan Singh came out with a theory—I would like to dilate a little on that—that a nation can be only united if there is one national language. That is what I understood from what he said. Probably, he is not aware that there are many countries in the world which are quite strong and they are multilingual I may give the names of a few countries. A small country like Switzerland has got four national languages. In Canada, there are two national languages. Chaudhuri Charan Singh does not know that. This is the reason why he has not been able to understand the basic problems facing the country.

One of the issues raised was : Why don't you ban communal parties. It is a very good suggestion. But Chaudhuri Charan Singh also had an opportunity to carry out his thesis. I think, he failed miserably in that. So, it is better to practise than to give an advice.

The Congress Party, the Congress Government, has always stood by the minorities and it has always protected their interests. Even at the risk of its own support being eroded, the Congress Party has supported the minorities. One of the latest instances is the way in which the minorities are protected in Assam. Therefore, no Opposition Party can accuse the Congress Government for not protecting the interests of minorities. Here is a ruling party which is going to the extent of eroding its own base to protect the interest of minorities.

What are the Akalis doing ? The Nirankaries who are a minority in Punjab and other minorlties are being shot down every day. This is the difference in attitude and approach to the problem of minorities. An extremist section of Akalis are shooting down the Nirankaries and the others who claim to be moderates have also connived.

Not only this. Only two days back, the so-called moderates also went to the extent of burning the copies of the Constitution. Is it an act of moderation ? What did they achieve ? They are playing in the hands of Mr. Bhindranwale and, in that process, they are weakening the nation and weakening their own demands. It was said rightly earlier that they are, in fact, arousing passions and endangering some of their own brothers in other parts of the country. But it goes to the credit of the Government and the Prime Minister that in no other part of the country such incidents have taken place, which could have created a holocaust in the country, as it happened in 1947.

With the patience shown by the Government many of the religious demands of Akalis have been accepted by the Government even at the risk of similar demands being raised by other minorities. But the Prime Minister took the risk because she wanted a dispute to be settled and a section of society in a border State to be satisfied, She took a chance and conceded to their religious demands. Similar demands can be raised by other communities also. Why can't the religious poems of other religions be not broadcast by the All India Radio ? It is an act of statesmanship and courage which is required to settle an issue.

Therefore, this theory which is expounded by the CPM Member is more a misnamer and this shows his failure to

understand the issue or probably he is trying to take political advantage of the situation with an eye on the elections. The minds of the Opposition Members are haunted by the idea of facing the elections but they cannot hope to win over the Congress Party. The Opposition parties do not know how to unite. They do not know which issue to raise. They would like to hang on any issue which comes in handy to them and probably they are trying to take political mileage out of the Punjab problem. If any Party is trying to take advantage of the Punjab issue and is trying to weaken the country, it will not help that party in the long run in the elections. The Opposition parties should understand this basic principle.

The Government has tried its best to settle the territorial demands and to settle the issue. So far as the Central Government is concerned, Punjab remains as a part of India to whichever State Chandigarh goes. But the question is whether Chandigarh should go to this or that State. Therefore, both the States have to be accommodated. The Government is acting as a mediator and the points have to be settled. The best way of settling the issue is that the matter should be referred to an Arbitrator or a Commission. But it is only through a process of dialogue that these issues can be settled. The Opposition was a party to the tripartite talks. Earlier also, the matter was discussed with the ruling party and the Akalis have urged the Prime Minister to take the initiative and call the three parties, the Akalis, the Opposition and the ruling party. But, when the talks were being held, some elements who do not want a settlement of the problem.........

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Who are those elements ?

SHRI VIKRAM MAHAJAN : I could have named them. But I will just leave it at that. All such elements who do not want these talks to succeed and who want to take political advantage of this problem were bent on keeping the problem burning so that they can take advantage of the situation.

Why are these demands being raised again and again after 1980 ? When the Akali Party was in power twice or thrice between 1977 and 1980, these issues were not pressed The Akali party was a party to the coalition government at the Centre. Why did the Akali Party take up these issues now ? It is because the motive of the Akalis is not the settlement of the issues but it is a poly to gain power in Punjab.

I am sure that under the dynamic and bold leadership of our Prime Minister, we will be able to solve this problem.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, मैं काम-रोको प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । मैं यह समझने में असमर्थ हूं कि इस प्रस्ताव को उसी दिन क्यों नहीं ले लिया गया था जिस दिन इसे पेश किया गया था । उस दिन अगर बहस हो जाती

प्रधान मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : तो आप बन्द रोकवा देते ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर आप अकालियों से संविधान जलवाना रोकवा लेतीं तो हम बन्द पर जोर नहीं देते । बन्द शांतिपूर्ण रहा. यह प्रधान मंत्री को मानना पड़ेगा । **(व्यवधान)**···इसमें हमारा हिस्सा ज्यादा है ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : आपका समय जा रहा है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : समय तो मैं अध्यक्ष महोदय से ले लूंगा, आप और बोलिए । . **(व्यवधान)** ..

18.00 hrs.

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अगर संसद में चर्चा रोकी जायेगी या उसमें बाधायें पैदा की

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

जायेंगी तों सवालों को सड़कों पर ले जाने की जो प्रवृत्ति पहले से बढ़ रही है, उसको और उत्तेजन मिलेगा। (व्यवधान) मैं नहीं जानता आज की चर्चा का दिन किस ज्योतिषी से सलाह करके, किस पंचांग का अनुसरण करके तय हुआ है? (व्यवधान) पंजाब की परिस्थिति पर पहले भी इस सदन में कई बार चर्चा हो चुकी है। पंजाब में साम्प्रदायिक शांति और सद्भावना बनाए रखने के लिए यह सदन सर्वसम्मति से अपीलें कर चुका है। परन्तु आज जिस पृष्ठभूमि में चर्चा हो रही है वह बड़ी भयावह है। हरियाणा में और विशेषकर पानीपत में जो कुछ हुआ, जिस तरह से निर्दोष लोग मारे गए, उनकी हत्यायें पंजाब में होने वाली हत्याओं से थोड़ा सा भिन्न है और फिर उसके बाद अकाली नेताओं ने जिस तरह से संविधान को जलाने की कोशिश की और ये अकाली नेता वही हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि वे उदारवादी हैं.. उससे सारी परिस्थिति बड़ी विस्फोटक हो गई है। मुझे कभी-कभी भय होता है कि कहीं यह परिस्थिति सरकार के काबू के बाहर न चली जाए।

हमारा संविधान हमारे गणतन्त्र का आधार है। वह हमारी मान्यताओं और हमारे जीवन मूल्यों का प्रतिबिम्ब है। वह हमारे लोकतन्त्र का घोषणा-पत्र है। वह भारत की जनता — जो जनता अलग-अलग धर्मों को मानती है, अलग-अलग भाषायें बोलती है, उस जनता के सामूहिक संकल्प का उद्घोष है कि हम किसी को भारत की एकता को खण्डित नहीं करने देंगे और भारतीय समाज की एकात्मता पर कोई आंच नहीं आने देंगे।

अकाली नेताओं ने संविधान को जलाकर केवल कानूनी अपराध नहीं किया है, उन्होंने समूचे गणतन्त्र को चुनौती दी है। मैं नहीं जानता उन्होंने ऐसा क्यों किया है? अगर उनकी मांगों में सबसे ऊंची मांग संविधान के 25वें अनुच्छेद को बदल देना था तो जब दिल्ली में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी तो उसमें इस मामले को उठा सकते थे। उस दिन उन्होंने यह मामला नहीं उठाया। आडवाणी जी मेरे पास बैठे थे, उन्होंने कहा था क्या मैं अनुच्छेद 25 का मामला उठाऊं तो मैंने कहा कि शायद अकाली मित्र उसके बारे में इतने गम्भीर नहीं हैं अगर वे इसको नहीं उठाते हैं तो हमें स्वयं नहीं उठाना चाहिए। अगर उनके लिए यह इतना ज्वलन्त सवाल था कि भारत की राजधानी में आकर वे संविधान को जलाने की चेष्टा कर सकते हैं तो यह मामला उनको उसी दिन उठाना चाहिए था।

आखिर, संविधान का अनुच्छेद 25 है क्या? वही अनुच्छेद ऐसा है कि जिसमें जिक्र किया गया है कि सिखों की अलग पहचान है, उनकी अलग आइडेंटिटी हैं, उसमें माना गया है कि सिख कृपाण लेकर चल सकते है जोकि सिख धर्म का एक अंग है। फिर इस पर आपत्ति क्यों हो रही है? अगर संविधान को बदलने की बात हो तो हमारा संविधान जड़ नहीं है, उसमें परिवर्तन हो सकते है, लेकिन परिवर्तन की एक प्रक्रिया है। संविधान जलाने से तो कोई समस्या हल नहीं हो सकती है। संविधान का हमें आदर करना होगा, जैसे राष्ट्रीय ध्वज के लिए हमें मरने-मारने को तैयार रहना होगा। हमारे अकाली मित्रों ने इस छोटी सी बात को नहीं सोचा।

अलग पर्सनल लॉ की बात भी हो रही है। हमारा संविधान कहता है कि सारे भारतीयों का एक पर्सनल लॉ होना चाहिए। किन्हीं ऐतिहासिक कारणों से मुस्लिम समाज का अलग पर्सनल लॉ है और वह अभी तक चल रहा है। लेकिन किसी और वर्ग का, किसी अन्य समुदाय का ··

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी (इलाहाबाद) : उस पर आपकी क्या राय है। मुस्लिम समाज का पर्सनल लॉ होना चाहिए या नहीं ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : और कोई सम्प्रदाय पर्सनल लॉ की मांग करे तो ? पर्सनल लॉ के साथ विवाह का सवाल जुड़ा हुआ है। उत्तराधिकार का सवाल जुड़ा है। पूरा परिवार, जो एक इकाई है, उसकी अविभाज्यता का सवाल जुड़ा हुआ है। अगर अकाली मित्रों को केवल आपत्ति यह है कि बेटी को बाप की सम्पत्ति में अधिकार नहीं मिलना चाहिए, तब वह खुली बात करें, जनमत को अपने पक्ष में लाने का प्रयत्न करें।

अगर आर्टिकल-25 का मामला इतना गम्भीर है, जैसा कि बना दिया गया है और मुझे मालूम है बाद में बरनाला साहब ने कहा था— it is a minor matter—लेकिन अगर वे समझते हैं कि इतना गम्भीर मामला है, तो मैं सरकार से कहूंगा उसमें से आप रास्ता निकालने का प्रयत्न करें। लेकिन संविधान का जलाना बन्द होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में जो कुछ हुआ है, बड़ा निन्दनीय है। उससे पंजाब के आतंकवादियों की निन्दा करने की हमारी शक्ति को चोट पहुंची है। पंजाब में आतंकवादी मार रहे थे, रात के अंधेरे में मार रहे थे, इक्का-दुक्का मार रहे थे, छांट-छांट के मार रहे थे, आतंकवादियों के हाथ से जो मरे, उनमें सिक्ख भी थे। मगर पानीपत में सिर्फ सिक्ख मरे हैं, वे सभी निहंग नहीं हैं, वे मजहबी सिक्ख भी थे। वे किसी आंदोलन में शामिल नहीं थे, गुरुद्वारे में बैठे थे, गरीब थे। उनका क्या दोष था ? पंजाब में हिन्दू इसलिए मारे जायेंगे कि वे निर्दोष हैं, उसके जवाब में हरियाणा में सिक्ख इसलिए मारे जायेंगे कि वे बेगुनाह हैं। हरियाणा मे जो कुछ हुआ है, उससे सारी परिस्थिति को एक नया आयाम मिल गया है, जो गम्भीर आयाम है।

मैं मानता हूं कि हरियाणा की सरकार ने परिस्थिति पर काबू किया है। मगर जो हो गया है, उसकी क्षति कैसे पूरी होगी ? उस तरफ हरियाणा की सरकार का ध्यान नहीं गया है। श्री इन्द्र कुमार गुजराल और मधु दंडवते जी वहां गए थे। अध्यक्ष महोदय, जो मरे है, उनमें से एक सिक्ख भाई फर्टिलाइजर कारपोरेशन में कर्मचारी था। उसकी जेब मे उसका आइडेंडिटी कार्ड था। लोगो ने उसको पत्थरों से मारा है। मगर मरने के बाद क्या पुलिस घर वालों को लाश नही दे सकती थी ? पुलिस ने कहा कि हमें पता नहीं है, कि कौन मरा है। पुलिस ने आइडेंडिटी कार्ड नहीं देखा। यह मामूली घटना नहीं है। जींद में जो कुछ हुआ है, उसकी भी निन्दा की जानी चाहिए। गुरुद्वारे से गोली क्यों चली ? सिक्खों को रास्ते में रोक कर अपमानित करने की घटनायें हुई हैं। इसका समर्थन नहीं होना चाहिए। मान लिया—यह एक प्रतिक्रिया है, मगर इस प्रतिक्रिया को रोकना होगा, नहीं तो देश जल जाएगा। प्रतिक्रिया कह करके हम उसका समर्थन नहीं कर

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]
सकते है। हम उस पर पर्दा डालने की कोशिश न करें।

मैं पूछना चाहता हूं, अभी श्री महाजन ने सवाल उठाया था, मैंने उनको इसीलिए बीच में टोका था, जब दिल्ली में त्रिपक्षीय वार्ता हो रही है और काफी समय बाद हो रही है, प्रधान मंत्री जी जब चाहती है वार्ता शुरू कर देती हैं, जब चाहती है, वार्ता बन्द कर देती हैं। यह पिछले तीन साल की कहानी है।

श्री प्रभु नारायण टंडन (दमोह) : जैसे वाजपेयी जी ने विदेश (व्यवधान)...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, इनके बुढ़ापे को देखकर मुझे और जोश आ रहा है।

8 फरवरी को अकाली दल ने पंजाब बन्द का आह्वान किया था। एक दिन पहले श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने विरोधी दलों की चर्चा के लिए बुला लिया। अगर अकाली दल बन्द का आह्वान न करते तो विरोधी दलों को निमंत्रण न भेजा जाता। फिर त्रिपक्षीय वार्ता न चलती ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : नहीं, ऐसा नही था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जब एक बार वार्ता चल गई और अकाली दल ने उसमें आना मान लिया, तो वह कौन-सी शक्तियां हैं जिन्होंने पंजाब में आग लगाई...

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : पंजाब नहीं हरियाणा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं पंजाब की बात कर रहा हूं। पंजाब में बन्द का आह्वान दिया— हिन्दू सुरक्षा समिति ने, मैं पूछना चाहता हूं कि हिन्दू सुरक्षा समिति में कौन हैं? कल उनका प्रतिनिधि मंडल प्रधान मंत्री से मिला था। उन्होंने एक मेमोरेण्डम दिया है। मेमोरेण्डम के एक वाक्य की ओर मैं प्रधान मंत्री जी का ध्यान खींचना चाहता हूं। उन्होंने उस मेमोरेण्डम के अन्त में लिखा है—

> "In the present set up it seems the Punjab is at the brink of civil war and the armed persons of a community at the instance of Sant Longowal will try to eliminate Hindus from Punjab if a quick and effective action was not taken against such elements".

भिंडरावाले का नाम नहीं है, लोगोंवाल का नाम है, इसका क्या मतलब है? उन्होंने बन्द का आह्वान किया, लेकिन फिर इकट्ठे हो कर अमृतसर स्टेशन पर चले गये, वहा स्वर्ण मन्दिर का जो रेप्लिका लगा था उसको तोड़ दिया। संत रामदास के चित्र को गिरा दिया, बेइज्जती की। यह साधारण घटना नहीं है।

पंजाब में इससे पहले भी आतंकवादियों ने रात के अन्धेरे में बस मे जाने वाले निर्दोष लोगों को उतार-उतार कर मारा था। पंजाब में रोष की लहर थी, लेकिन ऐसी घटना नहीं हुई थी। यह उस दिन कैसे हुआ? यह श्री पवन कुमार शर्मा कौन है? जनवरी, 1980 के पहले भिंडरावाले का नाम कोई नहीं जानता था। 1983 से पहले पवन कुमार शर्मा को कोई नहीं जानता था। अगर वह मुझे मिल जाते तो मैं उन्हें पहचान भी नहीं सकता था—लेकिन इन को क्यों पकड़ा गया? मैं पूछना चाहता हूं

—उन्हें नजरबंद क्यों किया गया ? हिन्दु सुरक्षा समिति ने नजरबंदी का विरोध किया और बन्द का आह्वान किया। उन को गिरफ्तार करने की क्या जरूरत थी ? अकाली नेताओं ने भी श्री पवन कुमार शर्मा की गिरफ्तारी की मांग नहीं की थी श्री पवन कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर के लोगों को भड़काने का दायित्व किस के ऊपर है ? श्री पवन कुमार शर्मा की रिहाई के लिये शर्तें लगाई गई कि शिवरात्रि मत मनाओ। शिवरात्रि क्यों न मनाये ? पंजाब की सरकार चाहती है कि लोग शिवरात्रि न मनायें —इस तरह की शर्त लगाने का पंजाब की जनता पर क्या असर होगा ? पहले ही पोलराइजेशन हो रहा था, मगर पूरा नही हुआ था । हम तीन साल लड़ते रहे कि यह सवाल हिन्दु-सिख का सवाल न बने। मैं खुद अमृतसर गया था, वहां की भारी सभा में, जिस में हजारों सिख भी शामिल थे, मैंने भाषण दिया। मैंने संत भिंडरावाला से कहा —एक संत वह थे जो जान देने के लिए तैयार थे और दूसरे संत ये हैं जो गुरुद्वारे की शरण ले कर जान लेने के लिए लोगों को उकसा रहे है।

लेकिन, अध्यक्ष महोदय, परिभाषाएं बदल गई है, जो संत हैं वह हत्या कराते हैं, जो ब्रह्मचारी हैं—वह बन्दूकें बनाते है, जो सदाचारी है वे बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किये गये है।

संत भिंडरावाले किस की कृति हैं—यह बतलाने की आवश्यकता नहीं है। अध्यक्ष महोदय, पिछले तीन सालों में तीन बार पंजाब की समस्या को हल करने के मौके आये और सरकार ने वे मौके गंवा दिये-। नवम्बर, 1981 में जब बातचीत चल रही थी, सरदार स्वर्ण सिंह को बीच में डाला गया। मंत्रीमंडल की उपसमिति बनी और एक वक्तव्य तैयार हुआ। अकाली नेता अमृतसर चले गये थे। सरदार स्वर्ण सिंह ने वह वक्तव्य अकाली नेताओं को टेलीफोन पर पढ़ कर बताया। उन्हें उस की स्वीकृति दे दी। फैसला यह हुआ था कि गृह मंत्री उस वक्तव्य को दूसरे दिन सदन में रखेंगे मगर सदन में जो वक्तव्य रखा गया, वह उस वक्तव्य से अलग था जोकि सरदार स्वर्ण सिंह ने टेलीफोन पर अकाली नेताओं को पढ़ कर बताया था। ऐसा क्यों हुआ ? मैंने सरदार स्वर्ण सिंह का बयान देखा था। उन्होंने कहा कि जहां तक भाषा का सवाल है, और भावना का सवाल है, वह वक्तव्य अलग था। किस के दबाव में आखिरी वक्त पर उस वक्तव्य में संशोधन कर दिये गये ?

साल भर बाद फिर एक स्थिति पैदा हुई प्रधान मंत्री के सचिव श्री एलेक्जेंडर के मकान पर बैठक हुई। अकाली नेता वहां मौजूद थे। उनसे बातचीत हुई और एक रास्ता निकला। यह तय हुआ कि गृह सचिव और कांग्रेस (आई) के पालियामेंट के एक मेम्बर अकाली नेताओं के साथ अमृतसर जाएंगे और गृह सचिव जो समझौता हुआ है, उस को श्री लोंगोवाल को पढ़ कर बताएंगे श्री लोंगोवाल को श्री बलवंत सिंह ने खबर दे दी थी और श्री लोंगोवाल उससे सहमत थे। दूसरे दिन तय हुआ कि हवाई जहाज से अमृतसर जाना है। अकाली नेता और कांग्रेस (आई) के संसद सदस्य गृह सचिव का इन्तजार करते रहे। हवाई जहाज गया ही नही। मंत्री मंडल ने जो वक्तव्य पहले तैयार हुआ था, उस को

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

स्वीकृति नहीं दी। अकाली नेताओं के साथ फिर से बातचीत कर के सरकार मुकर गई। ये तथ्य बार बार दोहराये जा रहे हैं, आप इन का खंडन कीजिए। अगर मैं कुछ गलत कह रहा हूं तो सही क्या है बताइये। सी० पी० एम० के सदस्य श्री सुरजीत सिंह उस बैठक में मौजूद थे। वे अपने भाषण में इस का उल्लेख कर चुके है और मुझे भी बता चुके हैं।

About Centre-State relations, we have got the Sarkaria Commission. Any party or per on concerned with that issue can go to the Sarkaria Commission so that part of the problem can be solved. As I understand, several States in the country have given their consent for the land for the gurdwaras.

In such a situation, I feel, the Home Minister in his reply should come out with holding tripartite talks.

19.24 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

It is quite possible that the Home Minister may be thinking that the Akali Dal may not come to participate in the talks. We cannot help the situation in that case. The country cannot help the situation in that case. The problem of Punjab is much bigger and more important than the interests of the Akalis. We have to look to the interests of the Sikhs as a whole but not of the Akalis alone. We will make all efforts to see that the Akalis attend the tripartite meeting. But in case the Akalis do not participate in the tripartite meeting, even then we should not give up our efforts. The ruling party, the Government, should take the leaders of Punjab and the leaders of the Opposition parties into confidence and an agreement should be arrived at thrashing out all the issues

The Prime Minister has said that she would make personal efforts to solve the problem of Punjab, But it is too late to make any personal efforts. We should now try to find an expeditious solution of the Punjab problem on these lines and there should be no relaxation in our efforts because there is the danger of the problem getting aggravated and worsened by the spreading of rumours by anti-social elements. The atmosphere may fast become vitiated by the spread of false rumours. We should not lose time in solving this problem

[Shri Bhogendra Jha]

The Minister of Home Affairs should announce today now itself in the House that a tripartite meeting would be called to arrive at a satisfactory solution of the problem and that final decision would be arrived at that meeting and that decision would be positively implemented. This should be done preferably with the support of the Akali leaders.

श्री जैनुल बशर (गाजीपुर) : सभापति महोदय, आज काम रोको प्रस्ताव की शक्ल में हम पंजाब के मामले पर बहस कर रहे हैं। मुझे खुशी होती अगर यह मामला काम रोको प्रस्ताव के रूप में न आता क्योंकि पंजाब और हरयाणा में जो कुछ हुआ है, उससे चाहे इधर बैठने वाले लोग हों या उधर बैठने वाले हों, सब को दु:ख हुआ है और सब को उसके बारे में चिंता है।

पंजाब के अकाली दल के लोगों ने राजधानी और पंजाब के गुरुद्वारों में संविधान की जो प्रतियां जलाने की चेष्टा की है, उसकी जितनी भी निन्दा की जाए, वह कम है। आखिर वह ऐसा क्यों कर रहे है ? इसके पीछे क्या मंशा है ?

संविधान की धारा 25 के विरोध का संविधान की प्रतियां जलाकर उसके विरोध करने का क्या कारण है, उसकी मंशा क्या है ? वह सिख धर्म को हिन्दु धर्म से अलग करने की बात करते हैं। जैसा कि इस सदन में कहा गया, मुझे एक बात का शक हो रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं कि वह हिन्दु धर्म से सिख धर्म को अलग कर के फिर उस सिद्धांत को वापिस लाना चाहते हों जिस सिद्धांत को इस देश में मोहम्मद अली जिन्ना ने कायम किया था ? कहीं वे लोग ऐसी कार्यवाही तो नहीं कर रहे हैं कि बाद में दो राष्ट्रों के सिद्धांत की बात उठाई जाये जैसा कि पाकिस्तान बनने के पहले धर्म के आधार पर दो राष्ट्रों के बंटवारे की बात की गई थी ?

हालांकि इतिहास इस बात का साक्षी है कि धर्म के नाम पर राष्ट्रों का बंटवारा चल नहीं सका। वही पाकिस्तान जो धर्म के नाम पर बना, दो हिस्सों में बंट गया। अगर धर्म के नाम पर राष्ट्रों का निर्माण हुआ होता तो आज सारा यूरोप, कनाडा, अमेरिका एक देश होते क्योंकि सभी ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। आज सारे मध्य एशिया के देश एक होते क्योकि सभी इस्लाम धर्म के मानने वाले हैं।

राष्ट्र का निर्माण धर्म के आधार पर नहीं होता, यह तजुर्बे ने हमको बता दिया है। इस देश में जो घटना घटी, वह भी बदल गई है। लेकिन हमारे अकाली दल के लोग और दूसरे आंतकवादी कहीं इतिहास को तो फिर से दोहराना नहीं चाहते ? हमें इस बात पर नजर रखनी चाहिए।

इस देश की आजादी के लिए देश के सब भागों के लोगों ने कुर्बानियां दीं। जब वे कुर्बानियां दे रहे थे, त्याग कर रहे थें, तो उनके सामने भारतमाता का एक ही नक्शा था, एक ही तस्वीर थी—और वह थी काश्मीर से ले कर कन्याकुमारी तक और गुजरात से ले कर आसाम तक एक भारत की तस्वीर। वह तस्वीर 1947 में खंडित हो गई। उसका क्या नतीजा निकला, हमें मालूम है। मैं एक अल्पसंख्यक वर्ग से आता हूं, उस वर्ग से आता हूं जिसने दो राष्ट्रों के सिद्धांत के नाम पर एक अलग देश की मांग की और उसको हासिल भी कर लिया। उससे हमने क्या भोगा, क्या खोया और क्या पाया, यह

अभी भी हमारे दिलों में मौजूद है। उसका क्या नतीजा निकला, यह हम जानते हैं।

सारी दुनिया जानती है कि उस जमाने में पंजाब में क्या हुआ। पंजाब मे लोगों का खून बहाया गया, लोगों को लूटा गया, बहनों की इज्जत गई, लोगों को अपने घर-बार उजाड़ना पड़ा। ये घटनाएं कोई सौ, दो सौ साल पुरानी नहीं है, ये हाल की घटनाएं हैं। हमें सजग रहना चाहिए कि कहीं इस तरह की घटनाएं पंजाब में फिर तो नहीं होने जा रही हैं। पंजाब में जिन लोगों पर पागलपन सवार है, शायद वे नहींदेख रहे हैं कि पंजाब में होने वाली हिंसा की घटनाओं का असर देश के दूसरे भागों पर क्या पड़ेगा हरियाणा में उनका असर पड़ा है। प्रधान मंत्री और श्री वाजपेयी लाख कहें कि वह प्रतिक्रिया ठीक नहीं थी, लेकिन हकीकत यह है कि प्रतिक्रिया होती है और उसको रोका नहीं जा सकता। देश के दूसरे भागों में यह प्रतिक्रिया नहीं हुई है, इसके लिए हम वहां के लोगों की सराहना करते हैं।

मैं समझता हूं कि पंजाब के मामले में सरकार को सख्ती बरतनी पड़ेगी। अगर वहां की स्थिति को सख्ती से नहीं दबाया जाएगा, तो यह ज्वालामुखी भभक कर पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगा और तब शायद स्थिति काबू सेबाहर हो जाएगी। गृह मंत्री से पूछना चाहता हूं कि वह किस बात का इन्तजार कर रहे हैं। क्या वह इस बात का इन्तजार कर रहे है कि जो स्थिति आसाम में पैदा हुई थी, वह पंजाब में भी हो जाए? क्या वह इस बात का इन्तजार कर रहे है कि जैसे आसाम में लोगों का खून बहाया गया, वैसी घटना पंजाब में भी हो। इस लिए मैं गृह मंत्री से कहूंगा कि वह इस बारे में सख्ती से काम लें। कहीं बहुत देर न हो जाए।

गोल्डन टेम्पल में पुलिस क्यों नहीं जा सकती? अगर वहां अपराध, कातिल और डकैत छिपे हुए हैं, जो रात के अंधेरे में लोगों का कत्ल करते हैं, तो पुलिस क्यों नहीं वहां जा सकती? अगर कल मंदिर, मस्जिद या चर्च में अपराधी छिप जाएं, तो लोग भी कहेंगे कि पुलिस वहां नहीं जा सकती। मेरी समझ में नहीं आता कि इस बारे में सख्ती करने में देर क्यों हो रही है। रोजाना पत्रों में समाचार आ रहे है कि पांच, सात दस, बारह आदमी रोज मारे जा रहे है। आखिर यह धंधा कब तक चलता रहेगा? मैं सरकार से अपील करना चाहता हूं कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, स्थिति खराब हो जाए, वह कार्यवाही करे। बातचीत का दरवाजा बंद करने के लिए मैं नहीं कहता। बातचीत सरकार कर सकती है, अगर वे लोग चाहें। बातचीत सरकार ने नहीं तोड़ी, बल्कि संत लोंगोवाल ने एलान किया कि वह बातचीत नही करेंगे। आज वे संविधान की प्रतियां जला रहे हैं। संविधान की प्रतियां जलाने वाले देशद्रोही है। क्या सरकार देशद्रोहियों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं? कोई भी आदमी अगर देशद्रोही की बात करता है तो उस से बात करना क्या मुनासिब होगा जब तक कि वह अपने किये का पछतावा न करे जब तक वह अपने किये के लिए माफी न मांगे तब तक उस से बात करना उचित नहीं होगा। आखिर, हमारी सरकार और हम देश के लोगों को क्या मुंह दिखाएंगे? क्या देशद्रोहियों से बात कर के हम उन लोगों को मुंह दिखा सकते हैं? इसलिए सरकार से कहना चाहता हूं कि पंजाब के बारे में आप सख्ती करिए।

[श्री जैनुल बशर]

आज सारे देश के लोगों का चाहे वह किसी जाति, वर्ग या भाषा से ताल्लुक रखते हों, उन में से बहुत ज्यादा संख्या के लोगों का विश्वास प्रधान मंत्री में है। अगर प्रधान मंत्री आज इस मामले का समाधान नहीं कर सकतीं तो कल कोई भी इस मामले का समाधान करने को तैयार नहीं होगा और न कोई कर सकेगा। आज प्रधान मंत्री के वश की बात है, उनको देश का विश्वास प्राप्त है सभी वर्ग के लोगों का विश्वास प्राप्त है। प्रधान मंत्री पर विश्वास है लोगों का, इसलिए उन को तुरंत इस मामले को हल करना चाहिए। अगर देर हो गई तो स्थिति काबू के बाहर हो जायगी।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : सभापति महोदय, आज पंजाब में जो हिंसा का वातावरण व्याप्त है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। साम्प्रदायिकता की आग में पंजाब और हरयाणा दोनों जल रहे हैं। हरयाणे में जो स्थिति पैदा की गई उस से पंजाब की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है, यह भी सभी लोग जानते हैं और इस बात को यहां पर कहा भी गया है।

बार-बार यह बात कही जाती है कि आज जो स्थिति हरयाणा और पंजाब में है उस को खराब करने की जिम्मेदारी देशी और विदेशी दोनों प्रकार की ताकतों को है। अभी प्रधान मंत्री जी जब बोल रही थीं तो उन्होंने भी इस का उल्लेख किया है। लेकिन अभी तक सरकार ने स्पष्ट नहीं किया कि वह कौन सी विदेशी ताकत है जो इस उपद्रव को बढ़ा रही है। अगर कोई विदेशी ताकतें सरकार की जानकारी में है तो उस देश की सरकार से आज तक इस बारे में कोइ बातचीत की गई है या नहीं? मैं ने बार-बार इस सवाल को उठाया है जब भी पंजाब के बारे में यहां पर बहस हुई है तब मैंने गृह मंत्री जी से जानना चाहा कि वह बताएं कि आखिर वह कौन सी विदेशी ताकत है। लेकिन कभी भी उन्होंने स्पष्ट नहीं किया। मैं नहीं जानता कि उन की क्या मजबूरी है कि वह स्पष्ट नहीं कर पाते हैं कि अमुक विदेशी ताकत स्थिति को बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार है और सरकार उसी की वजह से इस समस्या को हल नहीं कर पा रही हैं।

यह समस्या पिछले तीन चार वर्षों से चल रही है लेकिन आज तक इस का हल नहीं निकाला गया। कहने के लिए तो सरकार ने कुछ दिखावटी तरीके से प्रयास जरूर किए लेकिन इस में कोई शक नहीं कि ईमानदारी से प्रयास नहीं किए गए। अगर ईमानदारी से प्रयास किया गया होता तो आज यह समस्या इस तरह से नहीं होती। विरोध पक्ष पर बराबर हमले होते हैं और यह कहा जाता है कि विरोध पक्ष के लोग इस स्थिति को बिगाड़ रहे हैं और वे इस प्रकार के तत्वों को जो पंजाब में अशांति पैदा कर रहे हैं, बढ़ावा दे रहे हैं। यहां तक अखबारों में एक खबर छपी थी कि प्रधान मंत्री जी ने एक जगह कहा कि विरोध पक्ष को इस समस्या के समाधान में सम्बद्ध कर के उन्होंने महसूस किया है कि उन्होने गलती की। यह अपने आप में एक बहुत गंभीर बात है लेकिन उसी के कुछ दिन बाद अभी प्रधान मंत्री जी ने फिर पहल कर के त्रिपक्षीय वार्ता बुलायी और त्रिपक्षीय वार्ता हुई। आखिर जब विरोध पक्ष को इतना गैर-जिम्मेदार समझा जाता है तो क्यों फिर उन की सहायता लेने की बात होती है? यह अलग बात है कि

विरोध पक्ष जिस के बारे में प्रधान मंत्री की नीयत ठीक नहीं है, लगातार राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सक्रिय और रचनात्मक भूमिका अदा करता रहा है, लेकिन कभी भी उस पर विश्वास करने की कोशिश प्रधान मंत्री ने नहीं की। सवाल यह है कि कब तक इस मामले को हमारी सरकार और सरकार की प्रधान मत्री प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाये रहेंगी ? क्या वजह है कि श्री लोंगोवाल, जोकि अकाली दल के अध्यक्ष है उनको बुलाकर प्रधान मंत्री उनसे बात नहीं करती ? प्रधान मंत्री जी को चाहिए कि अकाली दल के अध्यक्ष, श्री लोंगोवाल को बुलाकर उनसे सीधे बातचीत करे और तत्काल इस समस्या का समाधान निकालें। यह अलग बात है जैसा कि श्री भिण्डरावाले ने कहा है (जैसा कि टाइम्स आफ इंडिया में छपा है) कि वही सिखों के वास्तविक प्रतिनिधि है और प्रधान मन्त्री को उन्हीं से बात करनी चाहिए। सवाल यह है कि आज भिण्डरावाले यह जो कहते है कि वहां सिखों के प्रमुख व्यक्ति है तो वे ऐसा क्यों कहते है ? उनको इस स्तर तक पहुंचाने वाला कौन है और दल खालसा का निर्माण किसने किया ? आज जो लोग यह बात कहते है कि देश की एकता खतरे में है उनको इस बात का जवाब देना चाहिए। हमको तो ऐसा लगता है कि सरकार पहले समस्या पैदा करती है और फिर उसका समाधान करती है और समाधान करके यह दिखाना चाहती है कि समस्याओं का समाधान मौजूदा सरकारी पार्टी ही कर सकती है। तो वास्तविकता यह है कि सरकार पहले समस्या पैदा करती है और देश की एकता को खतरे में डालती है। दल खालसा का निर्माण किसने कराया और त्रिपुरा में युवा उपजाति समिति के साथ समझौता करके चुनाव कौन लड़ा था? इसलिए देश की एकता को तोड़ने के लिए कौन जिम्मेदार है— इन बातों से यह स्पष्ट हो जाता है। इससे ऐसा लगता है कि सरकार की नीयत साफ नहीं है। हिंसा की राजनीति का समाप्त होना अत्यन्त आवश्यक है। जब से यह सरकार पुनः बनी है तभी से सारे देश में हिंसा की राजनीति चल रही है। असम, त्रिपुरा और पंजाब में 1980 से लेकर आज तक कई हजार लोग मारे जा चुके है। यह हिंसा की राजनीति कब तक चलेगी ? क्या इस सम्बन्ध में सरकार की नीयत वास्तव में साफ है ? क्या वह चाहती है कि हिसा की राजनीति समाप्त हो और इस प्रकार की जो समस्यायें है उनका राजनीतिक हल ढूंढा जाए ? इन समस्याओं का हल न तो हिंसा है और न साम्प्रदायिकता है। इस समस्या का समाधान तो उसी वक्त हो जाता जबकि श्री स्वर्ण सिंह को यह मामला सौंपा गया था। लेकिन प्रधान मन्त्री जी नहीं चाहती थीं कि स्वर्ण सिंह को इसका क्रेडिट मिले बल्कि वे किसी व्यक्ति विशेष को इसका क्रेडिट दिलाना चाहती थी, सम्भवतः अपने परिवार से संबंधित किसी व्यक्ति को। इसीलिए इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। यह बात कई बार सामने आ चुकी है, अखबारों में भी यह आ चुका है इसलिए मैं चाहूंगा कि सरकार इसके बारे में भी स्पष्ट रूप से कोई बात कहे।

हरियाणा की स्थिति के सम्बन्ध में मुझे कहना है कि वहां पर जो कुछ घटना हुई है उसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। संविधान को जलाने की जो बात है उसकी निंदा हम सभी लोग करते हैं, यह बहुत ही अनुचित कार्य हुआ है, ऐसा नहीं होना चाहिए

[श्री हरिकेश बहादुर]

था। हमारे नेता श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा जी ने अकाली दल के नेताओं से भी अपील की थी कि संविधान को जलाने का काम न करें लेकिन उन्होंने अपील नहीं सुनी और संविधान के आर्टिकल को जलाने की उन्होंने कोशिश की। साथ ही साथ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से भी हमारे नेता ने अपील की थी कि राष्ट्र विरोधी तत्वों को कहीं भी शरण दे रहे हों—चाहे स्वर्ण मंदिर में या दूसरी जगह—वहां से उनको निकालें। क्योंकि यह बहुत साफ हो गया है कि स्वर्ण मंदिर में इस प्रकार के तत्व छिपे हैं और वहां से वे प्रेस कांफ्रेन्स और इन्टरव्यू देते हैं और वहीं से तथाकथित खालिस्तान के संविधान की घोषणा भी की गई है। इसलिए हम चाहते हैं कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पहल करके इस प्रकार के तत्वों को गोल्डेन टेम्पल से निकाले। हम अकाली दल से भी अपील करते हैं, जैसे कि हमारे दल के नेता ने अपील की है, कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके इन तत्वों को वहां से निकाल दें।

एक बात मुझे और कहनी है। जनरल स्पैरो साहब का कहना है कि सत्ता या कुर्सी की राजनीति बन्द कर दो, समस्या का समाधान हो जाएगा। वही सच्ची बात है और सत्ताधारी दल को इस पर अमल करना चाहिए। मैं उनकी इस बात का समर्थन करता हूं। सारा देश यह महसूस कर रहा है कि सत्ताधारी दल अपनी कुर्सी बनाए रखने के लिए आज इस प्रकार की राजनीति कर रहा है।

अंत में, मैं एक बात और कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। प्रोफेसर दंडवते जी ने ठीक कहा कि आज देश के प्रशासन में एक कुशल और विनम्र नेतृत्व का अभाव है। जो इस राष्ट्रीय ऐतिहासिक समस्या का समाधान कर सके। मैं इस बात से सहमत हूं। यह देश का दुर्भाग्य है कि देश में ऐसा नेतृत्व नहीं है, यदि होता तो इस समस्या का समाधान पहले ही हो जाता। मैं सरकार से अपील करता हूं कि सरकार इस सवाल को प्रतिष्ठा का सवाल बनाए बगैर अकाली दल के अध्यक्ष से बातचीत करके समस्या को हल करने का प्रयास करे।

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया (अमृतसर): सभापति महोदय, श्री हरिकेश बहादुर जी ने दो आरोप लगाए हैं। पहला यह जैसा कि प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि इसमें फारन हैंड है, फारन पावर्स है, तो इसका उन्होंने सबूत मांगा है। मैं यह कहता हूं कि जब पंजाब में आग लगी हुई है और हम उसका हल ढूंढने के लिए यहां पर बैठे है, तो हरिकेश जी को उसका सबूत चाहिए कि इसमें फारन हैंड है या नहीं हैं। **(व्यवधान)**··· उन्होंने यह नही सोचा कि इस सवाल से किसको फायदा पहुंचेगा। फारन पावर्स का यहां कोई लायसन आफिसर रखना आवश्यक नहीं है। हमारे देश में काफी दोस्त बैठे हुए हैं, जो उनके काज को यहां पर प्लीड करते हैं। दूसरी बात उन्होने यह कही कि प्रधान मंत्री जी की इसको सैटल करने की नीयत नहीं है। इसका जवाब मैं बाद में दूंगा, इससे पहले जो कांग्रेस पार्टी ने एफर्टस की हैं और उसके क्या नतीजे निकले हैं, उसका जिक्र करना चाहता हूं।

श्रीमन्, चंडीगढ़ की इस वक्त स्थिति बहुत खराब है। वहां के लोग बहुत बेचैन हैं। लोग रोज मारे जा रहे हैं। इस बारे में पहले भी दो तीन बार यहां बहस हो चुकी

है। लेकिन वे नेता इस बात में इन्टरेस्टेड नहीं हैं कि पंजाब का मसला हल होता है या नहीं होता है। उनको पंजाब के लोगों से कोई हमदर्दी नहीं हे। उनका सारा जोर इस बात पर है कि कांग्रेस पार्टी या श्रीमती इन्दिरा गांधी को एक्यूज कर दिया जाए। इससे उनका दिल ठंडा हो जाएगा। इसको पंजाब के लोग कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये लोग उनकी लाशों पर यहां बहस करके राजनीतिक फल लेना चाहते है। पार्लियामेंट देश की सर्वोच्च संस्था है, देश के लोगों की निगाह यहां पर लगी हुई है कि उनकी समस्या का हल हो। वहां के लोग बहुत घबराए हुए हैं। रात को सात बजे के बाद कोई सड़क पर इन्सान नहीं मिलेगा। मैं अभी चंडीगढ़ से आ रहा हूं। कल रात आठ बजे के बाद एक कार, एक साइकिल देखने तक को नहीं मिली है। ये लोग यहां पर तस्करी कर रहे है कि किस का कसूर है और किस का नहीं है। मेरा ख्याल है कि हम सब को शर्म आनी चाहिए कि इतना गम्भीर मामला और जिसके लिए लाखों लोगों की जानें जा रही हों और जो हमारी तरफ देख रहे है कि उनकी समस्या का समाधान होना चाहिए, उस तरफ न देखकर हम सब घर चले जायेंगे यह कह कर कि हमारा कसूर नही है। यदि आपको यह कह कर संतोष होता है कि इधर वालों का कसूर है तो कहते रहिए, हमें कोई एतराज नहीं है।

इस मामले में तीन पार्टियां इनवाल्व हैं। सबसे पहले अकाली पार्टी—अकाली पार्टी ने अपनी कुछ मांगे रखी हैं और मांगों को मनवाने के लिए सत्याग्रह किया। सत्याग्रह बहुत मुद्दत से चल रहा है और हजारों आदमियों को जेल भेजा। जब उन्होंने यह देखा कि सत्याग्रह का कोई असर नहीं हो रहा है, तो उन्होंने धर्मयुद्ध शुरू कर दिया, ताकि लोगों के साथ आगे आ सकें। इसका एक कमजोर पहलू यह है कि जब कोई धर्म का नाम लेता है और लोगों को इकट्ठा करता है तो बुरे से बुरा काम कर दे, उसको धर्म के नाम पर छुपाया जा सकता है—इस लिये धर्म-युद्ध शुरू हो गया। उन्होंने चार धार्मिक मांगे रखीं और श्रीमती इन्दिरा गांधी ने वे चारों मांगें मान लीं, इस ख्याल से कि अगर इस बात से मामला तय होता है तो तय करना चाहिये। लेकिन उसके बाद क्या वह बात खत्म हो गई, क्या वह मसला तय हो गया ? नहीं हुआ, उसके बाद उन्होंने दूसरे तरीके अख्तियार करने शुरू कर दिये। हमने उनसे बातचीत करने की कोशिश की तो उन्होंने कहा कि अगर हमको खत आयेगा तो हम बात करने आयेंगे। हम ने सेठी जी की मिन्नत की कि खत भेज दो। सरकार का इसमें कुछ नहीं जाता है, जब फैसला करना है तो भेज देना चाहिये। लिहाजा खत भेजा गया और वे आये तो कहने लगे कि हम वापस जाकर मसविरा करेंगे और उसके बाद फिर नहीं आये। जब दोबारा उनसे कहा गया तो "बी टीम" भेज दी। तीसरी बार कहा कि हम दिल्ली नही आयेंगे। उसके बाद हमने जो हमारी कैबिनेट की पोलिटीकल अफेअर्स कमेटी है उसके चार मिनिस्टरों को उनसे बातचीत करने के लिये चण्डीगढ़ भेजा। गवर्नमेंट ने कहीं भी प्रेस्टिज को इन्वाल्व नहीं किया और इस मसले को हल करने के लिए ईमानदारी से अपने आदमियों को वहां भेज दिया, लेकिन उसके बाद वह बात भी खत्म हो गई।

फिर नये-नये सवाल उठने लगे। हमने आनन्दपुर साहब रेजोल्यूशन को देखते हुए सरकारिया कमीशन की बात मान ली, पानी

[श्री रघुनन्दन लाल भाटिया]

के मसले के लिये भी तैयार हूं, जो बातचीत मीडिएटर के दर्मियान हुई उसमें कह दिया गया कि ट्रिब्यूनल बना दिया जायगा, सुप्रीम कोर्ट का जज उसका चेअरमैन हो जायगा। जब मसला इस तरह से हल होता दिखाई दिया और उन्होंने देखा कि यह मसला तय होने लगा है तो उन्होंने एक और सवाल खड़ा कर दिया—वह था पर्सनल-ला का सवाल। जब बात आगे बढ़ी और हम लोगों ने कोशिश की कि किसी तरह से मेज पर लाये जायं, हमने सरदार स्वर्ण सिंह को वहां भेजा और उसके बाद अपोजीशन लीडर्स को इन्वाल्व किया। सरदार स्वर्ण सिंह जाते रहे, बातचीत करते रहे और दूसरे साथियों ने भी इसमें इन्टरेस्ट लिया ताकि मसला निपट जाय, लेकिन उन लोगों की एक ही बात थी कि किसी भी बात पर टिकते नहीं थे। जिस का नतीजा यह हुआ कि बातचीत लम्बी होती गई, जिसके लिये हमारे उधर के साथी हमको एक्यूज करते है। हम कोशिश करते रहे, जो बातें होती, वे नई-नई बातें लेकर आते रहे। उसके बाद आपने देखा—फिर कोशिश करके उनको टेबिल पर लाया गया, कहने लगे कि कल बात करेंगे, अगले दिन फिर वापस चले गये। अब आप बतलाइये कि हमारे पास ऐसा कौन सा जादू है जिस से उनको पकड़-पकड़ कर लायें कि वे बात करें? किसी भी बात की कोई हद होती है। किसी ने कोई कसर नहीं उठा रखी है, सब यही चाहते है कि फैसला हो, लेकिन अकालीज किसी बात पर टिके हुए नहीं हैं। बात यह है कि यह उनके बस-का-रोग नहीं है। अगर वे चाहें भी कि फैसला हो, तो यह उनके ताकत के बाहर की बात है, क्योंकि उनके पीछे कोई और बैठा है। इसलिये वे डरते है और फैसला नहीं करते हैं।

आप देखिये—आज वे किस हद तक चले गये हैं, उन्होंने कांस्टीचूशन को जलाया है, जो एक एन्टी-नेशनल-एक्ट है। किन लोगों से बात करें? बादल कहते है कि हम विदिन-दि-इण्डियन-कांस्टीचूशन देश में एक हिस्सा चाहते है और उसमें रहना चाहते है। जो सोंधी है, वह कहता है कि खालिस्तान चाहिये। लोंगोवाल कहते हैं कि हम हिन्दुस्तान में एक अच्छे नागरिक की तरह रहना चाहते है, सिर्फ अधिकार ज्यादा चाहते हैं। तलवंडी चाहते हैं कि हमें एक पैरलल गवर्नमेंट चाहिये। आप बतलाइये—किस से बात करे, एक कुछ कहता है तो दूसरा कुछ कहता है। उन्होंने कांस्टीचूशन को फाड़ने का जो काम किया है- उसके बाद तो किसी के मन मे कोई शक नही रह जाना चाहिये कि उनकी नीयत क्या है और वे क्या चाहते हैं।

श्री हरिकेश बहादुर : इसका मतलब है कि अब आप उनसे बात नही करेंगे? लोंगोवाल से बात करिये।

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : आप उन को ले आइये, हम बात करने को तैयार है।

श्री हरिकेश बहादुर : प्राइम मिनिस्टर कहें।

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : प्राइम मिनिस्टर क्यों कहें। दस बार उनको बुलाया जा चुका है··· (**व्यवधान**) ···हम जानते हैं कि आपके मन में क्या है और उनके मन में क्या है। मैं यह बताना चाहता हूं कि यह बात अब अकालियों के बस की बात नहीं

है। वे भी इसको जानते हैं और इसलिए शक करते हैं टेबिल पर बातचीत करने के लिए। उनके हाथ में अब कोई पावर नहीं है और पावर किसी और के हाथ में है और जिसके हाथ में पावर है, उसने कहा है कि मेरे साथ बात करो इससे सारी बात साफ हो गई है और सारी बात सामने आ गई है कि कहां पावर है और कहां नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि अकाली न पानी में इन्ट्रेस्टेड है और न चंडीगढ़ में इन्ट्रेस्टेड हैं और न पंजाबी-स्पीकिंग एरियाज लेने में इन्ट्रेस्टेड है। अकाली तो सिर्फ पावर के लिए सारी बातें कर रहे हैं और जब तक उनको पावर नहीं मिलती उनका यह मोरचा और दूसरी बातें चलती रहेंगी। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं कि 1970 में मेडम ने एवार्ड दिया और 1980 तक कोई मोरचा नहीं लगा। अकाली 10 साल तक कहां थे और इनके जो दोस्त हैं, जो कि इनकी मदद कर रहे हैं, उन्होंने 10 साल तक कोई ऐसी डिमान्ड क्यों नहीं रखी। इसके अलावा आप यह देखें कि 1977 से 1980 तक ये खुद पावर में थे सेन्टर में भी और स्टेट में भी। उस वक्त पानी का मसला हल कर लेते, चंडीगढ़ का मसला हल कर लेते और उस वक्त पंजाबी स्पीकिंग एरियाज का मसला हल कर लेते। इसका मतलब यह है कि उस वक्त ये इसमें इन्ट्रेस्टेड नहीं थे और 1980 के इलेक्शन में पंजाब में अकालियों को 117 सीटों में से सिर्फ 37 सीटें मिली और पार्लियामेंट के इलेक्शन में 13 सीटों में से सिर्फ एक सीट मिली, तब उनको ख्याल आया कि मोरचा बनाया जाए और न खेलेंगे और न खेलने देंगे और पावर जबर्दस्ती छीनेंगे।

अब जो दूसरी पार्टी इसमें इन्वोल्व्ड है,- वह है अपोजीशन की। अपोजीशन वालों का एसेसमेंट अकालियों के बारे में शुरू में गलत रहा। वे समझते रहे कि यह रीजनल पार्टी है। कल को इसके साथ इकट्ठा हो कर गवर्नमेंट बनाने का चान्स मिल सकता है। पीछे भी मिला है और आगे भी मिल सकता है। इसीलिए हर गलत और सही बात को ये लोग सपोर्ट करते रहे हैं बल्कि श्री वाजपेयी ने पठानकोट की अपनी मीटिंग में यह भी कह दिया था कि अकालियों की डिमांड्स ठीक है और उसकी बड़ी चर्चा पंजाब में हुई। उसके बाद जब वे पंजाब गये, तो उस बात पर नहीं बोले लेकिन इसके पहले इन्होंने कहा था कि अकालियों की डिमांड्स ठीक हैं। इस तरह से इन लोगों ने अकालियों को एन्करेज किया और एन्करेज करने की हालत यह है कि जब वे कांक्लेव में गये, तो इन्होंने उनको शाबासी दी और पीठ थपथपाई और यह नहीं सोचा कि उनकी कौन सी बात जायज है और कौन सी बात नाजायज है। इनके सामने एक ही सवाल है कि कांग्रेस को अपोज करना है और इसलिए जो भी कांग्रेस को अपोज करता है, वह हमारा दोस्त है। यही इनका दोस्ती का क्राइटीरिया है। इसका नतीजा यह हुआ कि वे लोग एन्करेज हो गये और मैं तो यह कहता हूं कि आज पंजाब की हालत इतनी खराब न हुई होती अगर ये लोग उनको एन्करेज न करते। इन्होंने कहा कि ट्रिपारटाइट मीटिंग बुलाओ। ये खुद जानते हैं कि उसमें उन्होंने क्या कहा। मैं तो वहां मौजूद नहीं था और ये वहां मौजूद थे। इन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपने कानों से सुना और मेरे ख्याल में अब इनको होश आ जाना चाहिए और यह जो कुछ पंजाब में हुआ है, उसके लिए इनका कसूर भी है लेकिन इससे देश का कितना नुकसान हुआ है और पंजाब में

[श्री रघुनन्दन लाल भाटिया]

कितना कत्लेआम हुआ है। कौन इसके लिए जिम्मेदार है ? मैं कहता हूं कि इसके लिए अगर अकाली जिम्मेवार हैं, तो ये भी उसके भागीदार है क्योंकि ये उनको सपोर्ट करते रहे हे और यह कहते रहे हैं कि उनकी डिमांड ठीक है। इसलिये यह सब जो पंजाब में हुआ है, उसकी जिम्मेवारी इनके ऊपर भी आती है।

इसमें एक तीसरी पार्टी भी इन्वोल्व्ड है और वह कांग्रेस (आई) है। जहां तक हमारी पार्टी का ताल्लुक है, हमने शुरू मे ही इस बात के लिये कहा है कि आइए और बातचीत करिये। इसमें बहुत से दोस्तों ने मदद भी दी है। अपोजीशन वालों में से श्री चन्द्रजीत यादव और सुरजीत जी भी गये है और बातचीत होती रही है। हम उसके मुताबिक सजेस्ट करते रहे है और यह कोशिश करते रहे है कि कोई फैसला हो जाए लेकिन कोई फैसला नही हुआ।

20.00 hrs.

उसका नतीजा यह हुआ कि ये हमको कमजोर कहते रहे और पंजाब के लोग हमको कह रहे है कि श्रीमती इन्दिरा गाधी उनके सामने सरेण्डर कर रही है, हम मर रहे हैं। वे यह भी कहते है कि अल्टीमेटल सरेण्डर होगा। यहां ये कह रहे है कि बातचीत को डिले क्यो किया जा रहा है। मै अर्ज करना चाहता हूं कि हम तो बातचीत करना चाहते है मगर वे तो पांच है—लोगोंवाल, तोहरा, तलवंडी, भिंडरावाला और बादल। वे एक हो तो बातचीत करें। ये पांच जने है और इन पांचों की मुख्तलिफ राय है। अगर ये पांचो जने इकट्ठे हों तो बातचीत करें और किसी फैसले पर पहुंचे। हम तो फैसला करना चाहते है।

मैं तो अभी आया हू। अक्सर ये लोग कहते है कि भिंडरावाला कांग्रेस की पैदावार है। मैं अपने दोस्तों से कहता हूं कि अगर वह कांग्रेस की पैदावार है तो उसे कांग्रेस के हवाले करो, हम उससे डील करना चाहते है और हम करेंगे।

इसलिए आखिर मे मैं यही अर्ज करूंगा कि अकालियों की कोई डिमांड नही है और न वे किसी एक बात पर इकट्ठे है। न वे किसी बात पर फैसला कर सकते है और न फैसला करना चाहते है। वे पावर में वाई वोट नहीं आ सकते है इसलिए वे वाई हुक और क्रुक आना चाहते है।

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN (Badagara): Mr. Chairman, Sir, I hate to enter into any arguments with Shri Bhatia, because he is an old and very dear friend of mind, except to say that I profoundly disagree with everything that he has said on the floor of this House just now.

I share the anquish and concern that has been expressed here on both sides, some with something often being compared to crocodile tears, and some with genuine concern for the future of this country. It is not only that these events of Punjab and Haryana are themselves very important, but also it has a tremendous consequence and grave impact on the future of this country as a secular republic.

The transformation of our nation since independence, a country with a deeply embedded religious traditions and faiths, into a modern secular State is a signal achievement of the leadership of the Indian National Congress, Particularly Mahatma Gandhi, and other progressive and democratic movemens in India. It was achieved, and this edifice built,—one should never forget—at the cost of martyrdom of Mahatma Gandhi, the real Gandhi and the only Mahatma Gandhi.

Above all, these recent events pose a fundamental question, whether we can continue to have faith in the secular conditions and bonafides and also the secular record of this Government, who came to power by saying that the Janata Government had eroded the secular foundation of this country.

Punjab today has become an inferno. It is not just that Peace and law and order have been threatened there, which has been threatened before in many other States, there is nothing new about it, but certain madness seems to have overtaken a section of people who seem to be bent on letting hell loose. They hardly realise what they are doing and its consequences for their own future. This has been deliberately and that is my charge - allowed to be spread to the neighbouring State of Haryana as well. I want to say that this has been deliberately encouraged.

While it is not an occasion to apportion blame, but neither the Prime Minister nor the Government, can abdicate its responsibility at the turn of events. It has been, and it continues to be their responsibility; and of all the deeds and misdeeds of this Government which promised to work, their monumental failure in Punjab, in resolving the issues in Punjab, would stand foremost.

But it is not just a muddle. The question is whether it was a failure deliberately invited, with a design and a purpose. When the Prime Minister spoke, she narrated the various steps that she had taken— and also her spokesmen. The Prime Minister need only thank herself if an impression has grown in this country that she is not particularly concerned to solve this problem

Mr. R. L. Bhatia said that a section of the people in Punjab felt that she was surrendering; another section that they were not solving the problem, and the third section that she was nat willing to talk. To my mind it does, among other things, also reflect a design, and a concern with electoral and dynastic fortunes. It is the suicidal obsession with votes of this group or that sometimes called Sikh votes; sometimes called Hindu votes, or a Hindu blacklash. These are all written and explained—these are directing the course of events. But it is only a drift to the precipice.

Mr. Bhatia said that there was no question of prestige involved. There cannot be any prestige involved. It is not that there were no opportunities for reaching an accord. Can at least the Home Minister honestly say that everything' was done, that could have been done? Or, can he say why did the first phase of the tripartite talks collapse? One would have to do violence to facts to suggest that the first phase of tripartite talks failed because of anybody's intransigence.

My point is that even Mr. Sethi himself, if he had been left to himself, or Mr Venkataraman or Mr. Pranab Mukherji would have solved this problem. It remains a festering sore because of a deliberate act of indecision which has been developed as a matter of style in terms of such policies.

The Akali Dal raised certain demands, what they called in terms of Anandpur Sahib resolution I do not know about the Anandpur Sahib resolution, because I have myself seen at least 3 or 4 versions of it. Some of the Opposition parties had to tell them that they had better sign and give them a copy They signed a copy of the resolution and gave it to us On that basis, we said that it was not a question of Union-State relations. This was a far bigger question, beyond demands of a section of people in a particular State.

There has been an increasing concern and demand for a review of the Constitutional scheme, in terms of relationship between the Union and the States. That is a general demand. Many sections of the Opposition also support this demand. But as far as Akali Dal is concerned, my friend Chiranji Lal Sharma said that Akalis did not represent the Sikhs. He certainly can say so. Nothing is going to dispute this. You can hug your own

[Shri K.P. Unnikrishnan]

illusions. He said Akalis represented certain foreign hands and certain forces. But if anybody represents the Sikh mind to-day, if anybody represents their interests, it is the Akali Dal as much as only other secular party. You cannot run away from facts.

I do not say that other secular parties do not have any concern for the Sikhs. But I also want to say that patriotism is nobody's monopoly; whether it is Sant Longowal or Parkash Singh Badal, they are as patriotic and as democratic as any of us in this House.

SHRI R. L. BHATIA: They burn the Constitution. Are they patriots?

PROF. N. G. RANGA: No.

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN: I will talk about it who burns and what. When the Governor of Punjab, Mr. Pande was asked whether Longowal was behind the violence, he answered—it has been reported in the Press—that he was not. It is a moot question. It is the duty of the Home Minister and the Government of India to answer this question when and how did violence erupt in Punjab and who is responsible for this? Who are Amrik Singh and Sandhu? What have they been doing? I request the government to publish a white paper on violence in Punjab and Haryana What has been going on there for the last two years? It is essential for this House, if we have to consider these facts, it is essential for the country to assess these facts; and they have to publish a white paper on violence in Punjab and Haryana.

It is very clear; it is very well-known who stoked the fire in Punjab; it was not Sant Longowal or Prakash Singh Badal. They can ask themselves, It was the outcome, to begin with, of an inner party struggle in the ruling party in Punjab. The day Darbara Singh took over as Chief Minister it began. Whatever may be the weakness of his administration—I hold no brief for them—or lapses, his crime was his nationalist record. While there were many defenders on the treasury benches for the great cause of Antulay, I did not find any defender for the cause of Darbara Singh; there were defenders, many of them, wheelers and dealers, but not for Darbara Singh and he was sacked unwept, unsung. But did it improve the matter? What is the record of the President's Rule in Punjab? Now the Governor of Punjab—I mean no offence—has made an astonishing claim when he was asked by the Press about his record He says, "Investment climate in Punjab was better" I am quoting from the *Tribune*. He further says, 'The industrial relation in Punjab was good." Then in the end, he agrees and says. "It is regrettable that police has failed to nab anyone connected with daylight robbery and shoots-out in Punjab." This is the record. Then on December 12, January 27 and February 12, this gentleman repeats the same thing. We share the concern exressed by My Bhatia and many others in this House. The number of victims is going up day after day, hour after hour and they are supremely uncertained about it. Do you keep Darbara Singh responsible or who is responsible now? It can only be the Union Home Minister and the Government of India; no one else Except for the repetitive rituals in which the Prime Minister indulges in attacking opposition, today I am happy she took an entirely different approach.

Mr. Bhatia, who talked about foreign hands? None of us. From this very seat, the Prime Minister talked about it first; and Prof. Dandavate stood up and asked her to explain and said that the Governor of Punjab had denied it, she said, some of these officials go by technical definition. Now, what is non-technical definition of a foreign hand? If so, what are facts? This House is entitled to know? I know CIA is capable of producing this kind of facts If that is so, Mr. Bhatia, who are entitled to know, the country is entitled to know which is foreign hand; whether it is of Gen. Zia or CIA?

Which is the foreign hand, whether it is of General Zia or CIA, that is active in Punjab and Haryana? I include Haryana

also because of certain reasons. Why is this Government fighting shy ? If there is a foreign hand, kindly mobilise against this foreign hand. That is insiduous aggression. Therefore, probably the time has come to face this question. How is it we have come to this precipice and how is it that our own Constitution is sought to be subverted, our own secular foundations of our country are sought to be subverted ?

As I said I do not want to go into all the details. I am concluding; I am just concluding, Sir. I want to say something about the events in Haryana. To say tragic is not enough. Even during the days of partition there were no such barbarous attacks on the places of worship of minorities It is a heinous crime. Has it been condemned ? I want to pose a question to those who say here that it is a reaction. It is shameful and disgraceful for anybody to say, and particularly the people of majority community to say that it is a reaction, for those who have to defend the secular foundations, and who are committed to a particular responsibility, included in the Constitution, for the minorities, their property and their places of worship; instead of this instead of upholding these traditions, it is disgraceful for anybody to come and say that this is a reaction, and who is saying this ? Members of the ruling party. We hold no quarter to those who harbour criminal gangs in places of worship We hold no quarter to those who spread secession. We have to oppose them and we have to fight them tooth and nail. And we do not agree with those who say that it will do a lot of good if Article 25 is deleted or amended. I had a opportunity to tell an Akali leader that it is foolish, foolish at least in his personal interests, because he pays income-tax and gets exemption under 'Hindu Undivided Family' : A concept which I have opposed for other reasons in this very House,—because at least to my mind Rs. 500 crores is lost, revenue to that tune is lost, under this concept, this *Golemal* of Hindu Undivided Family. What will happen to some of these Akali leaders if, as they demand, I think they have been driven into, forced into it, this Article is amended or deleted ?

What I am told now is Amreek Singh is now finding another theoretical justification for posing Nanak against Gandhi. Nanak against Gandhi. The greatest exponent of love and Bhakti cult and who contributed a great deal to building up of the mosaic of Indian unity, Guru Nanak against Mahatma Gandhi, the Father of the Nation. But there are, and there will be such people. But they are on the fringe, they are on the lunatic fringe, but to say that they reflect the Sikh minds is a travesty of truth.

Therefore, Sir, where do we go from here ? We have to build bridges of understanding and goodwill. It cannot be done by talking about these reactions. It can only be done by return to the path of negotiations, political dialogue and in this process of dialogue nobody can take the initiative other than the Prime Minister herself.

MR CHINTAMANI PANIGRAHI : Dr. Karan Singh.

DR. KARAN SINGH (Udhampur) : Mr. Chairman, Sir, the events in the Punjab over the last two years and especially in the last few months have been the cause of the gravest concern and deapest distress to the entire nation. I have been travelling extensively in the country, and throughout the length and breadth of India, people are against at what is happening there. The prolonged and terror under which the people of the Punjab lived for two years and still live, under which the minority community in the Punjab—particularly the Hindus are in a minority there—lives, and the way in which the liquidation over the last two years has constantly been going on, finally exploded into communal violence that has spilled over into Haryana. This is a situation which has gravely weakened the age-old ties between the Hindus and the Sikhs, the historic family ties between the Hindus and the Sikhs.

Without entering into a long and tortuous history of this thing or apportioning blame, I would submit for the consi-

[Dr. Karan Singh]

deration of the House and particularly the hon. Home Minister that there are three major issues at stake. The first issue is national security. Punjab and Jammu & Kashmir are the most strategic and sensitive States of the Union. These are the States which bear the brunt of the attack whenever it happens ever since 1947 and any prolonged instability, any prolonged trouble in these States is bound to gravely jeopardise our national security, particularly when Pakistan is being armed to the teeth with the most lethal weapons and the super-powers are virtually at our doorsteps. Therefore, the first problem that is posed by this Punjab question is the question of national security. This is something we must understand. It is not simply a localised problem. It is not simply a Centre-State problem. It is a problem of national security.

Secondly, it is a problem of national integration. After the trauma of partition 37 years ago the nation is settling down despite diversity of religion, language and political parties. But any weakening of this national integration can have disastrous results. I remember, and many in the House remember, that when the slogan of Pakistan was first raised it was dismissed as an absurdity. And yet in our own life-time we have seen what happened we have been through millions of people uprootrd, the greatest mass migration in the history of the human race. Today it is possible to dismiss Khalistan as some kind of an absurdity. But this is how this virus begins. If this virus is not nipped in the bud, our whole national integration can be in danger. Let us not forget the history of India for the last 1000 years. Let us remember that the moment we become weak, if our national security is in danger, national integration is also in danger. That is the second problem that is at stake in the Punjab.

The third problem is the question of democracy itself. As has been pointed out by many of the speakers there may be genuine differences of opinion. How are they to be settled? Are they going to be settled by elections, by discussions and negotiations? Or are they going to be settled by direct action? I must say that I have very high regard for Sardar Parkash Singh Badal. He was my personal friend, he is one. I was shocked when I saw in the newspapers—I was in Varanasi over the weekened—a photograph of Sardar Parkash Singh Badal, the most sensible of all the leaders there if I may say so, burning a copy of the Constitution. What is happening to our nation? Have we taken leave of our senses? If there is to be any difference, you can demand a fresh election, demand some kind of a discussion But this sort of action in dishonouring the Constitution is a disgrace. And once this sort of a thing is accepted, the very structure of our democracy can be weakened. Let us not forget this.

Therefore, three things are involved—national security, national Integration and democracy itself. I would submit very briefly what is it that needs to be done. Firstly, with regard to security, national security must be strengthened. The armed forces, the para military forces and the State administration in the Punjab which is now directly under you Sir, has got to be strengthened, has got to be geared up. You have got to re-establish law and order. The people of the Punjab have got to feel that their lives and property are safe. I know I have friends and relatives in the Punjab. They say: We go in the morning to the factory, but we are not sure whether we are going to come back again.

22.24 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*].

People are living in fear and terror. The first thing that has to be done in national security is the armed forces, which I am sure—I was visiting the border areas only 15 days ago—are ready. We must take no chances. I do not want to get involved in the remifications of this issue. I live on the mouth of the volcano, and I have myself seen how over the last 35 years seemingly

small incidents immediately escalate and snowball inio a major crisis. I remember in 1965 a few people entered Kashmir and suddenly, before we know what was happening there 0,000 people knocking at the gates of Srinagar. I am not suggesting a parallel, but I am saying for national security re-establish law and order.

Secondly, I will say about Hindu-Sikh brotherhood. Let me tell you that for five generations my family has had the closest connections with the Sikhs as everybody in Punjab will know. In fact, our family owes its meteoric rise to the Sikhs We cannot forget our bonds of friendship with the Sikhs. But, Sir, please do not under-estimate the sort of damage that is doing done. I am talking not from Delhi only. I have been travelling to your State, I was in Madras and Salem, I was in Varanasi, I was in Udaipur also. I have seen the amount of damage that is being done to the image of the Sikhs. I agree with my friend Gen. Rajinder Singh Sparrow that the Sikhs are the most patriot community. Their services to this nation, whether in the armed forces or elsewhere are unparalleled. But today as a result of this misguided agitation, whether we like to admit it or not, throughout the length and breadth of this country Sikhs are beginning to be looked upon as suspect. It is a tragedy of great dimensions, let us not under-estimate it. In the next four or five years the effects of this will become visible if it is not reversed in time. Therefore, attempts must be made to strengthen Hindi-Sikh brotherhood and all right minded people must cooperate in this. I can tell you on my own behalf and an behalf of the organisation with which I am connected that we have gone out of our way to try and heal the breach. I am prepard to do whether may be necessary to try and heal the breach between the Sikhs and the Hindus. The breach is there, it is growing every day whether we like to admit it or not.

Thirdly, the talks must be restarted. I entirely agree that in a democracy in the ultimate analysis you have got to solve this problem by negotiations, by talks—triparties talks if the Opposition is willing, otherwise bilateral talks. Whether it is, it must be restarted and within a reasonable period some settlement must be clinched. You cannot allow this issue to go on and to go on like indefinitely. It is having a corrosive effect upon the very fabric of national unity. The present drift must stop. The Prime Mininster is not here, otherwise I was going to say that a large number of people, the whole nation, whether it is the Opposition or whether it is the Congressmen or whether it is the common man, they are expecting the Prime Minister to rise to the occasion and somehow solve this problem. I heard her intervention. Whatever differences you may have with her, with her policies, nobody doubts her courage and her capacity to solve problem if she decides to do so So, she must break out the present impasse, she must take the initiative. Let her take a bold step. Unlike Prof. Chakraborty, I am a believer in the divine force, and my prayer is that at this critical juncture when the whole nation is in turmoil and in danger, the Prime Minister should rise to the occasion. She should develop the wisdom, the courage and the compassion to cut this Gordian knot to solve this problem before further disaster ensues.

SHRI A. K. ROY (Dhanbad) : Mr. Deputy Speaker Sir.........(*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : Hon. Member from the ruling party are not pressing, they have withdrawn. Therefore, I would request one or two speakers who are there to restrict their time so that the Minister can reply at least at 8.45 p.m.

SHRI A.K. ROY : Sir, very few points are left........(*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : You always speak such of those points which have not been touched by other people I know that.

SHRI A.K. ROY : That is why I am repeating that very few new points are left so, your restriction of time is only helping me. I am not that competent also to speak on this subject because I have seen the mysterious Akali elements in the last Parliament from a distance and also more mysterious Congress (I) elements in Haryana.

The happening in Punjab is no ground for the incidents in Haryana. We want to reiterate that, as many other hon. Member have done.

We, the political people, are becoming cowards. Member of Parliament are becoming hon. cowards. So, we are afraid to call a spade a spade.

AN HON. MEMBER : It is unparliamentary.

MR. DEPUTY SPEAKER : He said "becoming", he has not said that they are cowards.

